चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 57, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 6 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : पृथ्वी की खराब बल्लेबाजी से नाराज हुए सहवाग

अन्दर : राजा को कोई फर्क नहीं पड़ता

# नेताओं के लिए अलग कानून नहीं: एससी

## सीबीआई-ईडी के खिलाफ विपक्षी दलों की अर्जी खारिज, लगा बड़ा झटका

**फैसला**

**विपक्षी दलों ने कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद अपनी याचिका वापस ली**

**जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा-संसद में अपनी चिंताओं को उठा सकते हैं**

**नई दिल्ली।** सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल को लेकर 14 विपक्षी दलों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि राजनेताओं के लिए अलग से गाइडलाइन नहीं बनाई जा सकती। विपक्षी दलों ने कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद अपनी याचिका वापस ले ली।

सीजेआई ने यह भी कहा कि जब आप ये कहते हैं विपक्ष का महत्व कम हो रहा है तो इसका इलाज राजनीति में ही है, कोर्ट में नहीं। सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के लिए तथ्यों के अभाव में सामान्य गाइडलाइन जारी करना खतरनाक होगा। बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर सीबीआई और ईडी के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाया था। याचिका में इन दलों ने गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत को लेकर नई गाइडलाइन जारी करने की मांग की थी।

विपक्षी दलों की तरफ से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील पेश की। सिंघवी ने कहा कि साल 2013-14 से लेकर 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600% की वृद्धि हुई है। ईडी ने 121 नेताओं की जांच की, जिनमें से 95% विपक्षी दलों से हैं। वहीं सीबीआई ने 124 नेताओं की जांच की, जिसमें से 95% से अधिक विपक्षी दलों से हैं।



इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा, क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या यह बचाव का कारण हो सकता है? कोर्ट ने कहा कि एक राजनीतिक दल का नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने याचिका की वैधता और व्यावहारिकता पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने सिंघवी से पूछा कि क्या वह जांच और केस से विपक्षी दलों के लिए सुरक्षा की मांग कर रहे हैं? क्या उनके पास नागरिक के रूप में कोई विशेष अधिकार है? सिंघवी ने स्पष्ट किया कि वह विपक्षी नेताओं के लिए कोई सुरक्षा या छूट नहीं मांग रहे, बल्कि केवल कानून की निष्पक्षता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष को कमजोर और डराने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और यह लोकतंत्र और कानून के शासन के लिए नुकसानदेह है। सरकार कोर्ट द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट' का भी उल्लंघन कर रही है। यानी किसी की गिरफ्तारी के लिए वजह, जरूरत और अपराध के अनुरूप सजा को ध्यान में रखना। हालांकि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ सिंघवी के तर्कों से सहमत नहीं हुए और कहा कि आपकी याचिका पूरी तरह राजनेताओं के लिए ही है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिका में आम नागरिकों के अधिकारों और हितों को ध्यान में नहीं रखा गया है। याचिका में ऐसा नहीं लगता कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई से आम नागरिक कहीं प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सिंघवी संसद में अपनी चिंताओं को उठा सकते हैं। इसके बाद सिंघवी ने याचिका वापस लेने का फैसला किया और कहा कि सत्ता के दुरुपयोग को लेकर जब उनके पास मजबूत तथ्य सामने आएंगे तो वे फिर कोर्ट आएंगे।

### क्या थी 14 विपक्षी दलों की याचिका

गिरफ्तारी व रिमांड के लिए सीबीआई व ईडी अधिकारी ट्रिपल टेस्ट का इस्तेमाल करें। कोर्ट गंभीर शारीरिक हिंसा छोड़ अन्य अपराधों में गिरफ्तारी पर रोक लगाए। अगर आरोपी तय शर्तों का पालन नहीं करता है तो उन्हें कुछ घंटों की पूछताछ या फिर हाउस अरेस्ट की अनुमति ही दी जानी चाहिए। जमानत एक अपवाद वाले सिद्धांत का पालन अदालतों द्वारा एऊव उइकके केसों में भी किया जाना चाहिए। जहां पर ट्रिपल टेस्ट का पालन किया गया है, वहां पर जमानत से इनकार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाने वाले विपक्षी दलों में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आरजेडी, बीआरएस, आम आदमी पार्टी, एनसीपी, शिवसेना, (यूटीबी), जेएमएम, जेडीयू, सीपीआई(एम), सीपीआई, समाजवादी पार्टी और जम्मू-कश्मीर नेशनल कांग्रेस का नाम शामिल थे।

# पेपर लीक में तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष अरेस्ट

**कदम**

**बंदी संजय कुमार को आधी रात घर से उठाकर ले गई पुलिस**

**प्रधानमंत्री के दौरे से तीन दिन पहले गिरफ्तारी**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में एसएससी बोर्ड का पर्चा लीक मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय को पुलिस ने मंगलवार आधी रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस करीमनगर स्थित उनके आवास पर पहुंची और उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले गई। इस दौरान भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति भी बनी।

पुलिस बंदी संजय को पहले यद्रादी भुवनगिरी जिले के बोम्माला रामाराम पुलिस स्टेशन ले गई। भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक पुलिस कार्रवाई का विरोध करने यहां भी बड़ी संख्या में पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने संजय को बुधवार सुबह करीब 11 बजे जनगांव जिले के पालाकुर्थी में मेडिकल एग्जाम के लिए ले गई। उन्हें बुधवार को ही वारंगल कोर्ट में पेश किया जाएगा। बंदी संजय के खिलाफ करीमनगर और वारंगल में दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। ये दोनों एफआईआर भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामे और छात्रों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाने के आरोप में की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, 4 अप्रैल



को वारंगल में राज्य में सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड के हिंदी का एग्जाम शुरू होने के कुछ ही देर में पेपर लीक हो गया था। पूर्व जर्नलिस्ट और मौजूदा भाजपा कार्यकर्ता भूराम प्रशांत ने इस पेपर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सकुर्लेट कर दीं। इस केस में मुख्य आरोपी का भाजपा से कनेक्शन होने के कारण पुलिस ने बंदी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है।

# शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर सुनवाई टली

**कोर्ट नाराज**

**जवाब दाखिल नहीं करने पर हाईकोर्ट ने एएसआई के अधिकारियों को लगाई फटकार**

**एएसआई ने अभी तक नहीं दाखिल किया जवाब**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी केस में शिवलिंग की कार्बन डेटिंग केस की सुनवाई बुधवार को भी नहीं हो सकी। शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच के मामले में हाईकोर्ट ने अरक को 20 मार्च को हुई सुनवाई में जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका दिया था। जस्टिस अरविंद कुमार मिश्र की एकल पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। बुधवार को भी एएसआई के अधिकारियों ने जब जवाब दाखिल नहीं किया तो हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। पिछली सुनवाई में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कोर्ट ने पूछा था कि क्या शिवलिंग को नुक्सान पहुंचाए बिना कार्बन डेटिंग जांच की जा सकती है? याची अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि इस जांच से शिवलिंग की आयु का पता चल सकेगा पर अभी तक एएसआई ने हाईकोर्ट में कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। इसपर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए जवाब दाखिल करने का एएसआई को अंतिम मौका दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 20 मार्च को को एएसआई से फिर पूछा कि क्या बिना नुकसान पहुंचाए कार्बन डेटिंग जांच की जा सकती है? 16मई 2022 की कमीशन कार्यवाही के दौरान मिले कथित शिवलिंग का साइंटिफिक सर्वे एएसआई से कराए जाने की मांग को



लेकर दाखिल वाद जिला अदालत वाराणसी ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट कर रही है। ऐसे में सिविल कोर्ट को आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। जिला जज वाराणसी के 14 अक्टूबर 2022 को कार्बन डेटिंग की मांग वाली अर्जी खारिज करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से यह सिविल रिवीजन दाखिल की गई है। अगली सुनवाई 5 अप्रैल यानी आज होनी है।

# ईडी केस में भी मनीष को 17 अप्रैल तक जेल

**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो केस दर्ज किया है उसमें अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के बाद उन्हें 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि ईडी द्वारा दर्ज मामले में आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है। इससे पहले अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में भी मनीष सिसोदिया को 17 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा हुआ है। ऐसे में अब उनका 17 अप्रैल से पहले जेल से बाहर आ पाना मुश्किल है। मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन ने अदालत में दलीलें रखते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया और उनके परिवार के अकाउंट में एक भी पैसा नहीं आया है। ईडी ने उनके घर पर छापा भी मारा था और बैंक अकाउंट भी चेक किया था।

# सीएम योगी ने बांटे नियुक्ति पत्र

**उपहार**

**यूपी को मिले 795 अफसर, बोले सीएम-अब मुन्नाभाई पहले ही पकड़ लिए जाते हैं**

**आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है**

**लखनऊ।** मिशन रोजगार के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अलग-अलग विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस तरह यूपी को 795 नए अफसर मिले हैं। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि पहले भर्तियों में भ्रष्टाचार इस कदर था कि जो योग्य नहीं था, वो आयोग का अध्यक्ष होता था। आज उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है, जहां परीक्षा के पहले ही मुन्नाभाई जैसे सॉल्वर उठा लिए जाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आप सभी चयनित युवा कार्मिकों का अभिनंदन करता हूं। उत्तर प्रदेश मे कार्य करना एक गौरव की बात है, ये माना जाता है, जिसने यहां कार्य किया। वह देश में कही भी कार्य कर सकता है, ये कार्मिक की धारणा है। उत्तर प्रदेश में शासन की नीतियों के आधार पर कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी होती है। शासन की छवि कार्मिकों के आचरण से ही मजबूत होती है।



उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने केंद्र और राज्य के योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतारने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य किया। इससे उत्तर प्रदेश के विकास की गति तेज हुई। आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। उत्तर प्रदेश आज उदाहरण है। आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि आपने इस सरकार के समय आवेदन किया। कोई सिफारिश नहीं करनी पड़ी। आज आपको नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति विभाग ने आपको कॉल करके बुलाया। अगर शासन की नियत मे खोट हो, भ्रष्टाचार का बोलबाला हो तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमने जब 2017 मे शासन संभाला तब सरकारी पद खाली पड़े थे। एक लाख 64 हजार पुलिसकर्मी की भर्ती हुई। सपा शासन में ढअउ की 54 कंपनियां खत्म कर दी गयी थी।

# किसान-मजदूरों ने निकाली संघर्ष रैली

**नई दिल्ली।** केंद्र की नीतियों के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में संघर्ष रैली का आयोजन किया गया। यहां देश के अलग-अलग राज्यों से आए किसान और मजदूर संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। रैली में बड़ी संख्या में देश के अलग-अलग राज्यों से किसान और मजदूर पहुंच रहे हैं। रैली का आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने संयुक्त रूप से किया है। इस रैली में देशभर से आए किसान, मजदूर और खेत मजदूरों के साथ आशा, आंगनवाड़ी और मनरेगा वर्कर्स मौजूद हैं। इस प्रदर्शन को देखते हुए एआईकेएस मोर्चा की तरफ से कहा जा रहा है कि हमारा सवाल देश की नरेंद्र मोदी सरकार से है कि दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि आखिर वह नौकरी कहां गईं और कितने लोगों को नौकरी दी गई है। मोर्चा ने कहा है कि आज देश में दिहाड़ी मजदूरों का एक बड़ा मुद्दा भी है।







## मार्शल ने भाजपा विधायक को टांगकर बाहर किया

पटना। बिहार में हिंसा को लेकर विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा को 5 मार्शलों ने टांगकर सदन से बाहर निकाला। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है। रामनवमी के दौरान हुई हिंसा को लेकर बुधवार को ये विधायक सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांग रहे थे। स्पीकर ने उन्हें 2-3 बार बैठने को कहा। जब वे नहीं माने तो स्पीकर ने मार्शल बुलाकर विधायक जीवेश मिश्रा को बाहर निकालने का आदेश दे दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो स्पीकर ने समापन भाषण देकर उसे अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया।

# 12वीं की किताब से 'गांधी की हिन्दू-मुस्लिम एकता' और 'आरएसएस पर बैन' के अंश हटे

**बदलाव**

**एनसीआरटी ने कहा, किसी तरह की काट-छांट नहीं**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की नए शैक्षणिक सत्र के लिए 12वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में कुछ बदलाव हुआ है। इसमें 'महात्मा गांधी की मौत का देश की संप्रदायिक स्थिति पर प्रभाव और गांधी की हिन्दू मुस्लिम एकता की अवधारणा ने हिन्दू कट्टरपंथियों को उकसाया' जैसे अंश नहीं हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे संगठनों पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध सहित कई पाठ्य अंश को भी हटा दिया गया है। एनसीईआरटी ने हालांकि यह दावा किया है कि इस वर्ष पाठ्यक्रम में



कोई काटछांट नहीं की गई है और पाठ्यक्रम को पिछले वर्ष जून में युक्तिसंगत बनाया गया था। पिछले वर्ष पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने और कुछ अंशों के अप्रसांगिक होने के आधार पर एनसीईआरटी ने गुजरात दंगों, मुगल दरबार, आपातकाल, शीत युद्ध, नक्सल आंदोलन आदि के कुछ अंशों को पाठ्यपुस्तक से हटा दिया था। पाठ्यपुस्तक को युक्तिसंगत बनाने के नोट में महात्मा गांधी के अंश के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने कहा, पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने की कवायद पिछले वर्ष की गई और इस वर्ष जो कुछ हुआ है.। वह नया नहीं है। उन्होंने हालांकि बिना घोषणा के युक्तिसंगत बनाने की कवायद के परिणामस्वरूप हटाये गए अंशों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। एनसीईआरटी की वेबसाइट पर एक नोट में कहा गया है, कोविड-19 महामारी के मद्देनजर यह महसूस किया गया कि छात्रों पर पाठ्यसामग्री के बोझ को कम किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पाठ्य सामग्री के बोझ को कम करने और रचनात्मक सोच का उपयोग करके अनुभव के आधार पर सीखने पर जोर दिया गया है।

## आज विपक्षी दलों का संसद भवन से विजय चौक तक मार्च

**नई दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने को लेकर बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्षी दल संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी विपक्षी दल गुरुवार को संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च करने वाले हैं, और अनुमति मिली तब कांस्टीट्यूशन क्लब में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कांग्रेस सत्र शुरू होने के दिन से ही अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग को लेकर सरकार पर हमलावर है। गुरुवार को संसद सत्र का आखिरी दिन है। विपक्षी एकजुटता दिखाने के लिए मोदी सरकार की नीतियों के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराने के लिए तमाम विपक्षी दलों के नेता संसद से विजय चौक तक मार्च निकालने वाले हैं। एक ओर विपक्ष दल एकजुट होकर मोदी सरकार से अडानी मामले पर जेपीसी के गठन की मांग कर रहे हैं।

# हनुमान जयंती पर केंद्र की राज्यों को एडवाइजरी

**दिये निर्देश**

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा-बंगाल सरकार केंद्र से फोर्स मांगे**

**केंद्र भी राज्य सरकार की मांग पर तत्काल कदम उठाए**

**रामनवमी पर बंगाल समेत 5 राज्यों में हिंसा हुई थी, 5 दिन तक तनाव रहा**

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में रामनवमी पर हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि हनुमान जयंती पर शांति बनी रहे, इसके लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखें। हर ऐसी चीज पर नजर रखें, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। हनुमान जयंती 6 अप्रैल को है। उधर, कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी मंगलवार को बंगाल सरकार को इसी सिलसिले में निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा- अगर आपके पास पुलिस कम है तो आप केंद्र से फोर्स मांगिए। और केंद्र सरकार भी तुरंत आपकी अपील पर कदम उठाए। हमें लोगों की सुरक्षा करनी है। कोर्ट ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोई भी राजनीतिक शख्सियत या कोई नेता या आम आदमी गुरुवार को मनाए जाने वाले त्योहार को लेकर जनता या मीडिया के सामने कोई बयान नहीं देगा। कोर्ट ने राम नवमी पर हुई हिंसा का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- आप कह रहे हैं कि कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। हमारे पास कुछ जजों के खत आए हैं। उन्होंने कहा कि उनके घरों के पास दंगा हो रहा है। तब क्या होगा, जब ऐसा ही माहौल कोर्ट परिसर के भीतर भी हो जाए। कुछ तो करना होगा। आप शोभायात्रा के रास्तों पर बैरिकेड्स लगाइए। पुलिस शांति मार्च निकाल सकती है ताकि लोगों को यह लगे कि वह सुरक्षित हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट में शिबपुर और रिशरा में हुई हिंसा पर एक रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि हनुमान जयंती के मद्देनजर राज्य में शांति बनाए रखने के लिए वह क्या कदम उठा रही है। 30 मार्च को रामनवमी पर पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हिंसा हुई थी। इसके बाद 3 दिनों तक इन राज्यों के कुछ इलाकों में तनाव बना रहा था। इन राज्यों में 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए थे। सबसे ज्यादा बिहार और बंगाल प्रभावित हुआ।



### दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के जुलूस पर रोक

दिल्ली में हनुमान जयंती से एक दिन पहले पुलिस ने जहांगीर पुरी में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने 6 अप्रैल को हनुमान जयंती पर जहांगीरपुरी इलाके में जुलूस निकालने के लिए विश्व हिंदू परिषद और एक अन्य समूह को अनुमति देने से इनकार कर दिया।

# शिक्षा पर 700 करोड़ से ज्यादा खर्च करेगी योगी सरकार

**कार्ययोजना**

**स्कूलों को सौर पैनलों, स्मार्ट वेस्ट प्रबंधन और ग्रीन स्कूल के तौर पर विकसित करेंगे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आगामी तीन माह में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 750 करोड़ से ज्यादा के बजट पर खर्च की कार्ययोजना बनाई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ये राशि इन तीनों ही विभागों में पहले से जारी या नई योजनाओं पर खर्च की जाएगी। इनमें कई योजनाएं केंद्र द्वारा प्रायोजित हैं, जिन पर केंद्र सरकार द्वारा बजट की किस्त जारी होने और प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद व्यय किया जाएगा। उन्होने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 121 करोड़ रुपए के बजट व्यय की कार्ययोजना बनाई है तो उच्च शिक्षा विभाग ने 20 करोड़ से अधिक राशि के खर्च की कार्ययोजना प्रस्तुत की है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 600 करोड़ से ज्यादा के बजट की प्राप्ति के आधार पर व्यय का अनुमान जताया है।

सूत्रों के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग को पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार से 510 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त होना है। विभाग ने शुरूआती तीन माह में इस योजना के अंतर्गत 76.10 करोड़ की धनराशि व्यय करने की कार्ययोजना बनाई है। पीएम श्री के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के तहत देश भर के लगभग 14,500 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने की योजना है। स्कूलों को सौर पैनलों, स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ग्रीन स्कूल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विभाग को 300 करोड़ का बजट प्राप्त होना है। विभाग की ओर से इस योजना पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का प्लान है। इस योजना में केंद्र सरकार नेशनल लाइब्रेरी बनाएगी और राज्यों को वार्ड और पंचायत लेवल पर बच्चों तक इसकी पहुंच के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रेरित करेगी।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की बात करें तो पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत 390 करोड़ का बजट मिलना प्रस्तावित है। यह केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना है जिस पर व्यय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना एवं आवंटित बजट के



द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस्ड स्कूलों में अध्ययनरत एक अभिभावक की दूसरी पुत्री की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए विभाग को 5 करोड़ के बजट का प्रस्ताव है। विभाग इस योजना के तहत शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति के बाद जनपदों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर अप्रैल के लिए 1.39 करोड़ का आवंटन किया जाएगा। चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 237 करोड़ के बजट का प्रावधान है, जिस पर विभाग ने कहा है कि केंद्रांश की प्रथम किस्त जून 2023 में प्राप्त होने की संभावना है जिसके बाद शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के लिए क्रमशः 5 और एक करोड़ के बजट पर व्यय का विवरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने भी आगामी तीन माह के लिए बजट व्यय की कार्ययोजना प्रस्तुत की है। इसके अंतर्गत स्किल हब की स्थापना के लिए 2.10 करोड़ के बजट का प्रावधान है। विभाग इसके लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद व आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। इस योजना के माध्यम से सरकार स्कूल छोड़ चुके छात्र-छात्राओं के लिए व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने और स्कूल के बाद तथा सप्ताहिक अवकाश के दिन स्किल ट्रेनिंग के शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स कराएगी। उच्च शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन पर 2 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना पर 10 करोड़ रुपए, वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 5 करोड़ रुपए और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्किल हब पर एक करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। कुल मिलाकर उच्च शिक्षा विभाग आगामी तीन माह में 20.1 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय करेगा।

## संक्षेप

### फर्जी कंपनी बनाकर 13 लाख रुपए हड़पे

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के चौखंडी गांव निवासी सुदामा देवी को पैसा डबल करने की बात कहकर 13 लाख का चूना लगाया। महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। सुदामा देवी की माने तो हाथी बाजार निवासी विजय कुमार विश्वास ने 2015 फ्यूचर लाइफ डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनायी थी और इसमें निवेश करने पर पैसा डबल कर के देने की बात कही। सुदामा ने 13 लाख उक्त कंपनी में लगाया। जालसाज ने उन्हें फर्जी बांड पकड़ा दिया। समय पूरा होने पर जब उन्होंने पैसा मांगा तो टाल मटोल करने लगा। हद तो तब हो गयी जब उसने पैसा देने से साफ इनकार कर दिया और धमकी भी देने लगा। महिला ने जंसा पुलिस को मामले से अवगत कराया साथ ही रपट दर्ज करायी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर –मंगारी रोड पर बुधवार को दोपहर में कार के धक्के से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन यहां उसे मृत घोषित कर दिया। ऐसे में कार सवार युवक को सड़क किनारे छोड़कर भाग निकले। जानकारी के अनुसार मंगारी के समीप विपरीत दिशा से आ रही कार ने बड़ागांव थाना क्षेत्र के इंद्रावर बीरापट्टी निवासी बाइक सवार मुकेश कुमार पांडेय को टक्कर मार दी। वह अचेत होकर सड़क गिर गया। आसपास के लोगों के विरोध जताने पर कार सवार ने उसे बाबतपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर आया। यहां चिकित्सकों जांच के बाद मुकेश को मृत घोषित कर दिया। कार सवार ने मुकेश को शहर में इलाज करान की बात कहकर साथ लेकर निकले और रास्ते में उसे छोड़कर भाग निकले। मौके पर पहुची फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पीएम के लिए भिजवाया। मुकेश दो भाईयों में सबसे बड़ा था। पिता सतीश पांडेय का निधन हो चुका है। घटना के बाद पत्नी नीतू का रोकर हाल बेहाल है।

### चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** लंका पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर वाहन चोरों को सामने घाट से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वाहन चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने बीएचयू ट्रामा सेंटर वाहन स्टैंड में खड़ी चोरी की चार बाइक बरामद की और आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मीरजापुर जनपद के भदावल जमालपुर का रहने वाला अरुण कुमार श्रीवास्तव और बहुआर जमालपुर का रहने वाला राजन सिंह लंका सहित अन्य इलाकों से वाहन चोरी की घटना को अंजाम देते और बाइक को मीरजापुर लेकर चले जाते थे यहां कम दाम पर ठिकाने लगा देते थे। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद सामने घाट इलाके में घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और पूछताछ में सामने आया कि ये दोनों शातिर चोर हैं और बीएचयू ट्रामा सेंटर से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। निशानदेही पर दो बाइक बरामद हुई।

### अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था ने की बैठक

**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ0 एस चन्नप्पा ने बुधवार को मातहतों संग पुष्कर मेले के दौरान सुरक्षा, यातायात और कानून एवं व्यवस्था को लेकर बैठक की। बैठक में पुलिस उपायुक्त काशी जोन, अपर पुलिस उपायुक्त काशी यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेघ, भेलूपुर और कोतवाली अभिसूचना सहित अन्य अधिकारी एवं सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे। डॉ. चन्नप्पा ने पुष्कर मेले के सम्बन्ध में विस्तृत की और मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में यातायात, भीड़ प्रबन्धन, बैरिकेटिंग, श्रद्धालुओं के ठहरने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया।

### ट्रक का तिरपाल काटकर 85 पेटी मोबिल चोरी

**रोहनिया।** रोहनिया थानाक्षेत्र के मोहन सराय चौकी के समीप मॉडल शॉप के पास खड़े का तिरपाल काटकर 85 पेटी मोबिल चोरी के मामले में रोहनिया पुलिस ने चालक रमेश चौधरी निवासी जीतपुर बनकटवा मोतिहारी बिहार की तहरीर पर रपट दर्ज की। रमेश ने बताया कि ट्रांसपोर्ट से औरंगाबाद के लिए माल लोड कर के निकला था और एक अप्रैल को मोहनसराय पहुंचा रात ज्यादा हो जाने के कारण गाड़ी खड़ी करके खाना खाकर सो गया था और जब दूसरे दिन 2 अप्रैल की सुबह सात बजे सो कर उठा तो देखा कि तिरपाल कटा हुआ था और 85 पेटी मोबिल चोरी हो गयी थी।

### पूर्व सैनिक बंधुओं की बैठक 21 को

**वाराणसी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में आगामी 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला सैनिक कल्याण बंधु की बैठक डीएम की अध्यक्षता में होगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं दिवंगत सैनिकों की पत्नियां भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान या अन्य कोई समस्याएं उस बैठक में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें संबंधित समस्या से जुड़ा आवेदन-पत्र आगामी 19 अप्रैल तक कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित विभागीय कार्यालय में आकर जमा करना होगा।

### बगल में बैठने को लेकर पीटा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी मानपुर गांव निवासी सुभाष सोनकर ने मंगलवार रात अपने ही गांव के एक नामजद सहित तीन अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। सुभाष का आरोप है कि 2 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बैठा था तभी इस दौरान छतेरी मानपुर गांव निवासी रविशंकर तिवारी व तीन अज्ञात लोगों के साथ आए और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारना पीटना शुरु कर दिया। बचाव में आयी पत्नी के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस रपट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

### बिजली का तार टूट कर खेत में गिरा, गेहूं स्वाहा

**मुनारी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के हड़ियाडीह गांव में बिजली का तार टूट कर खेत में गिरने से राजेंद्र मौर्य का 10 बिस्वा गेहूं ,मड़ई और बाइक जलकर राख हो गयी। आग बुझाने का ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया लेकिन तेज हवा के कारण 10 मिनट के अंदर सब जलकर राख हो गया । राजेंद्र मौर्य ने बताया कि गेहूं कटाई के सीजन में कम से कम एक फायर ब्रिगेड की दमकल चौबेपुर क्षेत्र में तैनात किया जाना चाहिए ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

### पर्स चोरी करने के मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के श्री राम नगर कॉलोनी मैं ब्यूटी पार्लर की दुकान संचालिका ममता शर्मा का 13 फरवरी को एक महिला ग्राहक बनकर दुकान में घुसी और पर्स लेकर निकल गय। पर्स में छह हजार था। पर्स में महिला की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

# फिल्मी स्टाइल में हुआ अपहरण

जनसंदेश न्यूज

**किया अगवा**

**जान पहचान के चार लोग महिला को ले गये साथ, मुकदमा दर्ज**

**महिला की मां को सड़क दुर्घटना में घायल होने की बात कहकर लिया विश्वास में**

**पति अपने पिता के साथ पहुंचा अस्पताल तो पता चला यहां कोई नहीं आया**

**चोलापुर।** चोलापुर क्षेत्र से एक विवाहिता के अपहरण का मामला सामने आया। अपहरणकर्ता जान पहचान के हैं। इस मामले में पति ने चार लोगों के खिलाफ चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पति गोविंद की माने तो उसकी पत्नी के जान पहचान के चार लोगों घर आये और कहा कि उनकी मां का सड़क दुघर्टना में घायल हो गयीं हैं और साथ में अस्पताल चलना है।

पत्नी चारों के साथ निकल गयी। कुछ देर बाद गोविंद अपने पिता भोला के साथ उस्पताल पहुंचा तो यहां जानकारी मिली कि ऐसी कोई बात नहीं, उसने ससुराल में फोन लगाया तो पता चाला कि सास ठीक हैं और घर पर हैं और पत्नी अभी तक वहां नहीं पहुंची है।

गोसाईपुर मोहांव निवासी गोविंद राजभर की शादी मुनारी गांव निवासी माला के साथ साल 2021 में हुई थी। 31 मार्च की शाम 6:30 बजे मुनारी गांव के भाई गोलू व करिया, मुकेश और सुरेश उसके घर आए। चारों ने कहा कि माला की मां का सड़क दुर्घटना में घायल हो गयी हैं, माला को तुरंत हॉस्पिटल चलना है। गोविंद ने बताया कि चारों को जानने-पहचानने के कारण वह अपनी पत्नी को उनके साथ भेज दिया।

इसके बाद वह भी अपने पिता भोला के साथ चारों द्वारा बताए गए छित्तमपुर स्थित अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में पता लगा कि माला की माताजी आई ही नहीं थी। इसके बाद ससुराल जाकर पता किया तो पता लगा कि उसकी सास स्वस्थ हैं।

इसके बाद पत्नी की खोजबीन शुरु हुई। लेकिन उसका पता नहीं चला। पति गोविंद चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

## गायब युवती के मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज

**पिंडरा।** फूलपुर थाने से पुलिस की अभिरक्षा से फरार हुई युवती के बाबत मंगलवार की रात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसके जांच जुट गयी है। वहीं परिजन पुलिस के ऊपर सही घटना को छिपाने का आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर से मिलने की बात कही। वही मंगलवार को शाम ग्राम प्रधान के हंगामे के बाद पुलिस हिरासत में लिए लोगों को छोड़ दिया।

29 मार्च को बाबतपुर एयरपोर्ट से रात्रि में बरामद युवती को बाबतपुर चौकी की पुलिस फूलपुर थाने पर पहुंचा दिया। पूछताछ के बाद व परिजनों के आने के बाद भी उसे महिला पुलिस के अभिरक्षा में दे दिया गया। लेकिन वह सुबह आरक्षी के चुंगल से भाग निकली। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा खड़ा किया। पुलिस ने इस मामले में ऑटो चालक समेत पांच लोगों से पूछताछ की और बाद में छोड़ दिया। एसीपी अमित पांडेय ने बताया कि पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।

## विद्युत नियामक आयोग 10 को करेगा जनसुनवाई

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के वित्तीय वर्ष 2021-2022 की टू-अप याचिका, वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक परफॉर्मेंस रिव्यु याचिका तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के सकल राजस्व आवश्यकता/ टैरिफ याचिका पर जनसुनवाई आगामी सोमवार 10 अप्रैल को होगी। यह सुनवाई आयुक्त सभागार में दिन में 11.30 बजे से है। उसमें उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग सुनवाई करेगा। इसके लिए विद्युत उपभोक्ताओं, आमलोगों और अन्य स्टेक होल्डर्स को उस जनसुनवाई में आमंत्रित किया गया है। जनसुनवाई से संबंधित पब्लिक नोटिस तथा अन्य ब्योरा आयोग की वेबसाइट 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. यूपीईआरसी. ओआरजी' एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. पीयूडब्ल्यूएनएल. यूपी.एनआईसी' पर भी उपलब्ध है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खण्ड-बैरिया, बलिया**

पत्रांक। **निविदा सूचना** दिनांक-05.04.2023

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ... SLWM/ ...

06.04.2023 से 10.04.2023 ... 12.04.2023 ... पत्रांक-मेमो/2023-24

अखिलानन्द यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0 पं0-गोपालपुर, वि0 ख0-बैरिया
जनपद-बलिया

आशा देवी
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0-गोपालपुर, वि0 ख0-बैरिया
जनपद-बलिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत खानकाह, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(रामदवर)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. खानकाह, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(प्रमोद कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. खानकाह, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## दो दिन पहले हुई हत्या में मृतक की शिनाख्त

**पहचान मिली**

**मृतक सुनील मौर्य पावरलूम मैकेनिक था**

**रोहनिया।** रोहनिया क्षेत्र के खुलासपुर नहर के पास दो दिन पहले यानी सोमवार मिली लाश की शिनाख्त भरथरा गांव निवासी पावर लूम इंजीनियर सुनील मौर्य (30) के तौर पर हुई। सुनील की गला रेतकर हत्या की गयी थी और शव को खुलासपुर नहर के पास फेका गया था। पुलिस घटना के दिन शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली थी ऐसे में समाचार पत्रों व सोशल मीडिया से मिली सूचना के आधार पर मृतक सुनील के परिजन थाने पहुंचे और शिनाख्त की। आगे की कार्रवाई में शव को मोर्चरी से पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।



रोहनिया थाना क्षेत्र के खुलासपुर गांव में नहर के पास सोमवार की सुबह नहर किनारे खून से लथपथ युवक की लाश मिली थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की और शिनाख्त की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। ऐसे में समाचार पत्रों और सोशल मीडिया से मिली सूचना के आधार पर बुधवार को भरथरा से सुनील के परिजन रोहनिया थाने पहुंचे। युवक के पिता नंदू मौर्य ने सुनील की पहचान अपने बेटे के तौर पर की। पुलिस को बताया कि उनके बेटे की हत्या क्यों की गयी इस बारे में जानकारी नहीं है वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। नंदू मौर्य ने बताया कि पावर लूम मशीन बनाने का काम करता था और उस दिन घर से दोपहर को पैदल ही निकला था।

## गंगा स्नान करते युवक की डूबने से हुई मौत

**हादसा**

**मार्कंडेय महादेव घाट पर नहाने के दौरान हुई घटना**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थानाक्षेत्र के कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव दर्शन पूजन से पहले गंगा स्नान करने पहुंचे युवक की डूबने से मौत हो गयी। मौके पर पहुंच थाना प्रभारी राजीव सिंह और चौकी इंचार्ज काशीनाथ उपाध्याय ने स्थानीय गोताखारों की मदद से शव बरामद किया परिजनों को सूचित कर उनकी मौजूदगी में पंचनामा कर डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



जानकारी के अनुसार खानपुर गाजीपुर के प्रभात विश्वकर्मा उर्फ कल्लू (26) अपने भाई व तीन दोस्तों के साथ कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन करने आया था। प्रभात विश्वकर्मा अपने भाई और दोस्त के साथ दर्शन-पूजन से पहले गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। भाई और दोस्त गंगा में स्नान कर रहे थे कि इसी बीच प्रभात विश्वकर्मा का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। प्रभात के भाई और दोस्त भी उसके पीछे भागे लेकिन गंगा में गहराई के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। भाई विष्णु रतन विश्वकर्मा की सूचना पर चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह व कैथी चौकी प्रभारी काशीनाथ उपाध्याय ने स्थानीय गोताखोरों के साथ दो घंटे बाद शव को बरामद किया। मौके पर पहुंची मृतक की मां व भाई विष्णु रतन विश्वकर्मा का रोकर हाल बेहाल है वहीं मृतक के पिता मुंबई में रहते हैं ऐसे में उनको मामले की जानकारी दी गयी वो भी घर के लिए निकल चुके हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरुद्दीनपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(महेन्द्र यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. खैरुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(संजय यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. खैरुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

# समर सिंह और संजय के खिलाफ लुकआउट नोटिस

जनसंदेश न्यूज

**पुलिस ने कसा शिकंजा**

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री और मॉडल आकांक्षा की आत्महत्या के मामले में नामजद आरोपी समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया।

आत्महत्या के बाद समर और संजय सिंह के खिलाफ आकांक्षा की मां मधु सिंह ने सारनाथ थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आकांक्षा आत्महत्या के दिन समर ने इंस्टाग्राम पर संवेदना व्यक्त की और इसके बाद से ही उसने मोबाइल ऑफ कर लिया। घटना के करीब एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीतने के बाद भी दोनों आरोपी पुलिस से भागते फिर रहे हैं। गिरफ्तारी के लिए कमिश्नरेट पुलिस लगातार दबिश दे रही है लेकिन हाथ नहीं लग रहे। ऐसे में अब दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया।

वहीं दूसरी तरफ आकांक्षा प्रकरण के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कमिश्नरेट पुलिस से ना केवल सवाल पूछा बल्कि ये भी बताया कि आकांक्षा दुबे को जिस बार में पार्टी दी गई थी, वहां भोजन का बिल 11000 रुपये आया था। जबकि पीएम रिपोर्ट में उनके पेट में खाना नहीं पाया गया। जबकि पुलिस ने कहा कि आकांक्षा दुबे शराब पी हुई थीं। लेकिन, आकांक्षा दुबे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऐसी कोई बात नहीं। हां, 20 एमएल का कोई भूरे रंग का लिक्विड टाइप का पदार्थ पेट में पाया गया। आकांक्षा दुबे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी कलाई पर चोट का निशान बताया गया है। जबकि पुलिस ने उसकी मौत दम घुटन की वजह से बताया था। हालांकि आकांक्षा की विसरा को सुरक्षित रखा गया है।

### पुलिस ने लखनऊ और मुंबई में दी दबिश

**सारनाथ।** सारनाथ पिछले दिनों सारनाथ के बुद्धा सिटी कालोनी में सोमेंद्र होटल मे भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव होटल के एक कमरे में लटका हुआ मिला। इस घटना के 10 बीत जाने के बाद भी सारनाथ पुलिस के हाथ खाली है। हालांकि समर और संजय सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस चार टीम लखनऊ और मुंबई में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। साथ ही लुकआउट भी नोटिस जारी किया। सारनाथ पुलिस की चार टीम आजमगढ़, मऊ , गोरखपुर के साथ बिहार में सम्भावित जगहों पर दबिश देकर वापस लौट आयी। वहीं पुलिस की चार टीमें लखनऊ के साथ मुंबई में रह रहे रिश्तेदारों के यहां दबिश दी। थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी है।

### एक देश समान शिक्षा अभियान प्रधानमंत्री को भेजेगा ज्ञापन

**वाराणसी।** माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन की चर्चा के बीच शहर में एक देश समान शिक्षा अभियान से जुड़े कार्यकताओं की बुधवार को तुलसीपुर में आकस्मिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें तय किया गया कि इतिहास के तथ्यों और साहित्य में अनावश्यक छेड़छाड़ किये जाने के खिलाफ प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। कार्यकताओं ने कहा कि इतिहास और साहित्य दोनों विद्यार्थी के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, इसमें अनावश्यक परिवर्तन से युवा दिग्भ्रमित होगा। महाकवि सूर्यकांत निराला को पाठ्यक्रम से हटाकर गुलशन नंदा और मधुशाला पढ़ाने के पीछे तथाकथित शिक्षाविदों का क्या मंतव्य है यह समझ के परे हैं। इसी प्रकार इतिहास के कुछ काल को हटाने से अपने देश की विरासत और नायकों के संघर्ष की अनेक गाथाएं जानने से बच्चे वंचित रह जायें। बैठक में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा के चयनित बच्चों को प्रवेश न दिए जाने पर भी रोष व्यक्त किया गया और कहा गया कि बच्चों को मिले कानूनी अधिकार का ठीक ढंग से अनुपालन किया जाना चाहिए। बैठक में विनय कुमार सिंह, वल्लभाचार्य पांडेय, डॉ. मोहम्मद आरिफ, महेंद्र राठौर, राजकुमार गुप्ता, डॉ. इंदु पांडेय आदि उपस्थिति रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मंजीरपट्टी, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(मो0 जाहिद)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मंजीरपट्टी, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(विनीत सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मंजीरपट्टी, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरी माता जी का सही नाम पावित्री देवी PABITRI DEVI की जगह भूलवश गलत नाम पाविती चौहान PAVITRI CHAUHAN अंकित हो गया है। ... चौहान नि0-सदर हास्पिटल के पीछे, रसड़ा कस्बा-रसड़ा, थाना-रसड़ा, जिला-बलिया 30 प्र0, पिन -221712

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ... प्रबंधक -9415911854

## अवधेश राय हत्याकांड की सुनवाई आज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में गुरुवार को चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में सुनवाई टल गई। अब उसकी सुनवाई के लिए गुरुवार यानी 6 अप्रैल को तिथि नियत की है। पिछले तिथि पर बचाव पक्ष ने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल किया। जिसमे कहा गया की आरोपित राकेश न्यायिक की पत्रावली इलाहाबाद (प्रयागराज) जिला न्यायालय से तलब करने की गुहार लगाई गई है। इस मामले अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि नियत की गई थी। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की ओर से अदालत में इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया गया कि अवधेश राय हत्याकांड की जांच सीबीसीआईडी को सौंपी गई थी और मुकदमा वापस लेने का निर्णय भी लिया गया था। इसका प्रमाण पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है ये प्रमाण राकेश न्यायिक के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय में लंबित पत्रावली पर उपलब्ध है। इस अर्जी पर अभियोजन पक्ष की ओर से आपत्ति दाखिल करनी है। साथ इस मामले की सुनवाई अंतिम दौर में चल रही है।बता दें कि तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही दिनदहाड़े अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी।

# ठेला पटरी व्यवसायियों ने सीपी को सौंपा मांग पत्र

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा बीते 30 मार्च को अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर सारनाथ वेंडिंग जोन में वैधानिक रूप से अपने ठेले पर कार्य कर रही शकुंतला देवी के साथ जोर जबरदस्ती के कारण सदमे से उनकी मृत्यु हो गई थी।

इस संबंध में बुधवार को फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से उनके कार्यालय पर मिला। इस दौरान सदस्यों ने पुलिस आयुक्त को 3 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन लेते हुए पुलिस आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से गोमतीजोन मे तैनात आईपीएस अधिकारी विक्रांत वीर को जांच अधिकारी नियुक्त किया व निर्देश देते हुए कहा कि सभी तथ्यों पर पुलिस गंभीरतापूर्वक जांच करेगी। व्यापार मंडल काशी प्रांत अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि ने कहा कि अगर जल्द दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो आगामी जी-20 सम्मेलन के प्रथम दिन अतिथियों के आगमन पर दुकाने बंद करके विरोध दर्ज कराएंगे। ज्ञापन सौंपने में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा, प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, विकास यादव, गुलाब सोनकर, बंटी सोनकर, मंतोष गुप्ता, सतधरोहर गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपने जाते ठेला-पटरी व्यवसायी

**न्यायालय मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़**
**आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजुमुआ जाप्ता दीवानी**
**सन् 1971 ई0 मु0 नं0-003643**
**धारा 3033 प्र0 स0 स..........**
**राम बदन बनाम गाँवसभा**

1. गॉव सभा ऊंचागांव जरिये प्रधान ऊँचागांव तह0-सदर, जिला-आजमगढ़।
2. स्टेट उ0 प्र0 जरिये कलेक्टर, आजमगढ़।
3. जीता पुत्र विक्कल निवासी ग्राम-ऊँचागांव परगना-निजामाबाद, तहसील-सदर, जिला-आजमगढ़।
4. मोती
5. मिथिलेश — पुत्रगण-सीता
6. अखिलेश

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04 माह 04 सन् 2023 ई0 वक्त मुकाम असालतन या मारफत वकील के मुकदमें के हालात में करारका जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हुजिये और जवाबदेही कीजिए और माह वह तारीख जो आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो को जिन पर आप बताइव अपनी जवाबदेही इश्तदलाल करना चाहते हो उस रोज को कीजिए और आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके सजमुआ और फैसला होगा बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत बतारीख 29.03.2023 ई0 जारी किया गया।

**न्यायालय मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-उमरी, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

[illegible]

ग्राम प्रधान ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0



# वाराणसी



# लाइजनिंग अफसर हैं भारत के ध्वजवाहक

**बैठक**

**जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले विभिन्न देशों के मंत्रियों संग लगाए जाने वाले एलओ को डीएम ने किया सेंसेटाइज**

**कृषि आधारित आयोजन में संबंधित स्थानीय जानकारी संग गंगा निर्मलीकरण समेत बड़े प्रोजेक्ट्स की जानकारी जरूरी**

जनसंदेश न्यूज



जी-2- सम्मेलन के लिए लगाए गये लाइजनिंग अफसरों के साथ डीएम एस. राजलिंगम ने की बैठक

**वाराणसी।** कृषि पर आधारित जी-20 सम्मेलन को देखते हुए विभिन्न देशों के मंत्रियों साथ लगाए जाने वाले लाइजनिंग अफसरों को बुधवार को जागरूक कर उन्हें विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गयी। मकबूल आलम रोड स्थित उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में यह आयोजन था। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने उन्हें सेंसेटाइज किया। इस अवसर पर डीएम ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में कृषि संबंधी आधारभूत जानकारियां लाइजनिंग अफसरों (एलओ) को संबंधित विभाग से उपलब्ध कराएं। कारण, जी-20 का सम्मेलन कृषि पर ही आधारित है। श्री राजलिंगम ने प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि आपको जी-20 में शामिल होने वाले मंत्रियों के साथ रहकर सिर्फ उनकी सुविधा-असुविधा का ध्यान ही नहीं रखना है बल्कि आयोजन में शामिल मंत्री आपसे वाराणसी के विकास के बारे में भी जानने की कोशिश कर सकते हैं। आपके वेन्यू के बारे में पूछ सकते हैं।

जिलाधिकारी ने लाइजलिंग अफसरों से से कहा कि आपलोग ध्वजवाहक हैं क्योंकि आपकी ओर से देश, प्रदेश की छवि के बारे में जैसा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, सम्मेलन में प्रतिभागी विदेशी मेहमान भारत की वैसी ही इमेज लेकर यहां से विदा होंगे। इसलिए आप अपने-अपने वेन्यू की जानकारी कर लें। बनारस के बारे में मूलभूत जानकारी रहना अत्यंत आवश्यक है। गंगा निर्मलीकरण के कार्यों की जानकारी समेत यहां की बड़ी परियोजनाओं और स्मार्ट सिटी के माध्यम से कराए गये कार्यों आदि के बारे में भी जानकारी रखें।

## मुख्य सचिव आज करेंगे समीक्षा

वाराणसी। सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र गुरुवार को जनपद में चल रही जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेंगे। प्रोटोकॉल विभाग के अनुसार श्री मिश्र प्रस्तावित सम्मेलन को देखते हुए विभिन्न इलाकों में की जा रही कवायदों समेत सम्मेलन के बैठक स्थल, विदेशी मेहमानों को सैर कराने, उनके सुरक्षा इंतजाम, खानपान समेत सभी बिंदुओं की समीक्षा भी करेंगे। इसके अलावा वह वाराणसी में निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की की प्रगति की जानकारी भी लेंगे। मुख्य सचिव अपराह्न 2.30 बजे लखनऊ लौट जाएंगे।

# शहर के कई इलाकों में इंटरनेट केबल टीवी व मोबाइल नेटवर्क ठप

## टीवी कनेक्शन के लाखों मीटर केबल काट दिये गये

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जी-20 समिट की तैयारियों को लेकर शहरी इलाकों में खंभों और सड़कों पर लटकते सभी केबल हटाए जा रहे हैं। इसकी वजह से शहर के कई इलाकों में इंटरनेट, केबल टीवी और मोबाइल नेटवर्क ठप हो चुके हैं।

लाखों मीटर केबल काट दिए गए हैं। इसको लेकर शहरवासियों में काफी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि कोविड की मार से ऊबर ही रहे थे कि अब जी-20 हमें बर्बाद करने पर तुला है। शहर के विश्वनाथ गली, चौक, गोदौलिया, पक्का महाल, सोनारपुरा, कज्जाकपुरा, बजरडीहा, नई सड़क, बेनियाबाग समेत कई इलाकों के लोग इंटरनेट सर्फिंग और वाट्सएप कॉलिंग से महरूम हो गए हैं।

**भारी समस्या**

**घरों में नहीं चल रही है केबल टीवी, नागरिकों में है गुस्सा**

शहर में 500 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रिक केबल्स को अंडरग्राउंड कर दिया गया है। इसके बाद भी कई लोकल केबल वालों ने सड़कों पर तारों का जंजाल सा बिछा दिया। वहीं, उपभोक्ताओं ने भी धड़ाधड़ इंटरनेट कनेक्शन ले लिए। अब विभाग इन तारों को पूरी तरह से साफ करने की फिराक है। केबल व्यापारी की मानें तो कोविड के बाद किसी तरह से उन्होंने इस काम को अब संभाला था, मगर अब जी-20 के नाम पर फिर से हम बर्बादी के कगार पर खड़े हैं। एक व्यापारी ने बताया कि वाराणसी प्रशासन और नगर निगम को पहले ही कार्यवाही कर देना चाहिए था, जब उपभोक्ता इनसे सेवा ले चुके हैं, तब यह सब धवस्त कर दिया गया। इस संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आम शहरियों को पहले ही अलर्ट किया जा चुका था कि अपने तारों को हटा लिया जाए। अब तक नहीं हटाया गया तो सख्त कार्रवाई की जा रही है। जी-20 के आयोजन के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुंदर बनाया जा रहा है।

# जी-20 सम्मेलन के बाद आएगा पर्यटन-उद्योग में जोरदार उछाल

**मीटिंग**

**इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी चैप्टर ने की विदेशी मेहमानों के स्वागत की तैयारी बैठक**

जनसंदेश न्यूज



आईआईए वाराणसी चैप्टर ने जी-20 सम्मेलन को लेकर बुधवार को तैयारी बैठक की

**वाराणसी।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन यानि आईआईए वाराणसी चैप्टर ने बुधवार को मलदहिया स्थित कार्यालय में बैठक कर जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के भव्य स्वागत के लिए तैयारी बैठक की। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि इस माह से लेकर आगामी अगस्त के बीच वाराणसी में 20 देशों के प्रतिनिधियों की प्रस्तावित मीटिंग हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ आईआईए तालमेल कर विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए हम तैयार हैं। अतिथियों का ऐसा स्वागत हो जिससे काशी समेत संपूर्ण भारत गौरवांवित महसूस करे। जनपद के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा काशी में प्रस्तावित इन बैठकों से पर्यटन और उद्योग-धंधों को जबरदस्त उछाल मिलने की पूरी उम्मीद है। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि उन सभी मार्गों पर आईआईए की ओर से स्वागतद्वार और होर्डिंग लगाए जाएंगे जहां से विदेशी मेहमानों का आवागमन होगा। उद्यमी एवं व्यवसायी अपने-अपने प्रतिष्ठान और आवास पर सजावट करेंगे। अतिथियों का स्वागत गुलाब की पंखुड़ियों से होगा। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर राजेश भाटिया, नीरज पारीक, राहुल मेहता, दीपक बजाज, अनुपम देवा, प्रशांत अग्रवाल, यूआर सिंह, उमाशंकर अग्रवाल आदि रहे।

# काशी की सड़कों का कायाकल्प

**सुधार का कार्यक्रम**

**जी-20 सम्मेलन से पूर्व कुल 80 करोड़ की लागत से 40 मार्गों की बदली जा रही सूरत**



**वाराणसी।** शरह में इसी माह जी-20 सम्मेलनों का आयोजन होना हैं। जिसे लेकर बनारस की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से सम्मेलन से पूर्व कुल 40 मार्गों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 70 फीसदी कार्य अबतक पूरे कर लिए गए हैं। जी-20 की तैयारियों के तहत पीडब्ल्यूडी कुल 80 करोड़ की लागत से शहर भर में निर्धारित किए गए मार्गों का निर्माण करा रहा है। जिसमें शहर क्षेत्र में आने वाले पंचक्रोशी मार्गों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा निर्धारित मार्गों में बाबतपुर फ्लाइओवर से एयरपोर्ट मार्ग, अंबेडकर चौराहे से ताज होटल होते हुए तेलियाबाग मार्ग, मरी माई मंदिर से साजन सिनेमा मार्ग, पांडेयपुर से हुकुलगंज मार्ग, आशापुर से सारनाथ म्यूजीयम मार्ग, चौकाघाट से नमोघाट मार्ग, गोलगड्डा तिराहे से विश्वेशवगंज मार्ग, विश्वेशरगंज से मच्छोदरी मार्ग और पुलिस लाइन से चौकाघाट होते हुए मैदागिन मार्ग का कायाकल्प किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से निर्धारित मार्गों का 70 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। बाकि कार्यों को 10 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा।

जी-20 सम्मेलन को देखते हुए जनपद का पूरा प्रशासनिक अमला शहर को सजाने में जुटा है। अन्य विभागों की ही तरह पीडब्ल्यूडी के लिए भी पहला मौका है जब कम समय में इतने मार्गों का एक साथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शहर में 40 निर्धारित मार्गों जिनमें मुख्य और लिंक सभी शामिल हैं। इनका निर्माण विभाग की ओर से युद्ध स्तर पर जारी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के के सिंह के मुताबिक,जी-20 सम्मेलन के तहत शहर के कुल 40 मार्गों को निर्धारित किया गया है। जहां विभाग की ओर से निर्माण कार्य जारी है।

# अगले 50 साल के यात्री दबाव को देख विकसित होंगे स्टेशन

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) भारत के महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है यहां वर्ष भर यात्रियों का दबाव बढ़ रहा हैं, आध्यात्मिक नगरी होने के चलते इस स्थान पर पूरे भारत से लोगों का आवागमन होता हैं, अगले 50 वर्षो की इनकी संख्या को ध्यान में रखकर स्टेशन का विकास किया जा रहा है।

यह कहना था उत्तर रेलवे के नवागत जीएम शोभन चौधुरी का जो बुधवार को पत्रकारों से कैंट स्टेशन पर मुखातीब थे। अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत वाराणसी पहुंचे शोभन चौधुरी ने वाराणसी कैंट स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने काशी स्टेशन पहुंचकर स्टेशन को इंटरमॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने संबंधी उन्नयन कार्यों (अपग्रेडेशन वर्क) एवं विकासशील परियोजनाओं का गहनता से निरीक्षण किया तथा नमो घाट पर प्रस्तावित रेल कम रोड ब्रिज स्थल का भी अवलोकन किया। वाराणसी जं. स्टेशन पर उन्होंने न्यू पॉवर केबिन, यात्री आश्रय, निमार्णाधीन तीसरे फुट ओवर ब्रिज, निमार्णाधीन टी.टी. ई. रेस्ट हाउस, यार्ड री-मॉडलिंग और स्टेशन के री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का अवलोकन किया महाप्रबंधक ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का भी अवलोकन किया एवं इनका आधुनिकीकरण करते हुए इनके उन्नयन की दिशा में चल रहे प्रयासों की समीक्षा की इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रस्तावित रोप-वे स्थल पर पहुंचकर उसका अवलोकन करते हुए

अधिकारियों से इस पर वार्ता की। निर्माण विभाग एवं केअधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की एवं पीपीटी (पॉवर पॉइंट् प्रेजेंटेशन) के माध्यम से जानकारी प्राप्त की एवं इस सम्बन्ध में अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित किये।

**निरीक्षण**

**उत्तर रेलवे के नवागत जीएम ने कैंट व काशी स्टेशन का किया निरीक्षण**

**री-यार्ड मॉडलिंग व इंटर मॉडल स्टेशन पर अधिकारियों से की वार्ता**



कैंट स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग का निरीक्षण करते नवागत जीएम

# करोड़ों के त्याग से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल

**बोले हंसराज विश्वकर्मा**

**भाजपा जिलाध्यक्ष को एमएलसी बनने पर संगठन की ओर से अभिनंदन समारोह**

जनसंदेश न्यूज



भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के एमएलसी बनने पर बुधवार को संगठन की ओर से उनका अभिनंदन किया गया

**वाराणसी।** भाजपा जिलाध्यक्ष हंजराज विश्वकर्मा को एमएलसी बनाए जाने पर बुधवार को रोहनिया स्थित संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में ढोल-नगाड़े और गुलाब की पंखुड़ियों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने मुझे एमएलसी बनाकर जो सम्मान दिया है वह मात्र मेरा नहीं बल्कि भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है। जनपद के सांसद एवं पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संगठन दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। इसके पीछे लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं का परिश्रम, त्याग और बलिदान है। समारोह में काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विनीता सिंह, अशोक चौरसिया, विद्यासागर राय, मीना चौबे, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, रमेश जायसवाल, डॉ. वीणा पांडेय, नवरतन राठी, नागेंद्र सिंह रघुवंशी, संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर आदि भी थे। चौबेपुर प्रतिनिधि के अनुसार श्री विश्वकर्मा मार्कंडेय महादेव मंदिर में मत्था टेककर जलाभिषेक किया।

## हंसराज को एमएलसी बनने पर बधाई : डॉ. अशोक राय



**वाराणसी।** भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को विधान परिषद सदस्य मनोनीत किये जाने पर लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक एवं भाजपा काशी क्षेत्र के चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अशोक राय ने उनका अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. अमर अनुपम, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, रामप्रकाश सिंह, अखिलेश सिंह शांडिल्य, गोविंद नारायण राय, निखिल संभरवाल समेत सैकड़ों की संख्या में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## नगर आयुक्त ने कार्यों का लिया जायजा

**निरीक्षण कर दिए निर्देश**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरी ने बुधवार को जी-20 के तहत शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों के प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुछ चौराहों और पुलों के पास चल रहे हॉर्टिकल्चर, लाइटिंग, पेंटिंग आदि के सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया, शहर के कई क्षेत्र में साफ-सफाई, सीवर समस्या, पेयजल, लीकेज की समस्या के संबंध में जायजा लिया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान आम नागरिकों से वार्ता कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। चौकाघाट-कैंट फ्लाईओवर के नीचे स्मार्ट सिटी द्वारा कराए गए पेंटिंग, नाइट मार्केट, वेंडिग जोन का जायजा लेते हुए फ्लाईओवर के नीचे बेहतर सौंदर्यीकरण कराए जाने निर्देश दिए।


















# कूड़े के ढेर से उठते धुएं से लोग परेशान



**वाराणसी।** नगर निगम सीमा में शामिल हुए सुसुवाही वार्ड में नियमित कूड़े का उठान नहीं होने से सड़क किनारे कूड़े का ढेर इकट्ठा हो गया है। जिसमें अक्सर आग लगा दिया जाता है। कूड़े के ढेर से निकलते जहरीले धुए से स्थानीय लोगों के साथ राहगीर भी परेशान हो रहे हैं। वार्ड के कर्मवीरपुर तिराहे के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे कूड़ा कलेक्शन करने के लिए निगम की ओर से कंटेनर रखा गया है। जहां सफाई कर्मी कूड़े को एकत्रित कर आग लगा देते हैं, कूड़े के दुर्गंध और जहरीले धुएं से स्थानीय लोग परेशान हो जाते हैं। सड़क किनारे कूड़ा पड़े रहने से यहां बेसहारा घूमने वाले पशु खाने की तलाश में आते हैं। नियमित कूड़ा उठान न होने से आवारा पशुओं की वजह से कूड़ा सड़क पर बिखर जाता है। जिनसे दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। स्थानीय लोगों की माने तो कूड़ा उठान के लिए निगम की गाड़ी कभी-कभी आती है।

# इस माह के अंत तक रेस्टोरेंट होगा शुरू

**दशाश्वमेध कॉम्प्लेक्स**

**वीडीए उपाध्यक्ष ने दशाश्वमेध घाट क्षेत्र पुनर्विकास परियोजना का लिया जायजा**



**वाराणसी।** जी-20 के तहत शहर में चल रहे विकास कार्यां सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का विकास प्राधिकरण (वीडीए) उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में दशाश्वमेध घाट क्षेत्र पुनर्विकास परियोजना के तहत चल रहे प्रथम तल पर स्थित रेस्टोरेंट के कार्य को देखा और बताया कि इसे अप्रैल माह के अंत से प्रारंभ कर दिया जाएगा। परियोजना में मान मंदिर क्षेत्र की ओर कार्य को जल्द पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया।

दशाश्वमेध घाट क्षेत्र पुनर्विकास परियोजना स्थल के कुल भूखंड पर तीन तलों का कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोवर ग्राउंड फ्लोर पर 68 दुकानों का निर्माण, अपर ग्राउण्ड फ्लोर पर 42 दुकानों का निर्माण और प्रथम तल पर 14 फूडकोर्ट एवं एक रेस्टोरेन्ट का निर्माण कराया गया है। परियोजना के समीप स्थित पूर्व निर्मित बेसमेंट का पुनर्विकास करते हुए 80 दुकानों के निर्माण के साथ-साथ अन्य प्रयोजन के लिए स्थल का विकास किया गया है। परियोजना के अंतर्गत सुगम संचालन के लिए सीढ़ियों के साथ-साथ लिफ्ट एवं तीन एक्सलेटर का भी निर्माण किया गया है। साथ ही सर्फेस डेवलपमेंट के अंतर्गत भूमितल पर लोगों को बैठने के लिए स्टोन फ़्लोरिंग एवं पाथवे आदि का कार्य परियोजना में कराया गया है।

परियोजना की कुल लागत 28.69 करोड़ है, जिसे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अंतर्गत कराया गया है। इसी क्रम में जी-20 के तहत गंगा घाटों को समान थीम पर करायी जा रही पेंटिंग कार्य और विश्व बैंक सहायतित प्रो पुअर पर्यटन विकास परियोजना के अंतर्गत सारनाथ में बुद्धिस्ट सर्किट के विकास कार्यों की गतिमान परियोजना का वीडीए वीसी ने उच्चाधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जी-20 सम्मेलन के तहत शहर में पधारने वाले विदेशी मेहमानों के समक्ष काशी की एक अलग पहचान के लिए शासन द्वारा प्रयास किए जा रहे है। सम्मेलन से पूर्व एयरपोर्ट से शहर की ओर आने वाली मुख्य मार्गों यथा टीएफसी, होटल ताज, सर्किट हाउस, चौकाघाट, रुद्राक्ष सेंटर और नमो घाट तक के क्षेत्रों को पूर्ण रूप से सुसज्जित किया जा रहा है प्रमुख स्थलों के आसपास के क्षेत्र को अधिक आकर्षक बनाने के लिए थीम आधारित पेंटिंग भी कराई जा रही है। निरीक्षण में वीडीए सचिव, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्राधिकरण के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के अभियंता, क्षेत्रीय लेखपाल, परियोजना टीएसयू सदस्यों, कार्यकारी एजेंसी मौजूद रही।

# प्राच्य विद्या को प्रौद्योगिकी से जोड़ें

**बोले डॉ. बोबड़े**

### उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण, बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का बुधवार को उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबड़े ने निरीक्षण किया। उन्होंने योग साधना केंद्र में विश्वविद्यालय का विस्तार से समीक्षा करते हुये उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्राच्य विद्या का केंद्र है, यहां से प्राच्य विद्या में निहित ज्ञान राशि को आधुनिक तकनिक से जोड़कर अथवा सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रसारित करना चाहिये। यहां से देश को बहुत आस है, इससे विश्व गुरु बनने का सपना पूर्ण होगा। कहा कि पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनिक से जोड़ने से लाभ होगा।

इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की। समीक्षा करते हुये 67 एकड़ भूमि पर स्थित विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें व्यवसायिक पाठ्यक्रम दीन दयाल कौशल केंद्र, एमजेएमसी, योगा इन डिप्लोमा एवं हिंदू अध्ययन एमए पाठ्यक्रम की स्थिति परखते हुये विश्वविद्यालय में रिक्त शिक्षकों के सापेक्ष शिक्षकों की नियुक्तियां शीघ्र सुचितापूर्ण एवं पारदर्शितापूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया, बताया कि यह शहर प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र एवं स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत है यहां के प्राचीन भवन, क्रीड़ा परिसर में मिनी स्टेडियम एवं ऑडिटोरियम निर्माण आदि के लिये प्रस्ताव बनाकर स्मार्ट सिटी योजना मे प्रस्तुत करने की जरुरत है।

कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. विजय कुमार पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग आदि ने उनका स्वागत किया। बैठक में उप सचिव एसपी मिश्र, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश, वित्त अधिकारी जनार्दन पांडेय, छात्रकल्याण संकायध्यक्ष प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. विधु द्विवेदी, प्रो. शंभु नाथ शुक्ल, विनयाधिकरी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजनाथ, प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती और प्रो. कमला कांत त्रिपाठी मौजूद रहे।

# जय जय भवानी दुर्गे रानी घंटा घन-घन बाजे...

**कार्यक्रम**

### गायन व वादन तथा नृत्य की हुई प्रस्तुति

### शीतला संगीत समारोह में घाट पर उमड़े श्रद्धालु



**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट स्थित सिद्धपीठ श्री बड़ी शीतला माता माई धाम में बुधवार को पांच दिवसीय संगीत समारोह की द्वितीय निशा माता शीतला के भव्य श्रृंगार पूजन और भव्य भक्ति संगीत कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुई। माता शीतला को पंचामृत स्नान कराकर के नूतन वस्त्र आभूषण से श्रृंगार करते हुए महंत पं शिव प्रसाद पांडेय व पं मनीष पांडेय ने पूजन अर्चन किया। पं अविनाश पांडेय ने माता शीतला की आरती उतारी। गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में संगीत समारोह के अंतर्गत दिलीप शंकर के शहनाई से चैती के पारंपरिक धुन बजाकर के शुरूआत हुई। पं.रुद्र शंकर मिश्र व श्रीजा विश्वास पं माता प्रसाद मिश्र ने काशी के कत्थक परंपरा को प्रस्तुत करते हुए जय जय भवानी दुर्गे रानी घंटा घन घन बाजे... के साथ दादरा व चैती पर अपनी मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध तबला वादक दीपक सिंह ने गुजरात बंगाल बिहार झारखंड तिलोक धुनों के साथ बनारसी नगाड़ा और तबले से हर हर महादेव की धुन को बजा कर के सभी को आनंदित कर दिया। भजन गायक ब्यास मौर्या ने झूला झूले शीतला मैया..अमलेश शुक्ला ने शीतला मैया ने बुलवाया हर कोई दौड़ा भागा आया... स्नेहा अवस्थी ने मां तो बस भक्तों का प्यार मांगती... आस्था शुक्ला ने आज तेरा जगराता माता... कृष्ण कुमार प्रेमी ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... सुना कर अपनी हाजिरी लगाई अन्य कलाकारों में रमेश पांडेय, पूजा प्रजापति, सिमरन वर्षा बसाक, पूजा बसाक, अपर्णा मौर्या, ज्योति गुप्ता, अमितांशु मेहरोत्रा, मधुसूदन माही सहित कलाकारों ने देर रात्रि तक मां के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। तबले पर बलराम मिश्र गौरीश श्रीवास्तव ढोलक पर नसीम मोती आर्गन पर संतोष पैड पर विवेक बैंजो पर पप्पू ने कुशल संगत किया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली




**जागरूक किया**

### बैनर व शिक्षा प्रेरित नारों की तख्तियां लेकर गांव की गलियों में घूमे बच्चे

**मिजार्मुराद।** आराजी लाइन ब्लाक के चक्रपानपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने बुधवार की सुबह स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीण अभिभावकों को जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजे जाने और उनका नामांकन कराए जाने की अपील की। रैली को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम तिवारी व प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुनीता देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव के भ्रमण के बाद विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में बच्चे नारा लगाते हुए बोल रहे थे 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। 'पापा मम्मी हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। 'हर घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा। 'कोई न छूटे अब की बार शिक्षा है सबका अधिकार जैसे नारों के साथ गांव की गलियों में घुसकर अभिभावकों को जागरूक किया। इस अवसर पर सुनीता देवी, शिव पूजन सिंह, मनोज सिंह, रिचा सिंह, सोनिका सिंह, अविनाश समेत विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

### कोरोना के नौ मरीजों में सर्वाधिक मंडलीय अस्पताल के

**वाराणसी।** लगातार कोरोना के बढ़ते मामलों ने लोगों के माथे पर एक बार फिर से लकीर खींच दी है। बुधवार को जिले में कुल 10 नये कोरोना के मरीज मिले जिससे लोगों में दहशत है। कोरोना के बढ़ते मामले में रोजाना इजाफा हो रहा है जहां दो दिन पहले एक से दो मरीजों के मिलने का सिलसिल जारी था वहीं बुधवार को कुल नो मरीजों के मिलने से लोगों में एक बार फिर से सोचने पर विवश कर दिया है।

## संक्षेप

### अपर आयुक्त ने गोवंश आश्रय स्थलों का लिया जायजा



**सेवापुरी।** सूबे के राज्य कर विभाग में अपर आयुक्त ओमप्रकाश वर्मा ने बुधवार को स्थानीय ब्लॉक के कुछ निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने ठठरा, भिटकुरी एवं रैसीपुर सेंटर का जायजा लेते हुए पशुओं की देखभाल, भोजन, पेयजल और बीमार पशुओं के इलाज की व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। ठठरा स्थित केंद्र पर सचिव अवकाश पर बताए गए। रैसीपुर स्थित आश्रय स्थल देखने के बाद श्री वर्मा भिटकुरी पहुंचे। मौके पर कुछ गोवंश बीमार मिले और स्थानाभाव के कारण कई पशु धूप में बैठे दिखे। इस बारे में पूछे जाने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने उन्हें बताया कि यहां क्षमता से अधिक पशु हैं और टिन शेड की जरूरत है। इस पर श्री वर्मा ने आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। वहीं, ग्रामीणों ने शिकायत पर उन्होंने पशुधन प्रसार अधिकारी की क्लास लेते हुए नियमित रूप से गोवंश आश्रय स्थलों पर पहुंचने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने केयर टेकरों के भुगतान का मामला भी उठाया। निरीक्षण के दौरान सीवीओ डॉ. आरके सिंह व अन्य पशु चिकित्सक भी रहे।

### मुर्दहा में करायी गयी क्रॉप कटिंग



**चांदमारी।** बेमौसम की बारिश और चक्रवाती तूफान से बर्बाद हुई फसलों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए बुधवार को अफसरों के एक दल ने हरहुआ विकास खंड के मुर्दहा गांव में क्रॉप कटिंग की। इस दौरान 14 किलो से 15 किलो बजाय 6 किलो से 9 किलो तक ही उपज पाया गया जो पैदावार से 50% से भी कम है। गेंहू की रंगत उड़ी हुई दिखी। गांव के किसान रामविलास तिवारी और कृपा शंकर चौबे के आराजी नंबर 127 और 193 की क्रॉप कटिंग मुख्य राजस्व अधिकारी अरुण कुमार सिंह की देखरेक में कराया गया। आराजी नं. 127 में नौ किलो तो 129 में महज 6 किलो उत्पादन पाया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बलवंत सिंह, लेखपाल प्रीति गुप्ता, एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय, प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य, अपर सांख्यिकी अधिकारी गंगेश कुमार सिंह एवं ग्राम प्रधान रवींद्र यादव भी थे।

### यूको बैंक के प्रबंध निदेशक ने की समीक्षा बैठक



**वाराणसी।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोमा शंकर प्रसाद के 3 अप्रैल को अंचल कार्यालय के दौरे पर वाराणसी शहर में थे। प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोमा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय के सभागार में अंचल कार्यालय के विभाग प्रमुखों की कारोबारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में वीणा कुमारी, सहायक महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख गजेन्द्र कुशवाहा, उप अंचल प्रमुख व अंचल कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोमा शंकर प्रसाद ने बैंक की आगामी योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही बैंकिंग कार्यों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही साइबर धोखाघड़ी के प्रति सचेत रहने व साइबर सुरक्षा के विविध आयामों से परिचित होने का सुझाव दिया। संचालन पूनम कुमारी प्रसाद वरिष्ठ अंचल प्रबंधक राजभाषा ने किया।

### राष्ट्रीय समता पार्टी ने प्रदेश कमेटी की सूची जारी की



**वाराणसी।** राष्ट्रीय समता पार्टी प्रदेश कमेटी की सूची जारी कर दी गई है। प्रदेश कमेटी में रवि सिंह पटेल प्रदेश संगठन मंत्री बनाये गये। प्रदेश अध्यक्ष रामवचन यादव ने अपनी कमेटी की सूची जारी की। प्रेमनाथ सिंह प्रमुख महासचिव वाराणसी, विनोद कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय कुमार मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष मिर्जापुर, अजय प्रताप सिंह प्रदेश महासचिव वाराणसी, सुधाकर तिवारी प्रदेश महासचिव चंदौली, ज्ञानचंद पटेल प्रदेश महासचिव, ज्ञानचंद पटेल प्रदेश महासचिव वाराणसी, जितेन्द्र पटेल प्रदेश महासचिव वाराणसी, मृत्युंजय सिंह प्रदेश महासचिव वाराणसी, दिनेश सिंह पटेल प्रदेश महासचिव वाराणसी, विजय लाल सोनकर प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजबहादुर सिंह पटेल उर्फ राजू प्रदेश सचिव मीडिया सेल, अश्विनी पटेल प्रदेश सचिव कार्यकारिणी सदस्य में अनुपम पांडेय, गोविंद राम, लालचंद यादव, सोनू पटेल, मुंशीजी राहुल यादव, विकास यादव, हठीरा यादव, रामजन्म यादव, कमल सोनकर, मनोज सोनकर, सूरज सोनकर, पिंटू यादव, राजनाथ वर्मा, चन्द९शा यादव आदि कमेटी में शामिल हैं।

# स्व. जगजीवन राम भारतीय राजनीति के स्तम्भ कीर्ति रहे

**भावभीनी श्रद्धांजलि**

### काशी नगरी व गुरु रविदास से रहा विशेष लगाव

### रविदास मंदिर में मनायी गई 116वीं जयंती



बाबू जगजीवन राम की मूर्ति पर माल्यार्पण करते लोग

**वाराणसी।** दी रविदास स्मारक सोसाइटी के तत्वावधान में समतामूलक समाज के संवाहक बाबू जगजीवन राम जी की 116वीं जयंती संत रविदास मंदिर काशी राजघाट में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व उपप्रधान मंत्री बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार डॉ. भगवंती सिंह ने कहा बाबू जगजीवन राम का काशीनगरी एवं गुरु संत रविदास से विशेष लगाव रहा। वह समाजसेवा के माध्यम से दबे कुचले, शोषित एवं पीड़िता समाज को समाज की मुख्य धारा से सदा जोड़े रहे। वे एक कुशल राजनेता सच्चे देशभक्त एवं मानववादी महामानव थे। मुख्य अतिथि प्रो विजय प्रताप सिंह ने कहा बाबू जगजीवन राम समतामूलक समाज के संयोजक थे। जगजीवन राम ने दलितों, पिछड़ों एवं गरीबों की लड़ाई लड़ी। विशिष्ट अतिथि संत आचार्य डॉ भारत भूषण ने कहा जगजीवन राम भारतीय राजनीति के स्तंभ कीर्ति थे। अपनी पूरी पूरी जिंदगी समाज सेवा एवं देश सेवा में अर्पित कर दी। अतिथिओं का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन, ट्रस्ट के महासचिव सतीश कुमार उर्फ फागुनी राम व संचालन वीरेंद्र सिंह एडवोकेट बबलू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोरखनाथ, श्रीमती वचानी देवी, पूर्व पार्षद अमरदेव यादव, दुर्गा मांझी, विकास उपाध्याय, अनुराग त्रिवेदी, निरंजन भारती, बबलू पार्षद मिथलेश सहानी उर्फ बच्चा, रमेश गुप्ता, किशन जायसवाल, मदन यादव गायक शारदा यादव धीरज माली संत रामविलास दास, संतोष खरवार, अनिल खरवार, लाला रामकृष्ण गुप्त, अशोक भारती, डॉ बनवारी सिंह, डॉ प्रज्ञा पारमिता अशोक भारती आदि मौजूद थे।

## काशी के पं विकास महाराज संत कबीर अकादमी के सदस्य नामित



पं. विकास महारजा व उस्ताद राशिद खान

**वाराणसी।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने बनारस घराने के प्रसिद्ध सरोद वादक पं विकास महाराज एवं पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान को संत कबीर अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का सदस्य नामित किया है। पं विकास महाराज ने इस सम्मान के लिए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कहा कि मेरा परिवार काशी के कबीरचौरा मुहल्ले (जो कि संत कबीर का निवास स्थान भी रहा है) में करीब 500 साल से संगीत की सेवा करते आ रहा है। संत कबीर की जीवन शैली एवं उनकी सोच को आज भी मेरा परिवार अपने दैनिक जीवन एवं संगीत में पिरोये हुए हैं। संत कबीर अकादमी का सदस्य बनना मेरे लिए गर्व की बात है।

## तप व समर्पण से ही प्रभु की भक्तिः अखिल दास

**वाराणसी।** सुसुवाही स्थित मां चंडिका देवी मंदिर परिसर में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण, गणेश व गुरू वंदना के साथ कथावाचक कालरात्रि पीठाधीश्वर अखिलदास महाराज ने अपनी अमृत वाणी से समर्पण व भक्ति पर व्याख्या की। कहा कि हनुमान जी सबसे बड़े भक्त, वक्ता व श्रोता हैं। तप व समर्पण से ही प्रभु भक्ति मिलती है। मन की शान्ति से बढकर कोई तप नहीं है। सन्तोष से बढ़कर कोई सुख नहीं है। चिन्ता से बड़ी कोई बीमारी नहीं है। दया से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है। मन की शान्ति ईश्वर से जोड़ती है। अशान्ति बाहर के जगत से जोड़ती है। शान्ति पर विश्राम हैं। धन के लोभी, लालची व्यक्ति जिन्दगी भर भटकते रहते हैं और बैचेनी उनकी नियति बन जाती है क्योंकि लोभ अनन्त है।

# गर्भाशय में भी होता है टीबी, मां बनने में बाधा

**जानकारी**

### समय से उपचार व दवाओं के नियमित सेवन से ठीक हो जाती है यह बीमारी



**वाराणसी।** गर्भाशय के टीबी में मां बनने की समस्या हो सकती है। इसको नजरअंदाज करना गंभीर बीमारियों को उत्पन्न करना है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में एमसीएच विंग की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती दिव्या बताती हैं कि वैसे तो टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों, श्वसन तंत्र और पाचन तंत्र को प्रभावित करती है। हालांकि कुछ मामलों में नाखून व बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। यदि कोई महिला गर्भधारण करना चाहती है और वह गर्भवती नहीं हो पा रही है तो इसकी वजह जननांग की टीबी भी हो सकती है। दरअसल जब किसी महिला के जननांग में टीबी होती है तो टीबी का बैक्टीरिया उसके यूटरस की दीवारों और इसकी नलियों को खराब कर देता है। टीबी का बैक्टीरिया मुख्य रूप से फैलोपियन ट्यूब को बंद करता है। इससे पीरियड्स रेग्युलर नहीं आते हैं। कुछ मामलों में पीरियड्स पूरी तरह से रुक जाते हैं क्योंकि यूटरस की परत को यह गहराई तक प्रभावित कर देता है। समय पर इलाज नहीं होने से यह संक्रमण गंभीर रूप ले लेता है। फिर यह समस्या उसके गर्भधारण करने में भी बाधा बनती है।

डॉ. आरती बताती हैं कि उनकी ओपीडी में हर माह तीन-चार महिलाएं ऐसी समस्या लेकर आती है। जांच कराने पर पता चलता है कि जननांग में हुई टीबी उनके मां बनने में रुकावट डाल रही है। वह बताती हैं कि छह माह से एक वर्ष तक नियमित दवा के सेवन से ऐसी महिलाएं पूरी तरह ठीक होकर मां बनने की स्थिति में आ जाती है लेकिन इसके लिए उनका सही समय से उचित उपचार जरूरी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कनैथा, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(राधिका) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. कनैथा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(प्रमोद कुमार) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. कनैथा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिजहर मैनुद्दीनपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(उदयभान यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. बिजहर मैनुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(संजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. बिजहर मैनुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीनापारा, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(मो0 असलम खान) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. बीनापारा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(विनीत सिंह) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. बीनापारा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत असगड़ मुस्तफाबाद, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(गौतम प्रसाद) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. असगड़ मुस्तफाबाद, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(विनीत सिंह) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. असगड़ मुस्तफाबाद, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(निशा यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. जगदीशपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(कृष्णमुरारी यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. जगदीशपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत-भुइली, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर**
**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैग, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बारी, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर**
**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैग, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0**

# भागड़नाले में डूबने से किशोर की मौत

**मातम**

### परिजनों में मचा कोहराम, मंदबुद्धि के हैं पिता



किशोर की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**बैरिया (बलिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तिवारी के मिल्की के निकट भागड़ नाला में बुधवार को अपने मित्रों के साथ नहा रहे किशोर के डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने भागड़ नाले से शव को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने भी मृत होने की पुष्टि कर दी।

संतोष वर्मा निवासी जवाहर टोला का 15 वर्षीय पुत्र आनंद वर्मा दोपहर को अपने तीन-चार मित्रों के साथ गांव के सामने ही भागड़ नाला में नहाने के लिए उतरा था। जहां अचानक गहरे पानी में चले जाने से आनंद डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके अन्य मित्र भागड़ नाले से चिखते चिल्लाते हुए निकलकर भाग खड़े हुए। फिर बच्चों का चीखना चिल्लाना सुन कुछ ग्रामीण मौके पर जुट गए। एक साहसी युवक भागड़ नाले में उतर कर आनंद को बाहर निकाला। उसे लोग सोनबरसा अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अत्यंत गरीब परिवार से था। पिता मंदबुद्धि हैं। मां मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। आनंद दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई बदन वर्मा 12 वर्ष का है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि डूबने से किशोर की मौत हुई है। अभी परिजनों द्वारा तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम के लिए किशोर का शव बलिया भेजा जाएगा।

## जिला सम्मेलन की रणनीति पर विचार

**बलिया।** समग्र कान्दू कल्याण समिति द्वारा जनपद के सभी विकासखंड के अध्यक्ष, मंत्री और कार्यकारिणी के सदस्यों की आम समग्र सभा समिति के अध्यक्ष श्री पंचानन गुप्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विकासखंड के अध्यक्ष, मंत्री द्वारा किए गए बिरादरी की जनगणना और सदस्यता कार्य की समीक्षा की गई। इस कार्य में आ रही परेशानी पर विचार किया गया। शंका समाधान के साथ उचित दिशा निर्देश भी दिया गया। मद्धेशिया बिरादरी और कुंडीडीह ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता के विचारों को आत्मसात करते हुए इस सभा में उनका करतल ध्वनि से जोरदार स्वागत किया गया। मद्धेशिया और कान्दू बिरादरी की एकता में यह पहल सोने पे सुहागा का काम करेगा। इस सभा में जिला स्तर पर एक महासम्मेलन एवं विराट जुलूस हेतु कार्यक्रम कराने के लिए लोगों ने जोर देकर कहा कि यह बिरादरी हित में संजीवनी का काम करेगा और समाज में पहचान देने में महती भूमिका निभाएगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में पंचानन गुप्त ने विनम्रता की बात पर जोर देते हुए कहा कि भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाते थे एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। ईश्वर चंद गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# दियारे के अग्निपीड़ितों को नहीं मिली सहायता

**आक्रोश**

### तीन दिन पूर्व हुई अगलगी में 500 एकड़ फसल हुई थी राख

**बैरिया (बलिया)।** अनबूझ कारणों से लगी ग्राम पंचायत चांददियर अंतर्गत बकुलहा व अधसिझुआ आदि के दियारे मे तीन दिन पूर्व आग लगी की हुई बड़ी घटना के बावजूद अभी तक किसानों को राहत व बचाव के नाम पर प्रशासन द्वारा कुछ भी नहीं किए जाने से किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। किसान आन्दोलन के मूड में है।

बता दे कि उक्त आग लगी की घटना में लगभग 500 एकड़ से अधिक खेतों में खड़ी गेहूं की फसल अनबुझ कारणों से लगी आग में जलकर राख हो गई थी। आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों किसानों के खून पसीने की कमाई उनके आंखो के सामने देखते देखते भर मे राख बन गई। बावजूद इसके लेखपाल के अलावा कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा नहीं लिया है। जबकि इस आगलगी की घटना में कम से कम एक करोड़ रुपए से अधिक का गेहूं जलकर खाक बन गया है। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के कार्य में व्यस्तता है। बावजूद इसके हमने मातहतों को मौके पर भेजकर सूची बनाने का निर्देश दिया है। कानूनी कार्रवाई के बाद नियमानुसार किसानों को राहत पहुंचाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के नुकसान पर सांसद ने जताया दुख

बकुलहा दियारे में आगलगी की घटना में किसानों के भारी नुकसान पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने दुख व्यक्त किया है। कहां है कि किसानों को उनके नुकसान का मुआवजा तत्काल दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। सांसद ने कहा कि इस संदर्भ में मेरी उपजिलाधिकारी बैरिया से बात हुई है। सूची बनने के बाद उसके आधार पर सरकार से राहत किसानों को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## संक्षेप

### नगहर गांव में 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख



**रसड़ा।** स्थानीय ब्लाक के नगहर गांव में बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी ने एक दर्जन से अधिक किसानों के लगभग 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलाकर राख कर दी आग लगते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गया। गांव के ग्रामीणों के और पहुंची अग्निशमन की गाड़ी के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से गांव के किसानों का खड़ी फसल नुकसान किसानों का नाम इस प्रकार हैं दीनानाथ सिंह, मंजीत सिंह, सर्वनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, शंकर, वीरेंद्र, कैलाश ठाकुर, शंकर वर्मा, रमेश सिंह, सुरेश, बिहारी सिंह, भरत सिंह, घनश्याम सिंह, डब्बू सिंह, गंभीर सिंह, भरत, सहित अन्य किसानों की फसलें जलकर राख हो गईं। सैकड़ों ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास के बाद लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्राम प्रधान प्रभात कुमार ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

### उत्साहपूर्वक निकाला गया महावीरी झंडा जुलूस



**बलिया।** महावीरी झंडा उत्सव हनुमान गढ़ी गंगा तट भरौली से हनुमानजी की विशाल प्रतिमा के एवं गाजे बाजे के साथ प्राचीन शिव मंदिर भरौली के पुराना बाजार से हवन पूजन के पश्चात भरौली गोविन्दपुर गांव का परिक्रमा करते हुए महावीरी झंडा जयघोष के साथ आगे बढ़ता गया। हर साल की भांति इस साल भी महावीरी झंडा जूलूस हर्षोल्लास के साथ निकला। जूलूस भरौली गोलम्बर के पास स्थित हनुमान जी के मंदिर के बाद भरौली धर्मशाला एवं गोविंदपुर के गोड़वा साधु जी की कुटिया, मां काली के मंदिर, कोइलावीर बाबा के स्थान से होते हुए पुनः हनुमान गढ़ी मंदिर के पास जुलूस पहुंची। जिसमें गांव के हजारों की संख्या में लोग बहुत ही उत्साह के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान भक्त जय हनुमान के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस महावीरी झंडा को पंडित राजू दुबे ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न कराया।

### पांच दिन विलंब से शुरू हुई गेहूं की खरीद



**बैरिया (बलिया)।** योगी सरकार द्वारा निर्धारित तिथि एक अप्रैल से किसानों की शुरू होने वाली सरकारी गेहूं की खरीद पांच दिन बिलंब से बुधवार को कृषि मंडी समिति सोनबरसा (रानीगंज) में शुरू हुई। पहले दिन सोनबरसा के दो किसान बैकुंठ सिंह का एक सौ कुंतल तथा उदय प्रताप सिंह का एक सौ कुंतल कुल 200 कुंटल गेहूं की खरीद हुई। गेहूं क्रय केंद्र के प्रभारी वरिष्ठ हाट निरीक्षक रत्न कृष्णम ने बताया कि अभी तक दो सौ किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। जिसके सत्यापन की प्रक्रिया चल रही हैं। 15 जून तक गेहूं की सरकारी खरीद की जायेगी।

### हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

**बलिया।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री हनुमान जी मंदिर गुरुद्वारा रोड बलिया में हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम छह अप्रैल दिन गुरूवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों को इसमें आने की अपील की।

### 30 प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**बलिया।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के तत्वावधान में मां सुरसरी सेवा संस्थान कथरिया द्वारा सियर ब्लॉक के फरसाटार ग्राम में स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं के लिए सुक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम एमईडीपी के अंतर्गत ड्रेस डिजाइनिंग वस्त्र निर्माण पर 14 मार्च से 28 मार्च तक 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, प्रशिक्षण की समाप्ति पर आज समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एलडीएम बलिया राजकुमार पाण्डेय और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने सभी 30 प्रतिभागियों को सफलता पूवर्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र के साथ साथ स्टाइपेंड के रूप में 750 रुपये की प्रदान किया गया। एलडीएम राजकुमार पाण्डेय और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर से अपनी आजीविका में वृद्धि कर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने का कार्य करेंगी, साथ ही दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगी। डॉ. सुधीर कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन मां हरीश चंद्र ने किया।

### अध्यक्ष बनने पर राजमंगल यादव का हुआ स्वागत



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के दूसरी बार अध्यक्ष मनोनीत होने पर राज मंगल यादव का जोरदार स्वागत किया गया राज मंगल यादव लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से बलिया स्टेशन पर उतरे जहां कार्यकताओं का हुजूम उनका स्वागत किया तथा वहीं से सीधे नव मनोनीत अध्यक्ष पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे जहां पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित जनपद के कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर रामगोविंद, अंबिका, मोहम्मद रिजवी, संग्राम सिंह यादव, जयप्रकाश अंचल, राजीव राय, सनातन, छोटेलाल राजभर, अरविन्द, पूर्व चेयरमैन, लक्ष्मण गुप्ता, सुशील पाण्डेय, राजन कन्नौजिया, बंसी यादव, अजय यादव, रविंदर, डॉ. एसएस इस्लाम, डॉ. वीरेन्द्र, हरिशंकर, रमाशंकर यादव, सेराज, मिन्टू खां, सुभाष यादव, रामेश्वर पासवान, शशिकांत चतुर्वेदी, चंद्रशेखर सिंह, बीके सिंह, सोनू आनंद, भीम, कृष्णा, कुबेर, शैलेश, राघव सिंह, निशु, अनन्त, विजय शंकर यादव, भीष्म यादव, हरेंद्र, संकल्प सिंह, धनंजय सिंह बिसेन, दीवान सिंह, जमाल आलम आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज की पौष्टिकता का है महत्वपूर्ण योगदानः खण्ड विकास अधिकारी

**नगरा।** बाल विकास परियोजना नगरा के तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ब्लाक क्षेत्र में पोषण पखवाड़ा को जन जागरूकता से अभियान के साथ मनाया। प्रत्येक वर्ष चलने वाले इस अभियान का शुभारम्भ 20 मार्च को करके सरकार के मिशन पोषण पखवाड़ा कार्य योजना पर संकल्प के साथ कार्य में मोटे अनाज के प्रयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के लिए जागरूक किया गया। 3 अप्रैल तक चले अभियान के समापन अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने कहा कि आज के परिवेश में श्री अन्न योजना में स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज की पौष्टिकता का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम को जिस लगन ओर तत्परता से आंगनबाडी केन्द्र की कार्यकत्रियों ने गांवों में लोगों के बीच में जाकर बालक-बालिकाओं में जागरण किया यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। आंगनबाड़ी की कार्य पद्धति जमीनी स्तर पर प्रदर्शित करने वाला होता है इसके कायाकल्प के अन्तर्गत सुदृढ़ीकरण के लिए हर सम्भव प्रयास करने को आश्वस्त किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी विशाल कुमार यादव ने कहा कि इस सफल अभियान के पश्चात भी आंगनबाड़ी की जिम्मेदारी काफी बढ़ जा रही है। स्वास्थ्य के प्रति हर सम्भव तत्परता से तैयार रहकर बच्चों में पौष्टिक मजबूती की आवश्यक पूर्ति हेतु मोटे अनाज के प्रयोग के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी राहुल कुमार सिंह, एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह, त्रिलोकी नाथ प्रजापति, अनिल राम यूनिसेफ, मुख्य सेविका अर्चना गुप्ता, राजमुनी सहित आंगनबाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



# देहात क्षेत्रों में बनेंगे 30 नये प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र

**अच्छी खबर**

### अब ग्रामीण क्षेत्रों में होगी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर

**बलिया।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिये सरकार तत्पर है। इसके लिये समय-समय पर योजना बनाकर धरातल पर उतारा जा रहा है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 30 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण होगा। शासन से इसकी स्वीकृति मिल गई है। सात उपकेंद्रों का पैसा भी आ गया है, जिसकी निर्माण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अन्य उपकेंद्र के भवनों के निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग चयनित ग्रामसभा में जमीन की तलाश में जुटी है। केंद्रों के निर्माण पर करीब नौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध हो जाएगी, झोलाछाप चिकित्सकों से छुटकारा मिलेगा।

जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने के लिए 17 विकास खंड के विभिन्न ग्रामसभाओं में 50 उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसमें 30 के निर्माण पर मुहर लग गई है। कोटवा, दुबहड़ और हनुमानगंज विकास खंड में सात उपकेंद्र के निर्माण के लिए धन स्वीकृत हो गया है। एक उपकेंद्र के निर्माण पर विभाग 30 लाख रुपये खर्च करेंगा। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर फार्मासिस्ट, एएनएम और आशा की तैनाती की जाएगी।

### अन्य केंद्रों के लिये जमीन की तलाश जारी

इस संबंध में एनएचएम डीपीएम ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शासन से 30 उपकेंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिली है। अभी सात के लिए धन आ गया है। अन्य केंद्रों के निर्माण के लिए जमीन की तलाश चल रही है। ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। इन उपकेंद्रों पर इलाज के साथ प्रसव की सुविधा मिलेगी। मरीज की ज्यादा गंभीर हालत होने पर सीएचसी, पीएचसी या जिला अस्पताल रेफर करेंगे।

## चंद्रशेखर हॉफ मैराथन में प्रथम दिन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा सैकड़ा पार



**बलिया।** श्रद्धेय चन्द्रशेखर की जयंती पर में 19 अप्रैल को राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति द्वारा आयोजित पंचम चंद्रशेखर हॉफ मैराथन सद्भावना दौड़ में 05 अप्रैल से 17 अप्रैल 2023 तक आनलाईन पंजीयन का समय निर्धारित किया गया है। 18 अप्रैल को रिपोर्टिंग डेट के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण का निर्धारण हुआ है। सचिव उपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रथम दिन साईट खुलते ही 113 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें गुजरात, राजस्थान, हरियाणा जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के साथ साथ उप्र के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि बलिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए खिलाड़ी बहुत ही उत्साहित हैं। समिति के पदाधिकारी सफल आयोजन हेतु जीजान से जूटें हुए हैं।

# लाले लाल चुनरी माई के श्रृंगार सोभेला

**कार्यक्रम**

### चइता-चैती का श्रोताओं ने रात भर उठाया आनंद



चैता में कार्यक्रम प्रस्तुत करते गायक।

**मझौंवा।** ग्राम पंचायत दयाछपरा ढाले के उत्तर परव के मध्य चार मौजा के सिवान पर स्थित हरषु ब्रह्म बाबा स्थान पर बाबा के पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार से आयोजित हरिनाम संकीर्तन का पूणार्हुति के साथ मंगलवार की रात्रि विशाल चइता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भरत सिंह रहे।

चैता का शुभारम्भ सर्व प्रथम विद्वान बेद पाठियो द्वारा सस्वर स्वतिवाचन करने के उपरान्त मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भरत सिंह ने उपस्थित गायक आरा विहार निवासी सुरेश तिवारी व सिवान बिहार निवासी गायक साहब गिरि को माल्यार्पण व अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

सर्व प्रथम आरा विहार निवासी सुरेश तिवारी ने गौरी गणेश के बंदना करते हुए देवी पचरा, लाले लाल चुनरी माई के श्रृंगार सोभेला के साथ ही आजू चयित हम गाईब्ब हे राम ऐही ठैया गा कर उपस्थित जन समूह को झूमने पर विवश कर दिया। तो वही बिहार सिवान के गायक साहब गिरि ने मां सरस्वती की वंदना के साथ देवी पचरा, कहवा बेलमलु हो भवानी मईया कहवा बेलमलु हो, ए मईया लोहा के कराहवा नईखे डोलत सेवकावा तोहार बाट जोहे हो गा कर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। उसके बाद दोनों गायकों ने बारी बारी से राम चरित मानस व भगवत गीता के विभिन्न चौपाइयों के साथ गीत संगीत के एक से एक बढ़कर स्वर लहरिया उड़ाते रहे। आयोजन समिति के मनोज कुशवाहा, मुनमुन पाण्डेय, मगन तिवारी, संजय सिंह, पतिराम सिंह आदि मौजूद रहे।

### कंचन के नृत्य के कायल हुए श्रोता

मंगलवार के रात्रि हरषु ब्रम्ह बाबा स्थान पर आयोजित शानदार चइता मुकाबला में गायक सुरेश तिवारी के साथ आई नर्तकी कंचन देवी के नृत्य का दर्शक कायल हो गए। शास्त्रीय नृत्य की शैली मे ताल, लय, धुन के साथ थिरकन से दर्शक झूम उठे। दर्शको का कहना था कि आज के जमाने में यह नृत्य कही भी देखने को नहीं मिलता। आज तो नृत्य के स्थान पर फूहड़ता परोसा जा रहा है। पर कंचन की नृत्य शैली वाकई में आनंदित करने वाला है। दर्शक पूरी रात्रि चइता, चैती, के साथ ही नृत्य का आनन्द उठाते रहे।

# अनुकरणीय है निषाद राज का किया हुआ कार्य

**बोले जैनेंद्र कुमार**

### निषादराज की धूमधाम से मनायी गयी जयंती

जनसंदेश न्यूज



जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते जैनेंद्र पांडेय।

**बलिया।** गड़वार ब्लाक मुख्यालय पर निषाद राज गुह महराज की जयंती गोविंदपुर गांव में आयोजित की गई। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता जैनेन्द्र कुमार पांडेय मिंटू ने कहा कि निषाद राज जी का जो कार्य है वो अनुकरणीय है। जिन प्रभु राम का नाम से जीवन का भव सागर पार करते हैं उनको नदी पार करने में निषाद राज ने काम किया। आजाद भारत में सबसे पहले किसी निषद को कैबिनेट मंत्री बनाने का कार्य इन्दिरा गांधी ने किया।

मछली पालन और बालु, पोखरे पर अधिकार देने का कांग्रेस के शासनकाल में हुआ। आज की सरकार ने झुनझुना पकड़ा कर ठगने का कार्य किया है। सोनम बिंद ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में निषाद समाज को उचित भागीदारी के ठोकर खाने के लिए मजबूर हैं।

सिर्फ लालीपाप दिखा कर वोट लेने का कार्य किया गया। निषाद समाज को प्रियंका गांधी ने विधानसभा चुनाव में उचित भागीदारी दी बाकी सभी ने झलने का कार्य किया है आने वाले दिनों में निषाद राज की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजेश बिंद और संचालन कन्हैया पांडेय ने किया। इस अवसर पर हीराराम, वशिष्ठ बिंद गुडडू बिंद, अभिराम बिंद, रामकांत बिंद, धनावती बिंद राजमुनी बिंद, तेतरी बिंद, उमा बिंद, राजकुमारियां बिंद, सन्तोष बिंद आदि उपस्थित रहे।

## राजीव उपाध्याय को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**बलिया।** विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ ने राजीव कुमार उपाध्याय को प्रदेश संरक्षक बनाकर उत्तर प्रदेश में एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। जैसे इसकी जानकारी जनपद बलिया में हुई सभी ने राजीव उपाध्याय को बधाई दी है। श्री उपाध्याय फेफना विधानसभा क्षेत्र के कोरंटाडीह उजियार के निवासी है और लोकसभा बलिया से कांग्रेस से चुनाव भी लड़े है। कांग्रेस पार्टी में जिला व प्रदेश कमेटी में बड़े ओहदे पर भी रहे है।

जनसंदेश से बातचीत में राजीव उपाध्याय ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है उसको बेहतर तरीके से निभाने का प्रयास करूंगा। साथ ही महासंघ के नियमों के तहत प्रदेश में बेहतर कार्य किये जायेंगे।

# प्रीतम हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**क्राइम**

### एक दर्जन से अधिक युवकों ने की थी प्रीतम की पिटाई

**बलिया।** शहर से सटे देवकली गांव में दो दिन पहले बिहार के युवक शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बक्सर (बिहार) के डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ निवासी प्रीतम पाठक की रविवार की रात पीटकर हत्या कर दी गयी। इस मामले में मृतक के चाचा पिंटू पाठक की तहरीर पर पुलिस हत्या का केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

इसी बीच, पुलिस को पता चला कि हत्या में मुख्य भूमिका की हत्या में बांसडीहरोड के परिखरा निवासी रोहित मिश्र की है। मृतक द्वारा मौसेरी बहन से दूर रहने की चेतावनी देने के बाद रोहित ने अपने एक दर्जन से अधिक दोस्तों के साथ रास्ते में घेरकर प्रीतम पर हमला बोल दिया। गंभीर रुप से घायल होने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

पुलिस ने मंगलवार को बांसडीहरोड के परिखरा निवासी अनीश सिंह व नरायनपुर घघरौली निवासी अनुज राय को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या से जुड़ी पूरी बात पुलिस को बतायी।

सूत्रों की मानें तो इस हत्याकांड में अब तक रोहित समेत पांच लोगों की पहचान हो चुकी है, जबकि अन्य आठ-दस अज्ञात के शामिल होने की सम्भावना है। फिलहाल पुलिस दो को गिरफ्तार कर सकी है, जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य फरार है।

इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी का कहना है कि मामले की छानबीन करने के साथ ही अन्य आरोपितों की तलाश हो रही है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# 63 लाख से होगा एकौनी पुलिया का निर्माण

**राहत**

### कवायद में जुटा लोक निर्माण विभाग

**बलिया।** करीब पांच वर्षों के लंबे इंतजार के बाद फेफना क्षेत्र में आवागमन की सुविधा अच्छी होने जा रही है। शासन की स्वीकृति के बाद एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण की कवायद तेज हो गई है। बताया जाता है एकौनी-पक्का कोट मार्ग पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त होने से कई वर्षों से आवागमन प्रभावित था। लोगों को दूसरे रास्ते होकर रसड़ा या पीपा पुल होते हुए चितबड़ागांव जाना पड़ता था लेकिन अब यह समस्या आने वाले दिनों में दूर होने वाली है। जिले के एकौनी मार्ग पर 63 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड इसकी कवायद मं जुट गया है। निर्माण की समय सीमा नौ माह निर्धारित की गई है। पुलिया बनने से कई गांवों के लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। एकौनी-पक्का कोट मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नया पुलिया का निर्माण कराने के लिए शासन की ओर से 63 लाख की स्वीकृति मिली है। यह पुलिया इस वर्ष के अंत तक बन कर तैयार हो जाएगी।

### पुलिया निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एकौनी मार्ग पर पुलिया निर्माण की मांग पिछले पांच वर्षों से विभिन्न गांवों के लोग कर रहे थे। अब इसके निर्माण की उम्मीद जग गई है। पुलिया के बनने से इस क्षेत्र के एकौनी के अलावा पक्का कोट, जगदीशपुर, पियरिया, बहादुरपुर, सिंहाचवर होते हुए रसड़ा जाना-आना आसान हो जाएगा। इसके अलावा, इस पुलिया से होते हुए टोंस नदी का पीपा पुल पार कर लोग कम समय में चितबड़ागांव बाजार जा सकेंगे।

## 5वीं के बच्चों को विदाई समारोह में किया गया पुरस्कृत



**मझौवां।** शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के प्रा,वि नारायणपुर में कक्षा 5वीं के बच्चों को विदाई समारोह में हमारे प्रा,शिक्षक संघ बेलहरी के मंत्री शशिकांत ओझा, एआरपी अजयकांत यादव कम्पोजीट वि, दीघार के प्र,अ राजेश शर्मा के द्वरा बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक दिनकर झा मंजूर हुसैन, संजय मिश्रा सूर्य प्रकाश यादव अजय राम सुरेन्द्र मिश्रा निशा पांडेय कमलावती देवी जमुनी देवी राजनाथ यादव चिन्ता देवी एवं ग्रामीण बन्धु एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# सुभासपा पूरी दमदारी से लड़ेगी निकाय चुनाव

जनसंदेश न्यूज



**रसड़ा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी नगर निकाय का चुनाव पूरी दमदारी के साथ लड़ेगी और एक नई ताकत के रूप में सबके सामने आयेगी। इसके लिए कार्यकत्रा पूरे दम-खम के साथ लग जायें। रसड़ा के गांधी पार्क में बुधवार को आयोजित कार्यकत्रा सम्मान समारोह का आवेदन आयोजन किया गया था, जिसके मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक ओमप्रकाश राजभर थे।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने संबोधित करते हुए उन्होंने उक्त बातें कहीं। इसके पूर्व कार्यक्रम स्याल्दे भारतीय समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता यशवंत सिंह ने ओमप्रकाश राजभर व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर को चांदी का मुकुट पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। तपश्चात दो दर्जन कार्यकत्राओं को माल्यार्पण अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री राजभर ने कहा कि जातीय जनगणना से ही गरीबों, पिछड़ों, दलितों, वंचितों को उनके हक व अधिकार मिल सकेगा, किंतु सरकार इस पर पूरी तरह चुप है।

घरेलू बिजली मुफ्त, एक देश एक शिक्षा व मुफ्त चिकित्सा में भले ही देर लगे किंतु इसे भी हासिल करके ही दम लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हक व अधिकार मिल सके उसके लिए नौकरी सहित सभी स्थानों पर उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाय, ताकि वे पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगी। प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र बहादुर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुलामों को गुलामी का एहसास करा दो वे खुद अपनी हक व हिस्सेदारी ले लेंगे।

इस मौके पर जगेसर राजभर मनोज गुप्ता संजय कुमार, जावेद अंसारी, सुनील सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, द्वारिका सिंह, उमरावती सिंह, अंशु राजभर, कृष्णमोहन सिंह ने आदि ने संबोधित किया। संचालन दिनेश राजभर ने किया।

# सोनाडीह में आयेंगे मुख्य सचिव डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा



**बलिया।** सीयर ब्लॉक अर्न्तगत सोनाडीह में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र 15 अप्रैल को आयेंगे और विकास कार्यों का जायजा लेंगे। सोनाडीह में प्राचीन मंदिर मां का दर्शन भी करेंगे। मुख्य सचिव के आगमन को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मंगलवार की शाम सोनाडीह पहुंचे, यहां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह पहले से यहां मौजूद थे।

करीब एक घण्टे तक जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह के साथ कार्यक्रम का निरीक्षण करते रहे। वैसे इस धार्मिक स्थल पर ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से विकास कार्य कराये गये है, यही नहीं खुद स्वयं मजदूरों के साथ ब्लॉक प्रमुख ने श्रमदान भी किया है। इस समय सोनाडीह प्राचीन धार्मिक स्थल आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वैसे इस स्थल पर दूर-दराज से लोग मां के दर्शन के लिए आते है। आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर सहित अन्य जनपदों से लोग आते है। यही नहीं बिहार से भी लोग सोनाडीह में आते है। आलोक सिंह ने जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को सोनाडीह के धार्मिक स्थल के बारे में जानकारी भी दी है।

### 15 व 16 अप्रैल को रहेंगे मुख्य सचिव

**बलिया।** सीयर ब्लॉक क्षेत्र के सोनाडीह के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर के पैतृक गांव इब्राहिम पट्टी स्थित हॉस्पिटल का भी निरीक्षण करेंगे, उसके बाद सांसद, मंत्री व विधायको के साथ बैठक भी करेंगे। मुख्य सचिव के आगमन को लेकर तैयारिया जोर शोर से चल रही है। वैसे उनका आगमन बलिया में दूसरी बार हो रहा है। पहली बार मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र 19 अगस्त 2022 को बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर आये थे और विभिन्न कार्यक्रमों में वे शामिल हुए थे।

### सोनाडीह में स्थित है मां भगेश्वरी मंदिर

**बलिया।** जिले के बेल्थरारोड तहसील मुख्यालय से 15 किमी पश्चिम दिशा में मां भगेश्वरी मंदिर सोनाडीह में यह प्राचीन मंदिर अवस्थित है। इस स्थल पर मुख्य सचिव दुर्गा मिश्र का आगमन 15 अप्रैल को होगा।

## बकाये वेतन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** सिकंदरपुर तहसील के ग्राम चड़वा बरवा निवासी सेवानिवृत माली विनोद कुमार राय ने बुधवार को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया को ज्ञापन सौंप बकाये वेतन की मांग की है। ज्ञापन देते हुए कहा कि विनोद कुमार राय ने बताया कि 31 अगस्त 2020 को माली के पद से सेवानिवृत हुआ था। अब तक बकाया पैसा नहीं मिला। इस मामले में श्री राय ने कई बार उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्री राय ने बताया कि अगर 10 अप्रैल तक मेरी मांग पूरी नहीं की गयी तो 11 अप्रैल से जीराबस्ती स्थित कार्यालय वन बिहार में धरना प्रदर्शन करूंगा। इसी क्रम में सेवानिवृत उपक्षेत्रीय वन अधिकारी गुलबदन राम ने बकाये वेतन की मांग को लेकर प्रभागीय निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि अगर मेरी मांग को पूरा नहीं किया गया तो कार्यालय जीराबस्ती वन विहार में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करूंगा। वहीं गिरजा पांडेय पत्नी सेवानिवृत वनरक्षक स्व. हरिशंकर पांडेय ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग को ज्ञापन सौंपी है।

# चार मार्गों की सुधरेगी दशा, एक बंधा का होगा निर्माण

**कवायद तेज**

### ब्लैक स्पॉट पर होगा रोड सेफ्टी का कार्य सड़कें होगी दुरूस्त

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जनपद की जर्जर सड़कों को सुधारने की कवायद तेज हो गयी है। जिले में चार मार्गों की दशा सुधारी जाएगी। इसमें एक बंधे का निर्माण भी होगा जो टोंस नदी की बाढ़ से कई गांवों को सुरक्षित करेगा। यह बंधा कुल 11.70 करोड़ की लागत से बनेगा।

लोक निर्माण विभाग ने इन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। टेंडर आवंटन के बाद कार्य भी शुरू होगा। इसमें लोक निर्माण विभाग की ओर से चिह्नित दो ब्लैक स्पॉट पर रोड सेफ्टी का कार्य कराया जाएगा। हर वर्ष टोंस नदी की बाढ़ आने के कारण रसड़ा क्षेत्र के कई गांवों के साथ ही सीमावर्ती गाजीपुर जनपद के भी कुछ गांव प्रभावित हो जाते हैं।

अब लोक निर्माण विभाग की ओर से इन गांवों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 117 लाख की लागत से रसड़ा प्रधानपुर मार्ग के बखरिया चट्टी से डुमरी कोठी होते हुए बंधा निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा 115 लाख की लागत से ग्रामसभा बुढऊ से उड़िया बाबा स्थान से पश्चिम टोला होते हुए कुरेजी तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। यह मार्ग वर्षों से जर्जर होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

विभाग ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन से स्वीकृति के बाद विभाग ने इस मार्ग के निर्माण को टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके साथ ही रसड़ा मार्ग पर हरदेव के मकान से छितौनी दूरसंचार कार्यालय होकर कमतैला गांव तक संपर्क मार्ग का निर्माण 59 लाख की लागत से कराया जाएगा। सभी के टेंडर आवंटन से छह माह में कार्य पूरा कराने की समय सीमा निर्धारित है।

इस संबंध में सीपी गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण बलिया वृत्त ने बताया कि एक बंधा, दो सड़क निर्माण के साथ ही दो मार्गों पर ब्लैक स्पॉट के पास रोड सेफ्टी के कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। आवंटन के बाद कार्य शुरू कराए जाएंगे।

### ब्लैक स्पॉट पर होगा रोड सेफ्टी का कार्य

लोक निर्माण की ओर से अब सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को भी दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से चिह्नित दो ब्लैक स्पॉट पर रोड सेफ्टी के तहत 11.75 लाख से कार्य कराया जाएगा।
इसमें 7.90 लाख की लागत से इंदरपुर ब्लैक स्पॉट पर रोड सेफ्टी के तहत कार्य तथा 3.85 लाख से सिसवार ब्लैक स्पॉट पर रोड सेफ्टी के तहत कार्य कराए जाएंगे। विभाग की ओर से इन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर आवंटन के बाद तीन माह में यह कार्य पूरे कराए जाएंगे।

# अज्ञात कारणों से खेत में आग लगने से 12 बीघा फसल जलकर राख



**कोपागंज, मऊ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत काछीकला गांव के उत्तर दिशा चिरकूटहवा ट्यूबेल पर बुधवार को अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते करीब 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गया। किसानो ट्यूबेल पर नशेड़ियों द्वारा चिलम की चिंगारी से खेतों में आग लगने की संभावना व्यक्त किया है।

उधर गेहूं के खेत में आग की लपटें देख जैसे ही किसानों को लगी दौड़े-दौड़े हुए खेतों पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तेज पछुआ हवा और आग की भयावहता देख किसानों के होश उड़ गए। और धीरे चल कर आग अगल बगल के खेतों तक पहुंचने लगा और देखते ही देखते 1 दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में आग पहुंच गया। जिसके बाद किसानों ने फायर ब्रिगेड और स्थानी थाने में सूचना दी। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे फायर विभाग के जवानों ने करीब 1 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। उधर आग की विकराल रूप देख ग्रामीण साहब गए। पास में स्थित मदर मार्डन स्कूल के बच्चों में अफरातफरी मच गई। अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते गांव निवासी जयप्रकाश राय, प्रमोद राय, रामाकांत राय, अखिलेश राय सुधाकर राम, धीरू राजभर, बिरजू राजभर अविनाश, जयराम, अमीन, टिल्लू, पुनवासी त्रिभुवन, विजय, विपिन आदि किसानों के करीब 1 दर्जन से अधिक बीघा गेहूं की फसल जलकर भस्म हो गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर के मार्गदर्शन में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 15 अप्रैल को आर्बिट्रेशन के निष्पादन मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है।

उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण एवं नोटिसों का तामीला करने हेतु बुधवार को अभिनय कुमार मिश्रा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार उपस्थित रहे। अभिनय कुमार मिश्रा सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन के लंम्बित मामलों के निस्तारण हेतु आमजन मानस, वादकारीगण व अधिवक्तागण से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत में सम्बन्धित वादों का निस्तारण कराकर लाभान्वित होएं।

## जनपद का नाम कल्पनाथ राय रखा जाये : वैष्णवी

**मऊ।** कल्पनाथ राय स्मृति संस्थान के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्तागण एवं कांग्रेसजनों नें कल्पनाथ राय स्मृति संस्थान की अध्यक्ष व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य वैष्णवी राय के नेतृत्व में नगर पालिका कम्यूनिटी हाल बकवल, मऊ जाकर एके शर्मा कैबिनेट मंत्री उप्र सरकार को ज्ञापन सौंपा। वैष्णवी राय ने कहा कि हम लोग ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करते हैं कि मऊ जनपद मुख्यालय पर स्थित सार्वजनिक चैराहे पर मऊ जनपद के जन्मदाता निर्माण एवं विकास के पर्याय विकास पुरूष भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. कल्पनाथ राय की प्रतिमा लगायी जाय तथा चैराहे का नाम भी कल्पनाथ राय चैराहा किया जाय। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग किया कि मऊ जनपद का स्व. कल्पनाथ राय जी के नाम से रखा जाय। ज्ञापन देने वालों में से प्रमुख रूप से डा. सुधा राय, योगेन्द्र ओझा, बच्चन सिंह, अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, शशिकान्त राय, लालजी पाण्डेय, अनिल जायसवाल, तैयब खान मनोज गिहार, विवेक राय, सूर्यप्रकाश राय, विनय गौतम, अनिता गौतम, सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# बंदगी करने वाले हर शख्स की ख्वाहिश अल्लाह पूरी करता है

**इबादत का महीना**

### रमजान का अर्थ है जलना यानी रोजा रखने से सारे गुनाह जल जाते हैं

**देवेन्द्र कुशवाहा**

**कोपागंज, मऊ।** रमजान के महीने को इबादत का महीना कहा जाता है। इस दौरान बंदगी करने वाले हर शख्स की ख्वाहिश अल्लाह पूरी करता है। रमजान का अर्थ है जलना यानी रोजा रखने से सारे गुनाह जल जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक नवां महीना रमजान का होता है। इसमें सभी मुस्लिम समुदाय के लोग एक महीना रोजा रखते हैं।

मुस्लिम समुदाय में रमजान को इसलिए भी खास माना जाता है, क्योंकि इसी दौरान इस्लामिक पैगम्बर मोहम्मद साहब के सामने कुरान की पहली झलक पेश की गई थी। लिहाजा रमजान को कुरान के जश्न का भी मौका माना जाता है। रमजान एक अरेबिक शब्द है। ये अरेबिक के रमीदा और रमद शब्द से मिलकर बना है। इसका मतलब चिलचिलाती गर्मी और सूखापन होता है रमजान के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे एक महीने व्रत(रोजा) रखते हैं। इस्लाम में रोजा को फर्ध (ईश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करना) माना गया है। इस दौरान कुछ लोगों जैसे बीमार होना, यात्रा करने, गर्भावस्था में होने, मासिक धर्म से पीड़ित होने एवं बुजुर्ग होने पर इन्हें रोजा रखने की पाबंदी होती है। रोजे के दौरान रोजेदार पूरे दिन बिना कुछ खाए पिए रहते हैं। हर दिन सुबह सूरज उगने से पहले थोड़ा खाना खाया जाता है। इसे सुहूर (सेहरी) कहते हैं, जबकि शाम ढलने पर रोजेदार जो खाना खाते हैं उसे इफ्तार कहते हैं। रमजान के दौरान खास दुआएं पढ़ी जाती हैं। हर दुआ का समय अलग अलग होता है। दिन की सबसे पहली नमाज को फज्र कहते हैं। जबकि रात की खास नमाज को तारावीह कहते हैं तराविह की हर सजदा पर 20000 सवाब मिलता है। रमजान के दौरान रोजेदारों को बुरी सौहबतों से दूर रहना चाहिए, उन्हें न तो झूठ बोलना चाहिए, न पीठ पीछे किसी की बुराई करनी चाहिए, और ना ही लड़ाई झगड़ा करना चाहिए। इस्लामिक पैगंबरों के मुताबिक ऐसा करने से अल्लाह की रहमत मिलती हैं। रमजान के दौरान पूरे महीने कुरान पढ़ना चाहिए।

### पैगंबरों के मुताबिक कुरान को इस्लाम के पांच स्तम्भों में से एक माना गया है

1- रोजे के वक्त कुरान पढ़ने से खुदा बंदों के गुनाह माफ करते हैं और उनके लिए जन्नत का दरवाजा खोलते हैं
2- रमजान के वक्त रोजेदारों को दरियादिली दिखानी चाहिए
3- दान (जकात) देना चाहिए। इससे उन्हें सबाब(पुण्य) मिलेगा
4- लोग इस दौरान मस्जिदों में मुफ्त में लोगों को खाना खिलाते हैं
5- लोग जरूरतमंदों को जरूरी सामान भी बांटते हैं

# वार्षिक शुल्क के नाम पर वसूली जा रही मोटी रकम

**शिक्षा का हाल**

### अभिभावकों में आक्रोश, प्राइवेट स्कूल कर रहे शोषण

**बैरिया (बलिया)।** कमीशन, कमीशन, कमीशन इस कमीशन ने अभिभावको के नाक मे दम कर दिया है। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। एक से दो माह के फीस के साथ स्कूलों में वार्षिक शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूलने का कार्य निजी विद्यालयों द्वारा शुरू कर दिया गया है।

कॉपी, किताब निर्धारित प्रकाशन से ही खरीदना अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गई है। जिसमें निजी विद्यालय संचालको को मोटी कमीशन मिल रही है। जिसमें एलकेजी से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों के लिए किताब कापी खरीदने में अभिभावकों को अपना जेब ढीला करना पड़ रहा है। आलम यह है कि एनसीआरटी की 256 पन्नों की एक किताब की कीमत 65 रुपये है। जबकि निजी प्रकाशन 167 पेज की किताब 305 रुपए में बेच रहे हैं। अभिभावकों का यह सवाल है कि आखिर कौन सी किताबें स्कूल पढ़ा रहा है। जो 500 रुपये से 600 रुपए में मिल रही है। ऐसा क्यों? अभिभावकों का कहना है कि निजी प्रकाशनों व विद्यालयों के मिलीभगत से निजी प्रकाशन के पुस्तकों को खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया जाता है। जिसमें मोटी रकम कमीशन के तौर पर निजी विद्यालयों के संचालकों को मिलती है।

### जिलाधिकारी स्तर से होगी कार्रवाई

इस बाबत पूछने पर खंड शिक्षाधिकारी बैरिया पंकज मिश्रा का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी स्तर से ही कोई कार्रवाई हो सकती है। शिकायत मिलने पर उसे हम लोग अधिकारियों के पास रिपोर्ट अग्रसारित कर देंगे। जो करना है वही करेंगे। उन्होंने कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में भी अच्छी पढ़ाई हो रही है। अभिभावकों को अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय में भेजना चाहिए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सदरपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(रामराज यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सदरपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(कृष्णमुरारी यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. सदरपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत खानपुर दोस्त, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(प्रमोद यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. खानपुर दोस्त, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(प्रमोद कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. खानपुर दोस्त, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत अहमदाबाद, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(दुर्गा यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. अहमदाबाद, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(संजय यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. अहमदाबाद, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर बरवां, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(नीलम)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रसूलपुर बरवां, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(मानस राय)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. रसूलपुर बरवां, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डवाड़ी, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(पप्पु कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. खण्डवाड़ी, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(मनोज कुमार यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. खण्डवाड़ी, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत अतरौलचक मिल्कान, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - उपेन्द्र | ग्राम प्रधान - सुमेर सिंह

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत गौरीताल घोसा, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - विनोद कुमार गुप्ता | ग्राम प्रधान - इन्दू यादव

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत किड़िहरापुर, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - संजय कुमार | ग्राम प्रधान - चिन्ता देवी

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

# पेड़ से बाइक टकराने से युवक की मौत

**साथी घायल**

**कमालपुर गांव स्थित आधी रात को हादसा, मचा कोहराम**

**जनसंदेश न्यूज**


दिनेश यादव।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर अंबेडकर मूर्ति के सामने मंगलवार की देर रात अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से एक युवक की मौत और एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। वहीं घायल की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल जनपद मऊ भेजा गया।

जानकारी के अनुसार मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी राम ध्यान यादव का बड़ा पुत्र दिनेश यादव उम्र 28 और सीताराम यादव का पुत्र अशोक यादव उम्र 26 वर्ष एक बाइक से मंगलवार की आधी रात को बाइक से कासिमाबाद जा रहे थे। जैसे ही कमालपुर अंबेडकर मूर्ति के सामने पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें दिनेश यादव की मौके पर मौत हो गई। वहीं अशोक यादव बुरी तरह घायल हो गया। घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा घायल और मृतक युवक को लेकर कासिमाबाद अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दिनेश यादव को मृत बताया, वही अशोक यादव की हालत नाजुक होने पर मऊ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक दिनेश यादव ड्राइवर का कार्य कर घर का जीविकोपार्जन करता था।दो भाईयों में बड़ा था।छोटा भाई धीरज यादव पढ़ाई करता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि परिजनों के तहरीर में मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की गई जान, साथी घायल

**रेवतीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के साईंबांध के समीप ताड़ीघाट बारा नेशनल हाइवे पर आज दोपहर करीब दो बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। आनन-फानन में ग्रामीणों व परिजनों के द्वारा 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान प्रीतम साह 18 पुत्र जोखन साह निवासी रेवतीपुर पट्टी तेजमल राय की मौत हो गई। जबकि राजू बारी पुत्र मुन्ना बारी उम्र करीब 16 वर्ष की गंभीर हालत बनी हुई है। ज्ञात हो कि दोनों युवक बाइक से गाजीपुर की तरफ जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से टकराने से बाइक सहित बीच रोड पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आवाज सुनकर कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवकों के मोबाइल से परिजनों का नंबर डायल कर सूचित किया और 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस को बुलाकर आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो प्रीतम साह की स्थिति मौके पर ही काफी गंभीर रूप में दिख रही थी।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला की मौत

**पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा कायम**

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के मतसा गांव में छोटे बच्चों के खेलकूद विवाद में एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। इधर, घटना के बाद से ही आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए है। पुलिस लगातार उनके घरों पर दबिश दे रही है। मतसा गांव निवासी मृत महिला मीता खरवार (52) के पुत्र नीरज खरवार ने बताया कि घर के बगल में स्थित मुस्लिम परिवार के बच्चों और उसके घर के छोटे बच्चों से खेलकूद में एक दिन पहले मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसे बड़े बुजुर्गों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन बीते मंगलवार की देर रात्रि को अचानक मुस्लिम परिवार के कुछ सदस्य उससे झगड़ा व ईंट पत्थर चलाने लगे। जब उसकी मां मीता खरवार बीच बचाव करने आई तो दूसरे पक्ष के लोगों ने हथियार व ईंट पत्थर से उसकी मां को घायल कर दिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मां की मौत हो गई। पीड़ित नीरज ने बताया कि वह तीन भाई व दो बहन है ,जो सभी घर पर ही रहकर जीवनयापन करते है। कोतवाली महेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।


मतसा गांव में महिला के मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

## संक्षेप

### पशु से टकराई बाइक,चालक घायल

**सेवराई।** अनियंत्रित बाइक सवार एनएच 124 सी पर जानवर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भदौरा में भर्ती कराया जहां घायल की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी लव कुमार चौधरी (22) पुत्र महेंद्र चौधरी बाइक से भदौरा की तरफ आ रहा था कि अभी करहिया गांव के समीप ईंट भट्ठे के पास पहुंचा ही था कि अचानक कोई जानवर बाइक से आ टकराया जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना गहमर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भदौरा पहुंचाया। जहां घायल की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय के रेफर कर दिया गया। इलाज कर रहे चिकित्सक डा. हारून ने बताया कि घायल की हालत नियंत्रण से बाहर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरिक्षक गहमर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि घायल की सूचना परिवार जनों को देने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में प्रमाण पत्र वितरित

**जमानियां।** क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर स्थित आदित्य इण्टर कालेज में बुद्धवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रभारी प्रधानाचार्य अनुराग पाण्डेय ने प्रमाण पत्र वितरित किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022 में प्रथम स्थान कक्षा 12 वीं की रिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान साक्षी कुमारी तथा तृतीय स्थान पर प्रिया कुमारी रही। परीक्षा में विद्यालय के 152 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया था। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य अनुराग पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृत के तथ्यों से अवगत कराते हुए बौद्धिक क्षमता में वृद्धि कराना है। इस मौके पर शिक्षक देवेन्द्र सिंह, अरुण कुमार, प्रवीण कुमार, प्रभाकर सिंह, विकास सिंह, किसलय सिंह, बबलू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### गोवंश के साथ तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

**सैदपुर।** नवागत महिला कोतवाल वंदना सिंह ने एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 3 गोवंश बरामद किए। हालांकि एक तस्कर फरार होने में सफल हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। सूचना के आधार पर कोतवाल वंदना सिंह, एसआई हैदर अली आदि ने भितरी अंडरपास में चेकिंग शुरू की। इस बीच भोर करीब पांच बजे एक बोलेरो आती दिखी। रोकने पर वो भागने लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा। उसमें बेरहमी से ठूंसकर भरे गए 3 गोवंश व 2 तस्कर मिले। इस बीच एक तस्कर गोलू उर्फ नेउर कुरैशी पुत्र हसनैन निवासी आगापुर राजापुर मौका पाकर फरार हो गया। वहीं दूसरे ने अपना नाम सलाम कुरैशी पुत्र वहीद कुरैशी बताया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### तमंचा-कारतूस के साथ शूटर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जंगीपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफतार किया है। थानाध्यक्ष जंगीपुर ने बताया कि बुधवार की रात्रि में संदिग्ध वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी के दौरान देवकठिया पुल के पास मुखबिर खास की सूचना पर छोटू बिन्द उर्फ शूटर पुत्र बिहारी बिन्द निवासी फुल्लनपुर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद किया गया।

### थोड़ी सी चूक में चली जाती जान

**गाजीपुर।** ट्रेन में यात्रा करते समय थोड़ी सी चूक जान पर खतरा बन रही है। पायदान पर बैठने, गेट पर लटकने व छत पर यात्रा करने में पिछले ढाई साल में दर्जनो लोग जान गवां चुके हैं। इसमें रेलवे को करोड़ों रुपये मुआवजे के तौर पर भुगतने पड़े। इसलिए अब शिकंजा कसा जा रहा है। गलती करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ जुमार्ना वसूली में तेजी आई है। जिले के ताजपुर डेहमा रेलवे स्टेशन से सैदपुर स्टेशन तक का इलाका गाजीपुर आरपीएफ के क्षेत्र में है। यहां से दो दर्जन ट्रेनें अप और डाउन के तौर पर चलती हैं। इनमें एक्सप्रेस व पैसेंजर दोनों शामिल हैं। इसके साथ साप्ताहिक ट्रेनें अलग से हैं। अक्सर लोग जल्दबाजी के चक्कर में ट्रेन के पायदान, छत या लटक कर जोखिम भरी यात्रा करते हैं। अपनों को खो देने के साथ रेलवे को लाखों रुपये की चपत भी लगी है। विभाग के मुताबिक यात्रा के दौरान किसी की जान जाने पर 10 लाख का आर्थिक मुआवजा देना पड़ता है।

### दुर्घटना का सबब बन रहे हाईवे के किनारे खड़े ट्रक

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग के किनारे कई स्थानों पर खड़े ट्रक, अवैध कट हादसों का सबब बन रहे हैं। अफसरों के कड़े दिशा निर्देश और फटकार के बाद भी एनएचएआई के अफसरों ने कार्रवाई नहीं की। शहर से निकले राष्ट्रीय राज्यमार्ग-19, 31 पर स्थित ढाबों पर ट्रकों का रेला लगा रहता है। कहीं होटलों के बाहर तो कहीं मोटर मैकेनिक की दुकानों के बाहर ट्रक खड़े रहते हैं। इसके अलावा नगर से लेकर जंगीपुर सीमा तक कई जगहों पर अवैध कट हैं, जिनकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। यातायात विभाग की ओर से समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर भले ही जागरुकता अभियान चलाया जाए पर सड़क सुरक्षा के नियम निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते। गोष्ठियों और सेमिनार में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ-पढ़ाया जाता है लेकिन हाईवे पर ट्रक और कंटेनर चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। ढाबों पर सबसे ज्यादा बड़े वाहन खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय हालात और अधिक अराजक होते हैं। नियमित चेकिंग न होने और चालान न कटने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है।

### प्रेम पाण्डेय के निधन से क्षेत्र में शोक

**सैदपुर।** संवाददाता आशुतोष पांडेय के दादा का निधन हो गया। वो 94 वर्ष के थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। नगर के वार्ड 14 निवासी आशुतोष पांडेय के दादा प्रेम पांडेय 94 वर्ष के थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। इस बीच तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें परिजन लेकर फौरन वाराणसी स्थित अस्पताल गए। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सैदपुर कस्बे के श्मशान घाट पर ही किया जाएगा।

### लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की बढ़ाई चिंता

**गाजीपुर।** मार्च माह के अंतिम सप्ताह में गर्मी लगातार रिकार्ड तोड़ रही है। पारे में बुधवार को दो डिग्री का और उछाल आ गया, जिससे अधिकतम पारा बढ़कर 37 डिग्री पर पहुंच गया। गर्मी की अधिकता के चलते लोग अकुलाहट महसूस करने लगे हैं। सुबह से ही मौसम में काफी गर्मी हो गई। सुबह के समय पारा 24 डिग्री पर स्थिर रहा, लेकिन दिन चढ़ने के साथ पारा चढ़ने लगा। सुबह 11 बजे तक पारा 34 डिग्री तक जा पहुंचा। दोपहर एक बजे पारा 35 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं, दोपहर दो बजे से सांय चार बजे तक पारा 37 डिग्री तक बना रहा।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष लालसा यादव के नेतृत्व में बुधवार को सरजू पाण्डे पार्क राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग खुद को बचाने के लिए राहुल के बयान को ओबीसी का अपमान बता रहे हैं जबकि पैसा लूटकर भागने वालों में एक भी ओबीसी के लोग नहीं है।

देश में आरएसएस, भाजपा की सरकार है। देश में जानवरों की गिनती हो रही है। मगर ओबीसी की गिनती नहीं हो रही है। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद ओबीसी हैं। इसके बावजूद भी भाजपा सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया गया कि वह ओबीसी की गिनती नहीं करेंगे। आरएसएस एवं भाजपा द्वारा ओबीसी की गिनती का विरोध करना ही ओबीसी समाज का सबसे बड़ा अपमान है। धरना प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में रामनिवास यादव,मनई राम बिन्द, नोवत सिंह मौर्य, चंद्रिका प्रसाद, दिलीप कुमार गौतम, अरुण कुमार गौतम, दशरथ भारती, रामआशीष भारती आदि रहें। संचालन संतोष यादव द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक माधव सरस्वती विद्या मन्दिर प्रकाश नगर में बुधवार को सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डा.राहुल ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान, ब्लाक कार्यकारिणियों के विस्तार, शिक्षक पदोन्नति एवं अन्य शिक्षक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विपिन सिंह, प्रदीप सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, राजेश दुबे, रामाशीब,सत्य प्रकाश राय, अभय, इंदु शेखर, विनय, चन्द्रकान्त, प्रशान्त, संतोष प्रकाश, अमित कुमार, संतोष प्रकाश, शैलेन्द्र नाथ, अवधेश, सुशील इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## फरार अपराधी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**गहमर।** हत्या के लिए उकसाने सहित विभिन्न धाराओं में वांछित फरार अभियुक्त फुननू उर्फ अमजद माता का नाम जुलेखा खातून निवासी गांव बसुका के घर बुधवार को पहुंची कोतवाली पुलिस ने मुनादी पिटवाकर न्यायालय के निर्देश पर कुर्की की नोटिस चस्पा की। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों में खलबली मची है। विगत 13 दिसंबर 22 की दोपहर बाद बसुका गांव में हसनैन अली की पत्नी शगुफ्ता बेगम(32) की संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर के एक कमरे में मृत अवस्था में मिला।

इस मामले में फुननू समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस की घेराबंदी और सख्ती के कारण अन्य अभियुक्त जेल चले गए लेकिन फुननू उर्फ अमजद अभी भी फरार है। न्यायालय के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में अभियुक्त के गांव में पुलिस फोर्स संग डुगडुगी पिटवाते हुए धारा 82 सीआरपीसी के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि नियत समय के अंदर यह हाजिर नहीं हुआ तो घर कुर्क कर लिया जाएगा।

# पटल कार्यालय नहीं खुलने से पीड़ितों में आक्रोश

**कासिमाबाद।** ठगी के शिकार पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक तहसील में एक पटल काउंटर खोलने का निर्देश दिया गया था। अभी तक पटल कार्यालय ना खुलने से ठगी के शिकार दर्जनों पीड़ितों ने बुधवार को कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर पटल कार्यालय खोलने के साथ शिकायत दर्ज करने का अपील किया। प्रदर्शन करने वाले सभी पीड़ितों ने बताया कि आइडोल इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, आइडोल इंडिया कारपोरेशन लिमिटेड,यूनिवर्सल किसान भूमि प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड, सफल किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड,समृद्धि इंडिया प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, डिपियर्स एलाउड कारपोरेशन लिमिटेड, प्रसार प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड,कृषि प्रसार प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड, पीएसीएल इंडिया लिमिटेड, वैभव परिवार इंडिया प्रोजेक्ट लिमिटेड,


कासिमाबाद तहसील पर प्रदर्शन करते ठगी के शिकार पीड़ित।

सहारा इंडिया परिवार सहित अन्य कंपनियों से जुड़े लोगों ने बताया कि 15 लाख से लेकर 10 हजार तक हम लोगों का पैसा इन कंपनियों में जमा है। उक्त कंपनियों के कार्यालय बंद है। ठगी पीड़ितों के लिए सभी तहसीलों में जिलाधिकारी ने निर्देश पर तहसील में कार्यालय खुल गया। जहां पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। लेकिन अभी तक कासिमाबाद तहसील में कार्यालय नही खुलने पीड़ित परेशान हैं और न्याय के लिए भटक रहे हैं। प्रदर्शन करने वाले लोगों में राम जी, रामबली ,अजीत, दीनानाथ, राजेंद्र, प्रभु नाथ राजभर ,राम अवध,राम निवास, श्रवण, शशी ,ओम प्रकाश, जयप्रकाश, जवाहर राम, मोहम्मद रुस्तम, महेंद्र राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस संबंध में कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने बताया कि पटल कार्यालय खुल गया है शिकायत दर्ज करने में कोई दिक्कत नहीं है।

# बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना अभियान का उद्देश्य : विशाल सिंह

**पहल**

**बीआरसी देवकली पर एमएलसी ने नवीन शैक्षिक सत्र का किया शुभारंभ**


बीआरसी देवकली पर नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ करते एमएलसी विशाल सिंह चंचल।

**देवकली।** बीआरसी देवकली के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान के नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विशाल सिंह चंचल विधान परिषद ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल सिंह ₹चंचल₹ का स्वागत उपजिलाधिकारी पुष्पेंद्र पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दस बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भरकर किया गया एवं नामांकित छात्रों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं उपहार भी वितरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बेसिक विभाग द्वारा लगाए गए टीएलएम स्टालों का अवलोकन करते हुए प्रंशसा भी की गई। तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत निधि से बीआरसी प्रांगण की इंटरलॉकिंग का भूमि पूजन विधान परिषद द्वारा किया गया। इसके उपरान्त कक्षास्तर के अनुरूप भाषा एवं गणित विषय के निर्धारित निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले 12 निपुण बालक एवं बालिकाओं को मुख्य अतिथि एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। नवाचार के क्षेत्र में किये गए कार्यों को करने वाले ब्लाक के 5 टीचर्स ऑफ द मंथ और सामुदायिक सहभागिता में सक्रीय योगदान देने वाले विद्यालय प्रबंध समिति, के अध्यक्षों ,रसोईयां, शिक्षा मित्र अनुदेशक को भी उपजिलाधिकारी एवम बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। विकास खंड देवकली के अध्यापकों द्वारा बाइक रैली निकाली गईं। मुख्य अथिति विशाल सिंह चंचल ने कहा कि गाँव के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। समाज के हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। कार्यक्रम में राजीव, हरिओम, राधेश्याम, दीपक, महेंद्र, अशोक, श्याम, दिवाकर सिंह आदि रहें। संचालन दुर्गेश सिंह एवं ममता यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकली उदयचंद राय ने सभी आगुन्तको का आभार ज्ञापित किया।

## दशकों पुराने तारों और जर्जर खंभों से हो रही बिजली आपूर्ति

**गाजीपुर।** नगरीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करने वाले चार सब स्टेशन के विद्युत उपभोक्ता भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती का दंश झेल रहे हैं। न तो बिजली आने का समय है और न ही बिजली के जाने का समय है। महीनों से शाम के समय विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है।उपभोक्ता श्रीनिवास चौबे, अरविंद नाथ राय, राजीव कुमार सिंह, दीनानाथ तिवारी का कहना है कि मिट्टी का तेल कई साल पहले से ही मिलना बंद हो गया है। शाम को बिजली चली जाती है फिर रात को आने के बाद लो-वोल्टेज से पंखे, कूलर, एसी शो पीस बन जाते है। गुरुवार की देर रात रौजा उपकेन्द्र के फुल्लनपुर समेत दर्जनों मुहल्लों में लाइट नहीं आई है। सुबह किसी तरह मोमबत्ती जलाकर अपना काम चला रहे हैं। इस भीषण गर्मी में जहरीले जंतु भी अपने बिलों से बाहर निकल कर घूम रहे हैं ऐसे में शहरवासी कभी भी इनके शिकार हो सकते हैं। रौजा, पीरनगर, प्रकाशनगर, लोटनईमली विद्युत सब स्टेशन के जर्जर तारों व गल चुके खंभों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिसका नतीजा रहता है कि जैसे ही विद्युत सप्लाई शुरू की जाती है वैसे ही कहीं खंभा टूट जाता है तो कहीं फ्यूज उड़ जाता है तो कहीं तार टूट जाता है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्र के पावर हाउस का भी है।

# मतदाता सूची बनाने में घोर अनियमितता

**शिकायत**

**चुनाव में व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का प्रयास, गलत तरीके से क्षेत्र का निर्धारण**

**जमानियां।** क्षेत्र के क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के संचालक मंडल का होने वाले चुनाव के लिए बीते 3 मार्च को अनन्तिम सूची प्रकाशित होते ही कुछ मतदाताओं में रोष उत्पन्न हो गया। सूची को लेकर बुधवार को प्रमोद यादव, धर्मराज कुशवाहा सहित कुल 11 लोगो ने आपत्ति दर्ज कराई।

पूर्व समिति संचालक प्रमोद यादव ने लिखित आपत्ति दर्ज कराते हुये बताया कि व्यक्तिगत एक अ से संचालक हूं और व्यक्तिगत एक ब से रविन्द्र कुमार राय संचालक का चुनाव जीते थे। जब हम दोनों लोग अलग अलग वार्ड से चुनाव लड़े व जीते थे। तो आज व्यक्तिगत क्षेत्र के एक अ में दोनों लोग कैसे मतदाता हो सकते है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता सूची बनाने में घोर अनियमितता की गई है और गलत तरीके से क्षेत्र का निर्धारण किया गया है। जिसमें ताजपुर माझा, टिसौरा, महेवा व लहुवार गांव के व्यक्तिगत मतदाता को व्यक्तिगत एक ब से व्यक्तिगत एक अ में लाकर एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुचने का काम किया गया है। क्योकि व्यक्तिगत एक ब सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हो गया है। इसलिए इन गांवों को एक अ में नया व गलत तरीके से चढ़ाकर एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है। जो स्वच्छ चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। एडीसीओ प्रेम सागर श्रीवास्तव ने बताया कि 11 लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है। गुरुवार की दोपहर तीन बजे तक आपत्तियों का निस्तारण कर लिया जायेगा। उक्त मौके पर रामायन यादव, सुनील कुमार, विजयी राय , अवधेश सिंह, रविन्द्र कुमार राय, बच्चन राय, मनीष राय, अनिल यादव, रणवीर सिंह, झुंना सिंह, काशीनाथ यादव, कमलेश कुमार, कृष्णानन्द यादव, राजेश राय आदि लोग मौजूद रहे।

# शहरों की सरकार बनाने के लिए लामबंदी में जुटे दावेदार

**बदले समीकरण से कुछ चेहरे मुस्कुराए तो कुछ मुरझाए**

**गाजीपुर।** भले ही अभी निकायों में चुनाव की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन आरक्षण को अधिसूचना जारी होते ही संभावित उम्मीदवार भागदौड़ करने लगे हैं। शहरों की सरकार बनाने के लिए लामबंदी चालू हो गई है। सदर गाजीपुर और जमानियां में सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होने पर खुशी का माहौल है। सत्ताधारी दल से टिकट लेने के लिए लम्बी लाइन है। मुहम्मदाबाद नगरपालिका की बात करें तो पहले जारी हुई में यह सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। अब बदला करते हुए पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इससे चेयरमैन बनने का देखकर रहे कई दावेदारों के समीकरण ही बिगड़ गए हैं। हालांकि अब सैदपुर अनु. जाति महिला और जंगीपुर पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित होने से कई अन्य चेहरे भी सामने आ जाएंगे। सूत्रों की मानें तो कई दावेदारों ने पार्टी से टिकट पक्का करा लिया था लेकिन अब इन्हें अपनी पत्नी परिवार की अन्य महिला को टिकट दिलाने के लिए फिर से भागदौड़ करनी पड़ेगी। नगर पालिका सदर, जमानियां और दिलदारनगर तथा सादात में पालिकाध्यक्ष पद को लेकर सामान्य वर्ग के कई प्रत्याशी तैयारियों में जुटे हैं। विभिन्न मौकों पर इनके पोस्टर-बैनर लगाए जा रहे थे। दिसंबर माह में आरक्षण जारी होते ही इनके खेमों में मायूसी छा गई थी। सीट को सामान्य कर दिया गया है।

**नगरीय निकाय**

| कुल मतदाता | 2,29,358 |
|---|---|
| पुरुष | 122946 |
| महिला | 106412 |
| नगरपालिका परिषद गाजीपुर | 95,597 |
| नगर पालिका परिषद जमानिया | 30495 |
| नगरपालिका परिषद मु.बाद | 32324 |
| नगर पंचायत मैदपुर | 20, 657 |
| नगर पंचायत सादात | 10798 |
| नगर पंचायत बहादुरगंज | 15470 |
| नगर पंचायत जंगीपुर | 11837 |
| नगर पंचायत दिलवरनगर | 12180 |

# मुलायम सिंह ने फूलन देवी को बनवाया था सांसद : गोपाल


**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को महर्षि कश्यप एवं गुहराज निषाद की जयंती पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। विधायक जै किशन साहू कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों और पिछड़ों के हक और उनके सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने भगवान गुहराज निषाद और महर्षि कश्यप को याद करते हुए कहा कि यह दोनों महापुरुष करूणा और त्याग की प्रतिमुर्ति थे। गुहराज निषाद और महर्षि कश्यप दोनों नीति प्रिय थे और दोनों स्वयं धर्मनीति के अनुसार चलते थे। दोनों ही राग-द्वेष रहित, परोपकारी और प्रजापालक थे। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीब और पिछड़ों की लड़ाई लड़ी है और हमेशा लड़ती रहेगी। हम सभी समाज के लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से सभी समाज के महापुरुषों का सम्मान करते रहे हैं। कहा कि भारी विरोध के बावजूद जमाने की सताई महिला फूलन देवी को हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का और उसके सारे मुकदमें वापस लेने का ऐतिहासिक फैसला नेता मुलायम सिंह ने ही लिया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, डा. नन्हकू यादव,मुन्नन यादव,निजामुद्दीन खां, अशोक कुमार बिंद, अरुण कुमार श्रीवास्तव,आशा यादव, अमित ठाकुर, सदानंद यादव, आत्मा यादव,चन्द्रिका यादव, सुरज राम बागी,मदन सिंह यादव, परशुराम बिंद, रविन्द्र प्रताप यादव आदि उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।


समता भवन पर महर्षी कश्यप की जयंती मनाते सपाई।

# शिक्षा पर महंगाई की मार, अभिभावक लाचार

**अभिभावकों की जेब पर बोझ, कॉपी-किताबों के दाम 20 प्रतिशत तक बढ़े**


राधा पांडेय।


सुमन गुप्ता।


काजल सिंह।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** दो साल बाद समय से शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। शुक्रवार से जूनियर तक के सभी स्कूल खुल गए। अभिभावकों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं, लेकिन इस बार कोर्स पर भी महंगाई की मार है। किताबों की कीमतें 20 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

स्टेशनरी में 10 प्रतिशत तक का उछाल है। कोरोना महामारी के चलते वर्ष 2020 में लॉकडाउन लगने से स्कूल बंद हो गए थे 2021 में भी समय से स्कूल नहीं खुल पाए जिसका असर पुस्तक व स्टेशनरी कारोबार पर पड़ा। खुलने पर अपेक्षाकृत कारोबार नहीं हो सका। कम संख्या में ही छात्रों द्वारा पुस्तक में स्टेशनरी की खरीदारी की गई, जिससे पुस्तकों और स्टेशनरी का स्टॉक बच गया। अब समय से स्कूल खुलते देख पुस्तक और स्टेशनरी विक्रेता सक्रिय हो गए हैं।


दीप्ति राय।

निजी स्कूलों में लगने वाली विभिन्न पब्लिकेशन की किताबों को मंगा लिया गया है। इसके साथ ही कॉपी, पेन, पेंसिल, ज्यामेट्री बॉक्स सहित अन्य स्टेशनरी के सामान का स्टॉक किया गया है। कान की महंगाई और माल भाड़ा बढ़ने से पाठ्य पुस्तकों कॉपी स्टेशनरी सभी कुछ महंगे हो चुके हैं, जिससे अभिभावक काफी चिंतित हैं।

**क्या बोले अभिभावक**

**अभिभावक राधा पांडेय** ने बताया कि उनकी बेटियां कक्षा दो और पांच में पढ़ती है। उनके कोर्स में पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी तक बढ़ोत्तरी हुई है। लगातार महंगाई बढ़ने से वह खासे परेशान हैं।

**अभिभावक सुमन गुप्ता** ने कहा कि नई किताबें खरीदना अभिभावकों के लिए काफी महंगा पड़ रहा है। पुरानी किताबों के आदान-प्रदान के लिए अभिभावक लगातार संपर्क कर रहे हैं। कुछ स्कूलों ने इस सत्र से नए प्रकाशकों की किताबें शुरू कर दी हैं। इससे पुरानी से काम नहीं चल रहा है।

**अभिभावक दीप्ति राय** ने बताया के उनके दो बच्चे हैं। दोनों ही स्कूल जाते हैं। लेकिन जिस प्रकार महंगाई बढ़ती जा रही है, उससे बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। कोर्स लगातार महंगा हो रहा है। 20 फीसदी तक किताबों के रेट बढ़ गए हैं।

**काजल सिंह** ने बताया कि नए सत्र में किताबों के दाम करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। स्टेशनरी समेत पूरे पाठ्यक्रम पर पहले के मुकाबले दोगुना खर्च हो रहा है। साथ ही सारी किताबें मिल भी नहीं रही हैं। तय दुकानें होने से दूसरी जगह किताब मिलती नहीं।

## जनसंपादकीय

# गीदड़-भभकी पर क्यों हों परेशान?

रमेश ठाकुर



चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और ना ही चिंगारियां? फिलहाल ऐसा पहली मर्तबा नहीं हुआ है। जब, उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो, पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकत करके उकसाने का काम किया था। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहें, कमजोर हो या ताकतवर हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है। क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है और जिसे हम अपना अभिन्न अंग बतलाते हैं। चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिए जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बकायदा मीटिंग में नाम तय किए गए हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम 'संघर्ष नगर' रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जाएगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है।

नाम-वाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझे, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की 'स्टेट काउंसिल मीटिंग' आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को बिंदुवार तरीके से नए नाम रखे गए। क्योंकि इन नामों की पहले से उनके पास सटीक भोगौलिक जानकारियां हैं ही, जिन स्थानों के नाम बदलने की ये घोषणा हुई है उनमें दो रिहायशी इलाके है। पांच उंचे पर्वतों वाली चोटियां हैं। दो नदियां हैं और दो अन्य क्षेत्र हैं। दोनों नदियों का पानी दोनों ओर गिरता है। फिलहाल हमारे पास ये खबर अभी तक चीन सरकार के मुख्य पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' के हवाले से आई है। अधिकृत तौर पर उनकी सरकार ने अभी कोई कोई सूचना नहीं दी है और ना ही ऐसे कोई प्रयास किए गए हैं।

गौरतलब है, चीन ने बकायदा उन स्थानों के अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी भी सूचीबद्ध की है। जबकि, ऐसी ही एक हिमाकत 2017 में भी की थी, जब उन्होंने अरुणाचल के छह स्थानों को अपना बताया था। भारत सरकार ने हमेशा इन हरकतों का बिना कोई जवाब दिए प्रतिवाद किया है और करना भी चाहिए। ऐसे विवादों पर केंद्र सरकार प्रत्यक्ष रूप से मुखर नहीं होती। उनको पता है ये उनका मात्र चिढ़ाने वाला तरीका है। जब, कोई लिखित में चिट्टी या कब्जे की सीधी कोशिशें होगी तो उसका प्रतिकूल और माकूल उत्तर दिया जाएगा। फिलहाल सरकार 'वैट एंड वॉच' की स्थिति में है। बैठक रविवार को हुई थी, दो-तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुगबुगाहट नहीं है, इसका मतलब ये है उन्होंने पहले की तरह सुरसुरी ही छोड़ी है जिसमें ना आवाज है और न पतंगे।

अभी कुछ महीने पूर्व की ही बात है। जब, चीन के इसी सरकारी अखबार के हवाले से ये झूठी खबर प्रकाशित हुई कि उन्होंने गलवान घाटी के आसपास से अपनी फोर्स हटाने का निर्णय ले लिया है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सेना हटाएंगे। दरअसल, ये उनका कोरा झूठ था, भारत सरकार को भ्रमित करने का ताकि इसके बाद भारत अपनी सेना हटाए और हम चुपके से रात के अंधेरे में धावा बोल दें। क्योंकि चीनी रात के अंधेरे में चोरी-चकारी और उल्टे सीधे कामों के माहिर होते हैं। देखिए ये बदला हुआ भारत है, अब यहां रात में भी चौकन्ने रहते हैं। हिंदुस्तान 1962 के मुकाबले 2023 में बहुत मजबूत खड़ा है। हुकूमत भी कठोर है जिसे चीन भलीभांति जानता औा समझता भी है। वरना, अभी तक तो कोई ना कोई गड़बड़ी कर चुका होता? कुछ हरकतें की भी जिसका उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब भी मिला।

चीन को लग रहा है, उनके इस निर्णय पर भारत सरकार में खलबली मचेगी, लेकिन ऐसा हुआ बिल्कुल भी नहीं? क्योंकि केंद्र सरकार चीनी मसले पर कोई जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता। केंद्र सरकार अरुणाचल क्षेत्र पर आंच तक नहीं आने देना चाहती। 2017 में जब निर्वासित तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की अरुणाचल यात्रा हुई तब भी चीन ने हंगामा काटा था। चीन ने भारत सरकार पर खूब दबाव बनाया था। ताकि भारत उनकी यात्रा रोक दें। यात्रा रोकने के बजाय भारत ने उलटे दलाई लामा की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में यात्रा को होने दिया और उन्हें राजकीय अतिथि के रूप में प्रोटोकॉल भी दिया। इससे चीन और आगबबूला हो गया। अंदर ही अंदर मन मसोसकर रह गया। उसी दौरान उनके विदेश उप-मंत्री का भारत दौरा था, उन्हें खुन्नस में आकर निरस्त कर दिया। चीन किसी भी सूरत में समूचे एशिया में अपनी बादशाहत कायम रखना चाहता है। इसके लिए वो प्रत्येक हथकंडे अपना रहा है।

बहरहाल, केंद्र सरकार चीन की प्रत्येक चाल को कुचलती आई है। नापाक हरकत करने का जरा भी मौका नहीं दे रही है। यही वजह है चीन जो भी कुछ कर रहा है, शंघाई में ही बैठकर। उसे पता है, मैदान में आकर उसे मुंह की ही खानी पड़ेगी। चीन ने भारत के खिलाफ नेपाल और पाकिस्तान को भी उकसाकर देख लिया, उससे भी कोई फायदा नहीं हुआ। तालिबानियों से भी मदद मांग ली, उन्होंने भी खाली हाथ लौटा दिया। कुलमिलाकर वह चारो तरफ से अब अकेला पड़ गया है। नेपाल-पाकिस्तान के बस की तो कुछ है, जो सीधे तौर पर वो भारत को कोई नुकसान पहुंचा सके। नेपाल की सत्ता में चीन का बढ़ता कदम आने वाले समय में नेपालियों के लिए ही भारी पड़ने वाला है। उनके साथ मिलकर हमें परेशान करने की फिराक में था। वहां भी उनकी दाल नहीं गली।

बहरहाल, भारत-चीन सीमा विवाद की एबीसीडी समझने की जरूरत है। 3500 किमी लंबी सीमा है जो तीन सेक्टरों में विभाजित है। अव्वल, पश्चिमी सेक्टर जो जम्मू-कश्मीर में 1597 क्षेत्रफल में फैला है।

जहां, चीन का दखल नहीं हैं। दूसरा, मध्य सेक्टर है जो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की साक्षा सीमाओं से सटा हुआ है जिसकी अधिकृत लंबाई 545 किमी है। यहां, भी उसकी ज्यादा कोई दखलंदाजी सीधे तौर पर नहीं है। तीसरा, क्षेत्र जो पूर्व क्षेत्र है वो अरुणाचल प्रदेश से सटा है बारीक सा हिस्सा सिक्किम से लगा है जिसकी लंबाई 1346 किमी है, जिसे वह कब्जाना चाहता है। जबकि, अक्साई क्षेत्र ऐसा है जिसे भारत अपना हिस्सा मानता है, जो कभी हमारा हुआ भी करता था। जिसे चीन ने 1962 युद्ध के बाद कब्जा लिया था। तभी से ये भाग उसके कब्जे में है। वहीं, पूर्वी सेक्टर जो अरुणाचल प्रदेश में आता है, उसके पूरे भूभाग को चीन अपना बताता है, उस क्षेत्र में जितने भी भारतीय गांव-कस्बे बसे हैं उनका नाम बदल रहा है चीन। नया विवाद यहीं से शुरू हुआ है। जबकि, ऐसे हरकतें वो एकाध दफे नहीं, बल्कि बीते एक दशक में पांचवी बार कर चुका है। आगे भी करेगा, ऐसे में हिंदुस्तान सरकार को भी करीब 600 किमी में फैले अक्साई क्षेत्र के नामों को बदलकर अपने नाम दे देने चाहिए, क्योंकि उस क्षेत्र का पुराना नक्शा आज भी हमारी हुकूमत के पास सुरक्षित है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# राजा को कोई फर्क नहीं पड़ता

'लेकिन उसने कुछ पहना नहीं है'. छोटे बच्चे ने कहा.

.. 'लेकिन उसके शरीर पर वाकई कुछ कपड़ें नहीं है' नगर के बाकी निवासी अंततः जोर से बोल उठे

राजा थोड़ी देर डगमगाया, क्योंकि उसे लगा कि वह बिल्कुल सही बात कह रहे हैं. लेकिन उसने सोचा, 'इस जुलूस को तो चलते ही रहना चाहिए।' इसलिए वह उसी शान से अधिक रोबीले ढंग से चलने लगा, और उसके दरबारियों ने उसी नफासत के साथ उसके चोगे को उठाया, जो वहां नहीं था।

कुछ रचनाएं कालजयी हो जाती हैं और वह जबभी पढ़ी जाती हैं, अपने नए संदर्भों के साथ हर बार बेहद मौजूं हो जाती हैं..

फिर चाहे बड़ों के लिए लिखी गयी किताबें हों या बच्चों के लिए रची गयी रचनाएं हों !

अपनी बालकथाओं के लिए आज भी दुनिया भर में मशहूर महान डैनिश लेखक हान्स क्रिश्चेन एंडरसेन, ( 2 अप्रैल 1805 - 4 अगस्त 1875) की एक बहुचर्चित कहानी 'राजा के नए कपडे'. शायद ही किसी ने पढ़ी/सुनी न हो। दुनिया के सौ से अधिक जुबानों में अनूदित यह कहानी अपनी अकूत सत्ता और अहंकार में डूबे राजा के प्रजा के सामने बेपर्द होने की कहानी है, जिसे कुछ ठग दुनिया का एक ऐसा 'दिव्य वस्त्र' पहना देते हैं - जो उन लोगों को नहीं नजर आता जो मूर्ख हों या अहमक हों - और राजा विशाल जुलूस में निकल पड़ता है।

अचानक एक छोटासा बच्चा बोल उठता है कि 'अरे राजा ने कुछ पहना नहीं है।' राजा को सच्चाई का एहसास होता है, लेकिन वह 'उतनी ही शान के साथ चलता रहता है। लगभग दो सौ साल बीतने को है, लेकिन यह रूपक आज की दुनिया पर भी हूबहू लागू होता दिखता है।

इस्राएल के संसद में जारी घटनाक्रम इसी बात की ताईद करता है। फिलवक्त.वहां एक प्रधानमंत्री सत्तासीन हैं - जो इसके पहले भी कई दफा इस्राएल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं - जिन पर घुसखोरी और गबन के आरोप लग चुके हैं, न्यायालयों में मामला विचाराधीन भी है, जिनकी पत्नी को भी राज्य की निधि का दुरूपयोग करने के लिए दंडित किया जा चुका है । निश्चित ही इस काम के लिए भी उन्हें अपने के पद का लाभ मिला होगा, उस प्रधानमंत्री 'बीवी' नेतन्याहू ने पिछले दिनों एक अलग किस्म का कानूनी धमाका किया।

इस संभावना को मद्देनजर रखते हुए कि कभी भी देश की अदालत उन्हें दोषसिद्ध करेगी और फिर उन्हें अपने पद को छोड़ना पड़ेगा, उन्होंने संसद में एक नया कानून ही बनवा दिया कि प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उन्हें उनके किसी भी अपराधिक / सिविल मामलों के लिए दंडित नहीं किया जाएगा और हटाया नहीं जा सकेगा। न विधायिका उन्हे छू पाएगी और न न्यायपालिका उन पर अंकुश लगा सकेगी । इस काम को तभी अंजाम दिया जा सकेगा जब खुद प्रधानमंत्री या उनकी कैबिनेट इसके बारे में निर्णय ले। दरअसल न्यायपालिका की संरचना में आमूलचूल बदलाव लाने की नेतन्याहू की अगुआई में बनी सबसे अधिक दक्षिणपंथी हुकूमत की कोशिशों का ही हिस्सा रहा है। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, एक पार्टी के नेता को जनवरी माह में न्यायपालिका के हस्तक्षेप के चलते ही अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है।

याद रहे न्यायपालिका को अधिक पालूत बनाने की, उसकी स्वतंत्रता पर नकेल डालने की कोशिश जनवरी माह से चल रही है, जबसे नेतन्याहू प्रधानमंत्री बने हैं, जिसने इस्राएली समाज में व्यापक जनांदोलन को जन्म दिया है, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। न्यायपालिका पर नकेल डालने के इस प्रयास का विरोध बुद्धिजीवी तबके में भी पहुंचा है। मार्च माह की शुरूआत में तेल

## प्रसंगवश



सुभाष गाताडे

अवीव की सड़क पर जुलूस में चलते हुए अग्रणी अकादमिक और लेखक युवाल हरारी ने नेतन्याहू को चेतावनी देते हुए कहा था कि नेतन्याहू अपनी बगावत को रोक दो वरना हम तुम्हें रोक देंगे।

जनता के प्रचंड विरोध को देखते हुए, इस कदम से सिविल सोसायटी में बढ़ती दरार को मद्देनजर रखते हुए और यहां तक कि सेना के रिजर्विस्टों द्वारा इस कदम के विरोध में अपनी सेवाएं देने से इन्कार कर देने से फिलवक्त.नेतन्याहू सरकार ने अपने इस कदम को स्थगित किया है, लेकिन वक्त.आने पर इस कदम को वह आगे अवश्य बढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि अपने 'दाग अच्छे हैं' इसे प्रमाणित करने की कवायद में विश्व नेताओं में नेतन्याहू अकेले नहीं है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देखें - जो पद पर रहते हुए नेतन्याहू के साथ अपनी दोस्ती और आत्मीय संबंधो की अक्सर बात करते थे - विश्लेषकों के मुताबिक उनकी कानूनी चुनौतियां इन दिनों बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स का सहारा लेकर ऐसे फोटो भी जारी किए थे कि उन्हें पुलिस गिरफतार कर रही है। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी दावेदारी ठोकने के लिए व्याकुल ट्रम्प के बारे में कहा जा रहा है कि मुमकिन है कि अमेरिका के इतिहास में वह ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति होंगे जिन पर औपचारिक आरोपलगेंगे।

मामला वर्ष 2016 के चुनावों के पहले - जिसमें ट्रम्प राष्टपति चुने गए थे - एक पोर्न अभिनेत्री को अपना मुंह बंद रखने के लिए ट्रंप के एक सहयोगी द्वारा किए गए भुगतान से जुड़ा है ताकि वह राष्ट्रपति के चुनाव में खड़े ट्रम्प के साथ अपने अंतरंग रिश्तों का इजहार न करे। इस मामले में ट्रम्प के सहयोगी उस शख्स को सजा भी हो चुकी है और कयास लग रहे हैं कि ट्रम्प भी जेल जा सकते हैं।

ध्यान रखने लायक बात है कि विगत दशकों से ट्रंप के खिलाफ लगाए जा रहे विभिन्न आरोपों के बावजूद, जो बाकायदा दस्तावेजीकृत भी है - जैसे फर्जी विश्वविद्यालय, कोविड महामारी को खारिज करने की कोशिश, चुनावी घपलों के बारे में सरासर झूठ का प्रसार, चुनावों में हार के बाद पद छोड़ना ना पड़े इसलिए दंगे भड़काने की कोशिश आदि - उन्हें पहले कभी दंडित नहीं किया जा सका है। इतनाही नहीं महिलाओं को वह किस तरह बेइज्जत करते हैं, उनके बारे में बेहद हल्की, भद्दी बातें करते हैं, इसके प्रमाणों के बावजूद न उनकी छवि पर असर पड़ा है। और न ही उनकी लोकप्रियता में कभी कमी दिखाई दी है, यहां तक महिलाओं का एक हिस्सा उन्हें समर्थन देता रहा है।

तेजी से बदलता भारत का राजनीतिक घटनाक्रम और उससे उभर रहे प्रश्नों पर गौर करें तो हम पाएंगे कि तेल अवीव या वॉशिंगटन डीसी या न्यूयॉर्क की सड़कों पर जो कुछ घटित हो रहा है, उससे वह गुणात्मक तौर पर भिन्न नहीं है। इन दिनों बहसों का फोकस एक कारोबारी दिग्गज के करिश्माई उभार पर है - सत्ताधारी जमात के सर्वोच्च नेता के साथ उसकी कथित नजदीकी के किस्से सरेआम हैं। विपक्ष के अग्रणी नेता - राहुल गांधी, जिन्हें 'मानहानि' के नाम पर संसद से अयोग्य घोषित किया गया , उनके द्वारा संसद के पटल पर दिए गए व्याख्यान में ऐसे तमाम तथ्य पेश किए जा चुके हैं, जो इसके बारे में बहुत कुछ बताते हैं ( यह अलग बात है कि उस पूरे व्याख्यान को या विपक्ष द्वारा उठाए गए ऐसे तमाम सवालों को संसद के रेकॉर्ड से हटाया जा चुका है।)

गौरतलब है कि महज दो दशकों के अंदर फर्श से अर्श पर पहुंचे इस समूह की कार्यप्रणाली में निहित कथित अनियमितताओं पर - जिसके तहत वह दुनिया के अग्रणी चंद समूहों में शुमार हो गए थे - कापोरेट समूहो की जांच में मुब्तिला रहे समूहों द्वारा बाकायदा रिपोर्ट भी जारी की जा चुकी है जिसमें कहा गया है कि न केवल यह समूह शेयर बाजारों में हेरफेर करता है बल्किहिसाब किताब में भी गबन/ करता है। इस बात के भी ठोस आरोप लगे हैं कि इस समूह के संचालन में शेल कंपनियों का भी हिस्सा रहता आया है। सबसे चिन्ताजनक बात है कि ऐसे अपारदर्शी समूह की कार्यप्रणाली को लेकर - जिसके द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में भी पूंजी लगायी जा चुकी है -जिसके बारे में दुनिया में हंगामा मचा है और इस समूह को शेयर बाजारों में झटका भी लगा है , जांच करने से सरकार ने बार बार इन्कार किया है।

विडम्बना है कि ऐसे तमाम प्रमाणों के बावजूद सरकार ने अडाणी समूह के मसले पर एक अदद बयान देने से भी इन्कार किया है, संयुक्त संसदीय कमेटी बना कर जांच करने की बात दूर रही, और चर्चा न हो इसलिए भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली दफा सत्ताधारी पार्टी खुद ही सदन की कार्रवाई को निरंतर बाधित कर रही है।

याद रहे विगत लगभग चालीस सालों से संसदीय इतिहास में ऐसे मसले पर संयुक्त संसदीय कमेटी बनाने की एक स्वस्थ परंपरा विकसित हुई है, ऐसी कमेटी में पक्ष एवं विपक्ष दोनों के सांसद प्रतिनिधि के तौर पर बैठते हैं और वह ऐसे मामलों की जांच करते हैं, जिनका ताल्लुक देश की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा या अन्य जरूरी मामलों से हो। फिर चाहे बोफोर्स मुद्दा हो /1987/, हर्षद मेहता स्टॉक मार्केट घोटाला हो /1992/, केतन पारेख शेयर मार्केट घोटाला /2001/, शीतल पेयों में कीटनाशक मुद्दा / 2003/ , टू जी स्पेक्ट्रम मामला /2011/, आदि हो। इन सभी मामलों में संसदीय जांच समितियां बनी हैं, उसकी रिपोर्ट जारी हुई है और उसने देश के नीति निर्धारण में भी आवश्यक सुधार लाए हैं।

सवाल यह उठता है कि सत्ताधारी जमात द्वारा कायम यह चुप्पी कब तक बनी रहेगी - जिसमें न केवल भारतीय जीवन बीमा निगम और स्टेट बैंक आफ इंडिया के हजारों करोड रूपए स्वाहा हो चुके हैं, जिन्हें अपारदर्शी तरीके से कथित तौर पर अडानी समूह में निवेश किया गया था। कब तक सत्ताधारी पार्टी इस मसले पर आए दिन उठ रहे तमाम असुविधाजनक सवालों को ढंक सकेगी।

इस संदर्भ में यह बात भी महत्वपूर्ण हो उठी है कि जितनी आक्रामक तरीके से सत्ताधारी पार्टी की तरफ से एक कारोबारी दिग्गज की हिमायत की कोशिश की जा रही है, उसने भाजपा के एक छोटे तबके में ही सही एक बेचैनी पैदा की है कि आखिर वह समूह अचानक पार्टी के लिए इतने महत्व का कैसे हो गया ? इस पूरी कवायद ने जिसे 'मोदानी मॉडल' कहा जा रहा है उसे अधिकाधिक बल मिल रहा है। क्या है यह मोदानी मॉडल - जो शब्दावली राजनीतिक दायरों में अधिकाधिक लोकप्रिय होती जा रही है ? दरअसल राजनीति और बिजनेस के बीच आपसी रिश्ता लंबे समय से रहा है, लेकिन इसके तहत हम पा रहे हैं कि 'बाजारोन्मुखी नीतियों के बजाय खास बिजनेस समूह उन्मुख राजनीति की दिशा में सचेतन ढंग से शिफ्ट' दिख? रहा है।

दरअसल सत्ताधारी जमात ने यह उम्मीद की थी कि आननफानन तरीके से राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के बाद न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे विपक्ष को बचावात्मक पैंतरा अख्तियार करना पड़ेगा, उनमें सुस्ती छा जाएगी, लेकिन इसके बिल्कुल उलट हुआ है। न केवल अपने अग्रणी नेता की सदस्यता समाप्ति के बाद समूची कांग्रेस नए सिरे से लामबंद हुई है, भारत जोड़ो यात्रा की अभूतपूर्व सफलता से वह पहले से अधिक उर्जा से भरी थी बल्कि भाजपा विरोधी उन पार्टियों का एक हिस्सा - जो अपने निजी कारणों से कांग्रेस से भी दूरी बनाए रखता था, अक्सर तीसरे मोर्चे का राग अलापता रहता था, उसे भी लोकतंत्र के सामने खड़ी इस गंभीर चुनौती का एहसास हुआ है और अपने मतभेदों का फिलवक्त.अलग रखते हुए वह कांग्रेस के साथ अधिक समन्वयन की मुद्रा में है। विगत कुछ दिनों से संसद के अंदर तथा बाहर सत्रह से अधिक पार्टियों के बीच एक बेहतर समन्वयन दिखा है, जो इसी बात का संकेत देता है। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय राष्ट्र समिति जैसी पार्टियां भी अभी साझा कार्रवाइयों में संलग्न हैं।

तय बात है कि लोकतंत्रा पर हुए इस अभूतपूर्व हमले और विपक्ष के बीच बढ़ते समन्वयन ने तमाम नयी संभावनाएं पैदा की है।

इस बात के भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी आने वाले चंद दिनों में ही संसद सत्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर देगी। अगर ऐसा हुआ तो इन सभी पार्टियों को जनता के बीच जाकर यह खुल कर बताने का मौका मिलेगा कि आखिर एक खास पूंजीपति घराने को बचाने के लिए सरकार इतनी बेचैन क्यों हैं, भारतीय जीवन बीमा निगम, स्टेट बैंक आफ इंडिया जैसी सार्वजनिक क्षेत्रा के प्रतिष्ठानों का हजारों करोड़ रूपया - जो आम जनता की गाढ़ी कमाई से वहां पहुंचा था - जिस कंपनी के कारोबार में स्वाहा हो गया आखिर उस पर सरकार की इतनी नजर ए इनायत क्यों हैं ?

एक तरफ अडानी समूह के शेयरों की कीमत लगातार गिरती जा रही है, उसमें पैसा निवेश करने से लोग, समूह हिचकिचा रहे हैं, उस वक्त आखिर ईपीएफओ - एम्लायज प्राविडेंट फंड आर्गनायजेशन - जिसमें तीस करोड़ से अधिक कामगारों का, कर्मचारियों का पैसा लगा है, जो उनके भविष्य का एकमात्रा सहारा है, उसके पैसे किसके आदेश पर अगले छह माह के लिए अडानी समूह में लगाए जाएंगे ?

कहा जाता है कि राजनीति में परसेप्शन / धारणाओं का बहुत महत्व होता है, यूपीए दो के दौरान हम देख चुके हैं कि 2 जी घोटाले के नाम पर कांग्रेस को लेकर एक खास किस्म की छवि बनायी गयी - जबकि बाद में यह साफ हुआ कि ऐसा कुछ भी नहीं था, अदालत ने फैसला दिया कि 'कुछ लोगों ने चुनिंदा तथ्यों को चालाकी के साथ एकत्रित करके एक स्कैम को निर्मित किया' और सभी को बाइज्जत बरी किया। कॉपोरेट मीडिया के एक हिस्से ने तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ऐसा वातावरण निर्मित करने में खूब मेहनत की थी। लेकिन इस नकली स्कैम से कांग्रेस को तो नुकसान उठाना पड़ा। और भारत के लोकतंत्र को भी गहरी चोट लगी। अडानी समूह के प्रति सरकार की कृपा दृष्टि महज किसी परसेप्शन का मामला नहीं है, उसके पीछे ठोस तथ्य हैं। और रफता रफता ही सही यह बात आम जनता तक भी पहुंच रही है।

यह चर्चा जितनी दूर तक फैलेगी, सत्ताधारी पार्टी को अपने आप को जनता की निगाहों में बनाए रखना अधिकाधिक मुश्किल होता जाएगा। जिस जनता ने कभी 'ना खाउंगा, ना खाने दूंगा' के नारे पर यकीन किया था, वह उलट कर पूछेगी कि क्या इस नारे का असली मतलब चंद दरबारी पूंजीपति मालामाल होते जाएं और जनता का बड़ा हिस्सा उसी मुफलिसी, बदहाली, भूखमरी की जिन्दगी बीताता रहे। वैसे सवाल जितने भी उछले यह तो स्पष्ट है कि अपने आप को यशस्वी कहलाने वाले मुखियाजी पर उसका कोई असर नहीं पड़ेगा, वह उतनी ही 'शान के साथ आगे बढ़ते जाएंगे ।'

**( लेखक सोशल ऐक्टिविस्ट एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# कर्नाटक: ध्रुवीकरण की दिशा में एक और कदम

चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा चुनाव हेतु 10 मई को केवल एक चरण में ही मतदान होगा। जबकि चुनाव के नतीजे 13 मई को आएंगे। चुनावों की तारीख की घोषणा से ठीक एक सप्ताह पूर्व राज्य की वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की बासवराज बोम्मई सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए दिये जा रहे चार प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की घोषणा की है । साथ ही आरक्षण के इस 4 % कोटे को राज्य के दो प्रमुख समुदायों को दिये जा रहे वर्तमान आरक्षण में जोड़ने की घोषणा भी कर दी। राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद ओबीसी श्रेणी के 2बी वर्गीकरण के अंतर्गत राज्य के मुसलमानों को अब तक दिए जा रहे 4 प्रतिशत आरक्षण को अब दो बराबर हिस्सों में विभाजित कर दिया गया है। वोक्कालिंगा और अन्य समुदाय के लिए पूर्व में दिया जा रहा चार प्रतिशत आरक्षण अब बढ़कर छह प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही वीरशैव पंचमसाली और अन्य (लिंगायत) समुदाय जिन्हें राज्य में अब तक पांच प्रतिशत आरक्षण हासिल था, उन्हें अब सात प्रतिशत आरक्षण मिलने लगेगा। गौर तलब है कि 1994 में जब एचडी देवगौड़ा कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे उसी के बाद 1995 में राज्य के मुसलमानों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। इसके तहत आरक्षण की कैटेगरी बी-2 बनाकर अलग से अल्पसंख्यकों को 4 फीसदी आरक्षण का प्रावधान रखा गया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के बाद रंगनाथ कमीशन ने मुसलमानों की दशा देखते हुये अपनी रिपोर्ट में मुस्लिमों को अलग से आरक्षण देने की सिफारिश की थी।

बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बयान गृह मंत्री अमित शाह का था। शाह ने पिछले दिनों अपने कर्नाटक दौरे पर बीदर में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार के उस निर्णय का बचाव किया जिसके तहत मुस्लिम समुदाय को अब तक

## सामयिकी



तनवीर जाफरी

दिया जा रहा 4 फीसदी आरक्षण खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कथित 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि- 'भाजपा कभी तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करती। इसलिए उसने आरक्षण व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया।' उन्होंने कहा, 'बीजेपी ने अल्पसंख्यकों को दिया गया चार प्रतिशत आरक्षण समाप्त कर दो प्रतिशत आरक्षण वोक्कालिंगा और दो प्रतिशत आरक्षण लिंगायत समुदाय को दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण संवैधानिक तौर पर वैध नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस सरकार ने इसे अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की।'

यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि यही वह राज्य है जहां गत वर्ष दक्षिणपंथियों ने कॉलेज में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का विरोध किया था उसके बाद यही हिजाब विवाद अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों में भी छाया था। इसी राज्य में अक्सर यही दक्षिण पंथी ताकतें शेर-ए-मैसूर स्वतंत्रता सेनानी टीपू सुल्तान का विरोध करती रहती हैं। सत्ता में आने के तुरंत बाद बीजेपी सरकार ने टीपू सुल्तान की जयंती समारोह को खत्म कर दिया था। बीजेपी की इसी बोम्मई सरकार में ही इसी राज्य में हिजाब विवाद के अतिरिक्त मलाली मंदिर-मस्जिद विवाद, हलाल मांस , मुस्लिम कारोबारियों के बहिष्कार ,कभी अजान का विरोध तो कभी हेडगेवार के भाषण को आधिकारिक तौर पर स्कूली पाठ में शामिल करने जैसी विवादस्पद बातों को लेकर काफी सांप्रदायिक तनाव रहा है ।इसके अतिरिक्त राज्य के तुमकुरु और शिमोगा में सावरकर और टीपू सुल्तान के पोस्टर को लेकर विवाद पैदा हुआ था और साम्प्रदायिक हिंसा भी हुई थी ।राज्य में हिंदू संगठन रेस्टोरेंट,पार्क,बार और पब आदि में युवक-युवतियों पर हमला करके मॉरल पुलिसिंग करने की कोशिश कर चुके हैं। यहां 'लव जिहाद' नामक कैंपेन भी चलाया जा चुका है। 'लव जिहाद' के नाम पर कट्टरपंथी हिंदू संगठन मुसलमान युवकों पर शादी के जरिए हिंदू महिलाओं को मुसलमान बनाने का आरोप लगाते रहते हैं। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सभी विवाद भाजपा द्वारा मुसलमानों को हाशिए पर लाने की कोशिश और इसी बहाने हिंदूवादी मतों का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने के प्रयास के तहत जानबूझकर पैदा किये गये।

और इन सब के साथ यह भी अति महत्वपूर्ण यह कि पिछले दिनों इसी राज्य से होकर राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा गुजरी है । इस यात्रा ने राज्य में करीब 500 किलोमीटर का फासला तय किया है। 24 दिनों तक लगातार कर्नाटक से गुजरते हुये भारत जोड़ो यात्रा को प्रतिदिन अभूतपूर्व जन समर्थन हासिल हुआ। माना जा रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता और इस यात्रा से राज्य में कांग्रेसजनों के बढ़े हौसले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी लाभ पहुंचा सकते हैं। किसी समय में कर्नाटक कांग्रेस का अभेद दुर्ग माना जाता था। भाजपा इसी बात को लेकर भयभीत है। अन्यथा देवगौड़ा सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों को दिये गये चार प्रतिशत आरक्षण के लिये कांग्रेस पर 'तुष्टिकरण ' जैसा आरोप लगाने की क्या जरुरत थी ? परन्तु भाजपा इस बात से वाकिफ है कि उसका हिंदूवादी वोट बैंक हिंदू हितों पर आधारित नहीं बल्कि प्रखर मुस्लिम विरोध के फलस्वरूप हासिल होता है। गुजरात को संघ की प्रयोगशाला यूँही नहीं कहा जाता। यहाँ भाजपा की मजबूती का आधार मुस्लिम विरोध और उन्हें हाशिये पर डालना ही था। यही वास्तविक गुजरात मॉडल है जिसे पूरे देश में लागू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। असम में बड़ी संख्या में मदरसों को बंद कराया जाना,भाजपा शासित विभिन्न राज्यों में जिलों,शहरों,कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदला जाना, मुसलमानों के विरुद्ध खुले आम सार्वजनिक स्थलों से अनेकानेक विशिष्ट राजनैतिक व धार्मिक लोगों द्वारा विष वमन करना,दंगाइयों,मॉब लिंचिंग करने वालों यहाँ तक कि मुस्लिम महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को महिमामंडित करना, गोया किसी न किसी बहाने मुस्लिम विरोध का परचम बुलंद रखना यहाँ तक कि कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का खत्म किया जाना आदि, यह सभी धर्म के आधार पर हिंदूवादी मतों को अपने पक्ष में लामबंद करने के ही प्रयास हैं।

भारतीय जनता पार्टी इस समय मंहगाई,बेरोजगारी से लेकर भारतीय इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक घोटाले यानी अडानी प्रकरण को लेकर काफी दबाव में है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकारी कर्मचारी जगह जगह आंदोलनरत हैं। किसान व छात्र भी सरकार से नाराज हैं। और पिछले दिनों सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को संसद की सदस्ता से अयोग्य ठहराये जाने का मामला भी नरेंद्र मोदी सरकार के लिये गले की फांस बन गया है। इन परिस्थितियों में मुस्लिम विरोध व उत्पीड़न के साथ हिन्दुत्ववाद की धर्म ध्वजा को बुलंद रखना केवल यही रणनीति भाजपा को फायदा पहुंचा सकती है। सरकार की तमाम नाकामियों के बीच कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण खत्म किये जाने का मुद्दा राज्य में 10 मई को होने जा रहे विधानसभा चुनाव से लेकर 2024 के आम चुनावों तक एक मुद्दा जरूर रहेगा। इससे भाजपा को क्या लाभ होगा यह तो आने वाला वक़्त ही बतायेगा परन्तु यह तो तय है कि कर्नाटक आरक्षण मुद्दा भाजपा के हिंदूवादी मतों के ध्रुवीकरण के प्रयासों की दिशा में ही एक और कदम है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# हैप्पीनेस इंडेक्स में नीचे

हरिशंकर राढ़ी

बात बस इतनी सी है कि ताजा-ताजा जारी एक वैश्विक खुशहाली सूची में अपना राष्ट्र पिछवाड़े लग गया है। यानी की सबसे निचली पैड़ी से बस दो-चार पैड़ी ऊपर। वैसे होना तो चाहिए था सबसे नीचे, लेकिन उसमें भी कुछ देश बाजी मार ले गए। बुरा इस बात का नहीं लग रहा कि बहुत नीचे हैं, बुरा यह है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश भी हमसे ऊपर हैं। बांग्ला देश को तो बरदाश्त भी कर लें, लेकिन पाकिस्तान का संतोष कैसे करें? जब अपने देश की पूरी खुशहाली ही पड़ोसी की खस्ताहाली पर टिकी हो, तो हम किस जतन से खुश हों? हे भगवान, हमें खुश रखना या न रखना, लेकिन पड़ोसी को दुखी जरूर रखना। हम अपने आप खुश रह लेंगे।

समझ नहीं आता कि सूचीकारों ने क्या देखकर हमें खुशहाली से बाहर रख दिया? या तो ये सरकार से खुन्नस खाए थे, या इन्हें समय पर बँधी हुई रकम नहीं पहुँची। विदेशी साजिश थी या इन्हें हमारे देशवासियों की असली मानसिकता समझ में आ गई है। पैसे को ही खुशहाली का पैमाना माना जाए तो तो हमें सबसे खुशहाल होना चाहिए। देश से जितना पैसा उड़ाकर बड़े लोग बाहर भाग रहे हैं, उतना तो कई देशों का सालाना बजट नहीं है। फिर भी हम खुशहाली में सबसे पीछे रह गए। आखिर क्यों?

यह सवाल लेकर मैं बुद्धिराम जी के पास गया। वे मेरे मुर्शिद हैं। समाज के नाड़ी विशेषज्ञ हैं। पहले तो उन्होंने मुझे वैश्विक सूची पर संदेह करने के लिए फटकार लगाई। मेरी हिम्मत कैसे हुई कि मैंने किसी विदेशी शोध या सूची पर संदेह किया? जब सारी दुनिया की शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बौद्धिक क्षमता, निर्धनता के निर्धारण तथा मानवाधिकारों के मूल्यांकन का ठेका उन्होंने ले रखा है तो मैं बीच में दूल्हे का फूफा क्यों बन रहा हूँ? विदेशी जो भी करते हैं, अध्ययन के आधार पर करते हैं।

इधर आसानी से जीना मुश्किल हुआ है। डिजिटल पेमेंट की अनिवार्यता, ऑफिस में कैमरेबाजी, स्मार्टफोन की जासूसी और कागजी कार्यवाही के स्थान पर कंप्यूटरी चौकीदारी के कारण वैसे वाले पैसे कमाना सहज नहीं रह गया। जो घूस या कमीशन पहले हाथों-हाथ टेबल की दराज में नकद आ जाता था, उसके लिए तरीकों की तलाश की जा रही है। अब घूसप्रदाता को साहब के किसी खास आदमी से संपर्क करना पड़ता है। कहीं से नकदी निकालो और कहीं पहुँचाओ। नकदी का भी कोई भरोसा नहीं कब नोटबंदी की शिकार हो जाए। ऊपर से ईडी टाइप की संस्थाएँ इतनी सक्षम हो गई हैं कि गद्दे-तकिए तक फाड़कर तलाश ले रही हैं। सोना-चाँदी लो तो किसी विश्वसनीय रिश्तेदार के बैंक लॉकर में रखो। लेकिन रिश्ता कैसा जो सोना-चाँदी देखकर भी अविश्वसनीय न हो जाए!

खुशी का एक बड़ा हिस्सा अखबारों और न्यूज चैनलों से निकलता है। अखबार तो वैसे ही मोबाइल और ई-वर्जन की भेंट चढ़ने से दुखी हैं। जहाँ जागरूक जनता तक घटना की खबर घटना घटने से पहले ही पहुँच जा रही हो, वहाँ अगले दिन बासी-बजबजाती खबर कौन पढ़े? जब अखबार खुश नहीं तो बाकी तक खुशी कैसे पहुँचाएँ? दूसरी तरफ खबर दिखाने से बहुत आगे खबर गढ़कर बेचने वाले न्यूज चैनल भी दुखियों की श्रेणी में हैं। वही दिनचर्या वाली खबरें और वही रील। कोई ढंग की दुर्घटना घटे, कोई हमला-समला हो तो कुछ काम मिले। ये रेल दुर्घटनाएँ, भगदड़, नरसंहार आदि भी तो हमेशा नहीं होते कि कुछ रोचक काम मिले और ये खुश हों।

वैसे हैप्पीनेस इंडेक्स सूची का सर्वे सही नहीं लगता। यदि यह वाकई में आमजन से बातचीत पर आधारित है तो पूरी तरह अवैज्ञानिक एवं अविश्वसनीय है। अपने यहाँ कि जनता बेहद विनम्र एवं खाकसार है। वह अपने मुँह से यह कह ही नहीं सकती कि वह खुश और खुशहाल है। ऐसा कहते ही पता नहीं किसकी नजर लग जाए। पता नहीं कौन-कौन लोग जासूसी करने लग जाएँ कि यह ऐसा क्या पा गया है कि खुश है? कहीं कोई दो नंबर का माल तो नहीं मिल गया है? पता लग जाए तो कुछ और न कर सकें, किसी सिद्ध तांत्रिक से 'कुछ' करवा ही दें। उधर किसी सरकारी जाँच एजेंसी को सुगंध लग जाए तो वह छापेमारी पर भिड़ जाए। पुलिस दबिश दे पड़े कि जब पूरे देश में कोई खुश नहीं है तो स्साले तू क्यों खुश है? बता कौन-सा माल कहाँ से मारा है? कहीं मँगरू सेठ की फिरौती में तू ही तो नहीं शामिल था?

इसमें संदेह नहीं कि इस हैप्पीनेस इंडेक्स से सरकार और सरकार समर्थक खुश नहीं होंगे। खुश क्या, बहुत दुखी और चिढ़े होंगे। जब सरकार दुखी हो जाए या चिढ़ जाए तो राष्ट्र का हैप्पीनेस अवश्य ही लुढ़केगा। सरकार के हिलते या दुखी होते ही निफ्टी, शेयर बाजार और डॉलर के मुकाबले रुपैया लुढ़क जाता है तो इस ससुरे हैप्पीनेस की क्या औकात है? वैसे एक उपाय है। हैप्पीनेस भले न बदल पाए, इंडेक्स तो बदल सकती है। सरकार को चाहिए कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ के किसी गुर्गे से दुखहाली सूचकांक यानी सैडनेस इंडेक्स भी जारी करवाए। मुझे पक्का भरोसा है कि इस सूची में अपना नाम सबसे ऊपर रहेगा। हमें अपना नाम ऊपर चाहिए, सूची कोई भी हो!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 9654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## संक्षेप

### जिलाधिकारी को सौंपा तेरह सूत्री मांगपत्र



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ व मिनी आईटीआई एसोसिएशन ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रांतीय महामंत्री सुफिया बानो ने बताया कि महासंघ की मांग है कि प्रदेश भर की दैनिक वेतन भोगी वन विभाग के कर्मचारियों को तमाम शासनादेश के बाद भी विनियमितीकरण नहीं किया जा रहा है। जिनका आज तक विनियमितीकरण करते हुए पुरानी सेवा से जोड़ा जाए। साथ ही सचिवालय की भांति समस्त विभागों को भी 1900 ग्रेड पे दिया जाए। वहीं नक्सल क्षेत्र में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर विनियमित किया जाए। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत राज्य में जो सफाईकर्मी है उनकी नियमावली बनाई जाए तथा राज्य कर्मचारियों की भांति सारी सुविधाएं दी जाए। कलेक्ट्रेट अनुभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में पदोन्नति करने के पूर्व शासनादेश के अनुसार टाइप टेस्ट का ज्ञान का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने बताया कि नए शासनादेश के अनुसार 8 किमी की दूरी में डाक लगाने पर जो रूपए प्रतिमाह कुछ जनपदों में मिल रहा है और कुछ जनपदों में नहीं मिल रहा। 8 किमी के बाद तहसील क्षेत्र के सम्मन तामिला करने के लिए यात्रा भत्ता भी नहीं मिलता है जिसके लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को यात्रा भत्ता दिलाने का प्राविधान किया जाए। इस अवसर पर अशोक सिंह, श्याम मोहन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आग से चार बीघा गेहूं की फसल राख



**आजमगढ़।** गर्मी बढ़ते ही जनपद में आगलगी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो जा रही है। बुधवार को जनपद के दो स्थानों में लगी आग से चार बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार सेमरहा गांव निवासी अभिमन्यु राय, खोदन राय के खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी जबकि सटे खेत में गेहूं का बोझ पड़ा था। बुधवार को दिन में एक बजे अज्ञात कारणों से आग पकड़ ली। ग्रामीण जब तक जान पाते हवा के चलते आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीण ट्यूबवेल के सहारे बुझाने का प्रयास करते रहे। जिस खेत में आग पकड़ी उसके बगल में बोझ बंधे रहने के कारण आग आगे नहीं बढ़ सकी अन्यथा और भी फसल आग की भेंट चढ़ जाती। काफी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया गया। अगलगी में दो बीघा गेहूं जल गया। ग्रामीणों ने अराजकतत्वों द्वारा आग लगाये जाने की चर्चा रही जबकि मामले में कोई तहरीर नहीं दी गयी है। **लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र के बसही गांव में बुधवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के परिणाम स्वरूप 2 बीघा के करीब गेहूं की पूरी तरह तैयार फसल जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में बसही गांव निवासी हवलदार तथा उनके भाइयों का करीब एक बीघा, सलहरा निवासी हाजी सगीर अहमद और बसही के अलीमुद्दीन का कुल मिलाकर तीनों लोगों का 2 बीघा के करीब गेहूं की तैयार फसल का नुकसान हुआ है। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग पर काबू पाया जाता गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

### मजदूर को पीटने वाले दो गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने मजदूरी करने से मना करने वाले युवक को मारने पीटने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। रौनापार थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासिनी प्रभावती पत्नी अच्छेलाल कन्नौजिया ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया था कि उसके लड़के विपिन द्वारा विपक्षियों के यहां मजदूरी करने न आने की बात को लेकर विपक्षियों द्वारा जातिसूचक शब्दो का प्रयोग व गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की नियत से पटक कर लात घूसा व डंडा से मारा पीटा गया जिससे उसका लड़का विपिन मौके पर बेहोश हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तो नसीम अहमद पुत्र सफरुद्दीन निवासी रसूलपुर थाना रौनापार व असरफ पुत्र असलम को रामनगर कुकरौछी इण्टर कालेज के सामने से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### हत्या में वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**आजमगढ़।** थाना महराजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते पांच मार्च को रजिया पत्नी तरसू निषाद निवासी देवारा जदीद (टोटहवा) थाना महराजगंज द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि वादिनी के पति तरसू निषाद को विपक्षियों पप्पू यादव पुत्र जितई यादव, गुलाब यादव पुत्र ललई यादव व बलवन्त यादव पुत्र गुलाब यादव द्वारा बैट्री चोरी के लिये बातचीत करने हेतु बुलाकर जान से मार दिया गया और शव को बबूल के पेड़ के डाल पर फन्दा लगाकर लटका दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में थी। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त गुलाब यादव पुत्र स्व.ललई यादव निवासी महाजी देवारा जदीद थाना महराजगंज को सहदेवगंज तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### अध्यक्ष पद हेतु तीन ने किया पर्चा दाखिल



**आजमगढ़।** पूर्व जारी अधिसूचना के क्रम में सेंट्रल बारएसोसिएशन मंडल आजमगढ़ के निर्वाचन हेतु बुधवार को नामांकन पत्रों की प्रस्तुतिकरण की तिथि निर्धारित थी। उसी क्रम में नामांकन पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें अध्यक्ष पद हेतु आद्या प्रसाद सिंह, जय प्रकाश राय तथा प्यारे मोहन श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। विजय प्रताप सिंह चेयरमैन वरिष्ठ समिति सेंट्रल बार एसोसिएशन ने बताया कि मंत्री पद हेतु जय प्रकाश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु रफीउल हसन अब्बासी, उपाध्यक्ष पद के कुल दो पदों के लिए हरिनाथ पांडेय व सोहन राम यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु विन्देश कुमार यादव, उपमंत्री प्रशासन पद हेतु शेषमणि तिवारी, उपमंत्री पुस्तकालय हेतु जनार्दन राय, उपमंत्री प्रकाशन पद हेतु कमलेश कुमार मिश्र तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु पंकज राय ने नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार वरिष्ठ कार्यकारिणी के कुल पांच पदों के लिए कृष्णकांत माथुर, संजय कुमार श्रीवास्तव, एजाज आलम, योगेश सिंह ने नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के कुल पांच पदों हेतु केवल अभिषेक राय ने नामांकन प्रस्तुत किया। नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को तथा उसी दिन नामांकन पत्र अपराह्न 2.30 बजे तक वापस लिये जा सकते हैं। नामांकन के दौरान राजाराम यादव, तारकेश्वर मिश्र, राज बहादुर यादव, इंद्रासन सिंह मौजूद रहे।

### चौकीदार के घर में लगी आग



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवली गांव में फूलचंद राम के घर में अचानक आग लगने से दो मवेशी की आग में झुलसने से मौत हो गई। वहीं दो मवेशी बुरी तरह झुलस गए। वहीं लाखों रुपए की संपत्ति भी राख हो गई। बुधवार की शाम अचानक फूलचंद राम के घर में आग लग गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों ने घर के बगल के हैंडपम्प के पानी के सहारे आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए। देखते ही देखते सारा सामान जल कर खाक हो गया। घर के बगल में छप्पर में बंधे मवेशी भी आग की जद में आ गये जिससे दो मवेशी जल कर मर गए। दो मवेशी जख्मी हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पीड़ित फूलचंद राम पुत्र इन्द्र निजामाबाद थाने में चौकीदार है।

# गृहमंत्री व सीएम के आगमन को लेकर डीएम ने दिये निर्देश

**बैठक**

### समय से ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद रहेंगे अधिकारी



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, का 7 अप्रैल को जनपद के ग्राम नामदारपुर (हरिहरपुर), थाना कंधरापुर में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारी के साथ बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने उक्त कार्यक्रम हेतु लगे अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने निर्धारित स्थल पर स्वयं उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के निर्धारित समय से 3 घंटे पूर्व सभी अधिकारी अपने ड्यूटी पॉइंट पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कहीं कोई समस्या आए तो, उसे तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि समय से उसका निराकरण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार हेलीपैड, स्विस कॉटेज, मंच, बैरिकेडिंग, दीघाओं का निर्माण समय से पूर्ण करा लें।

जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल आजमगढ़ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। डीपीआरओ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल के आसपास मार्ग एवं सड़क की समुचित साफ-सफाई आदि की व्यवस्था करा लें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पानी से युक्त टैंकर, मोबाइल टॉयलेट, समुचित साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट व अधिकारियों से कहा कि आपस में समन्वय बनाकर अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, आईएएस प्रशिक्षु प्रखर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग दंपति को नहीं मिला न्याय भूख हड़ताल का दसवां दिन

## आश्वासन देकर 4 जनवरी को धरना स्थल से हटाये गये थे बुजुर्ग दम्पति



धरने पर बैठे दम्पत्ति।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ व भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे दम्पत्ति को अभी भी न्याय नहीं मिला। भूख हड़ताल के दसवें दिन भी दम्पत्ति धरने पर बैठे रहे। दम्पत्ति का कहना है कि जबतक उन्हे न्याय नहीं मिलेगा तब तक वह धरने पर बैठे रहेगें।

निजामाबाद तहसील के ग्राम बुद्धसेनपुर निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति फर्जी अमलदरामद के खिलाफ दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई को लेकर सोमवार को पुनः जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अंबेडकर पार्क में धरनारत है। उनका आरोप है कि मौजूदा चकबंदी हाल के आकार पत्र 11 के खाता संख्या 99 के ग्राम के भू माफिया मुन्ना उर्फ मुन्नीलाल पुत्र खेदू यादव ने फर्जी ढ़ंग से फर्जी मुकदमा नम्बर 4781 तारीख फैसला 16 मई 1986 मुन्ना बनाम लालचन्द्र की अमलदरामद लालस्याही से करवा दिया। इस फर्जी कार्यवाही में सुरक्षित पत्रालय माल के अधिकारी व कर्मचारी शामिल है। जानकारी होने पर बुजुर्ग दम्पत्ति 26 दिसम्बर 2022 को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अंबेडकर पार्क में भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस हड़ताल के बाद जिलाधिकारी ने बंदोवस्त अधिकारी, चकबंदी व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम की जांच टीम बनाकर जांच कराया। दोनों अधिकारियों ने 11 जनवरी 2023 को जांच रिपोर्ट में आदेश 16 मई 1986 को कूटरचित व फर्जी पाया लेकिन इस रिपोर्ट के बाद भी जिलाधिकारी द्वारा न तो आदेश 16 मई 1986 को निरस्त किया गया और न ही दोषी कर्मचारी व लाभार्थी मुन्ना यादव के ऊपर रिपोर्ट ही दर्ज कराई गई। बुजुर्ग दम्पत्ति की मांग है कि 1986 के आदेश को खारिज किया जाय तथा भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जाय।

# काले वस्त्र धारण कर कांग्रेसियों ने जताया विरोध

## सरकार पर लगाया लोकतंत्र और संविधान पर हमला करने का आरोप



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**आजमगढ़।** केन्द्रीय गृह मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के जनपद आगमन को लेकर जहां एक तरफ प्रशासन और बीजेपी तैयारियों में लगे हैं वहीं दूसरी तरफ कांग्रेसियो ने जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में लोकतंत्र और संविधान पर सरकार द्वारा किये जा रहे हमले का आरोप लगाते हुए विरोधस्वरूप काले वस्त्र पहन कर जोरदार हल्ला बोलते हुए प्रदर्शन किया। तत्पश्चात महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्याग्रह किया और रामधुन गाया।

जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी के मामले पर संसद में कुछ सवाल किये। लगातार उनका माइक बंद कर दिया जाता रहा उनके वक्तव्य को संसद की कार्रवाई से हटवा दिया जाता रहा। अडानी के सवाल पर बौखलाई बीजेपी राहुल गांधी के एक पुराने भाषण को ढाल बनाकर आनन फानन में उनकी संसद सदस्यता समाप्त करा दी और उन्हें घर खाली करने का नोटिस दे दिया गया। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता ओंकार पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अडानी पर किये गये सवालों पर उत्तर मिलने तक चुप नहीं बैठेगी। कांग्रेस महासचिव अजीत राय ने कहा राहुल गांधी लगातार जनता से जुड़े मुद्दों को उठा कर सरकार को संसद में निडर होकर घेरते रहे है जिससे बीजेपी सरकार बौखलाहट में है। रमेश राजभर ने कहा देश में लोकतंत्र खतरे में है। शीला भारती ने कहा कि सरकार तानाशाही पर उतारू है। पूर्णमासी प्रजापति, जगदम्बिका चतुर्वेदी, श्याम देव यादव, मुन्नू मौर्य, संदीप कपूर, रीता मौर्य, अंजली पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया।

### बाइकों की टक्कर में चार घायल

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत श्रीनगर सियरहा सिक्स लेन के पास मंगलवार की शाम दो बाइकों की आपस में भिड़ंत से 4 लोग घायल हो गए। टक्कर होते ही वहां पर उपस्थित राहगीरों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जिसमें से एक बाइक पर सुजीत प्रसाद निवासी छीहीं थाना बिलरियागंज और एक अज्ञात आदमी सवार थे। दूसरे बाइक सवारों का नाम पता अज्ञात है। बाइक सवारों को काफी चोटें आई हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत फिरुद्दीनपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(कमलावती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. फिरुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(प्रमोद कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. फिरुद्दीनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिर्जापुर , वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(सुभावती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मिर्जापुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(संजय यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मिर्जापुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत अबडीहा इब्राहिमपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(राजेश कन्नौजिया)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. अबडीहा इब्राहिमपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(विनीत सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. अबडीहा इब्राहिमपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत-भदेवरा, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैग, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(फातिमा)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. हसनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ

(प्रमोद कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. हसनपुर, वि.खं. मिर्जापुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुद्धिपुर, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - उपेन्द्र** **ग्राम प्रधान - सत्यप्रकाश**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

**कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दौली जमीन इन्दौली, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - उपेन्द्र** **ग्राम प्रधान - सोनू कुमार**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनाडीह, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - विनोद कुमार गुप्ता** **ग्राम प्रधान - सूर्यभान**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

# रवि की फसल के नुकसान का आंकलन करा कर दें क्षतिपूर्ति

**मांग**

### किसानों ने दिया तहसीलदार को पत्रक

### मोटे अनाज की खरीद के लिए खोला जाय क्रय केंद्र

जनसंदेश न्यूज



तहसीलदार को पत्रक देते किसान

**मीरजापुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने चुनार तहसील में जिलाधिकारी को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार चुनार नुपुर सिंह को सौंपा।

जिसमें जनपद में हुए बेमौसम बारिश व तूफान से किसानों की रवि की फसल की नुकसान का आंकलन करा कर किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा व फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। गर्मी के सीजन में आग लगी की घटनाओं को देखते हुए जनपद के सभी थानों पर दमकल गाड़ी की व्यवस्था कराया जाए। जनपद में दलहन, तिलहन, और मोटे अनाज के खरीद के लिए क्रय केंद्र खोला जाए। जिन किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है उनका सत्यापन सुचारू रूप से कराते हुए पारदर्शिता के साथ गेहूं खरीद कराया जाए। गोरखपुर माफी चुनार में 26 मार्च 2023 को बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से किसानों के लगभग 20 बीघे गेहूं जलकर खाक हो गया था। सर्वे का कार्य हो गया है लेकिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। अहरौरा में क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई वर्षों से ब्लॉक मुख्यालय बनाने की मांग हो रही है जन भावनाओं व जन सुविधाओं को देखते हुए अहरौरा में ब्लॉक मुख्यालय की संस्तुति प्रदान की जाय। इस दौरान प्रहलाद सिंह, सिद्धनाथ सिंह, अवधेश नारायण सिंह, स्वामी दयाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम श्रृंगार सिंह, राम सूरत सिंह, राजेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, रामचंद्र सिंह, दासू यादव, रामचंद्र यादव, चुल्हन बिंद जैस राम सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

# पब्लिक ने दौड़ाया तो पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा

**आक्रोश**

### पुलिस ने रोका डीसीएम तो पीछे से टकराया आटो

### हादसे में आधा दर्जन आटो सवार घायल, बैठाई गई जांच

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के प्रयागराज राज मार्ग पर बुधवार की दोपहर माल वाहक और आटो की टक्कर में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। आटो सवार वाराणसी से माता विंध्यवासिनी धाम में मुंडन संस्कार कराने आए थे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के दूधनाथ तिराहे के पास हादसे में घायल लोगों का उपचार मंडलीय अस्पताल में कराया गया। हादसे के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए वाहन रोकने वाले बाइक सवार पुलिस कर्मियों को पब्लिक ने



डीसीएम में घुसी टेम्पो

दौड़ा लिया। बाइक सवार पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की जांच सीओ ट्रैफिक को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी। लोगों का आरोप है कि यातायात विभाग के दो पुलिस कर्मियों ने प्रयागराज की ओर जा रहे डीसीएम को बाइक से दौड़ा कर रोका। अचानक पीछे से आ रही आटो माल से भरे वाहन से टकरा गई। इससे तीन बच्चों के साथ लगभग आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देख अक्रोशित राहगीरों ने डीसीएम रोकने वाले पुलिस कर्मियों को दौड़ा लिया। पब्लिक के गाली गलौच सुनते हुए बाइक से पुलिस के जवान भाग निकले।आटो सवार वाराणसी से मां विंध्यवासिनी धाम में मुंडन संस्कार कराने आये थे। ट्रैफिक पुलिस की गलती का खामियाजा मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन और मुंडन कराकर लौट रहे श्रद्धालुओं को उठाना पड़ा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को पूर्व विधायक ने दिखाई हरी झंडी



रैली को रवाना करते पूर्व विधायक

**हलिया।** विकास खंड के पटेहरा उपस्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को पूर्व विधायक सूर्यभान ने आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक सूर्यभान ने ग्रामीणों से संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील किया। आशा कार्यकर्ताओं ने पटेहरा गांव के धरकार बस्ती, कुम्हार बस्ती, ब्राह्मण बस्ती में पहुंचकर स्वच्छता अपनाएं बीमारी भगाएं, जन जन का यही है नारा संचारी रोग मुक्त हो गांव हमारा, कुएं ढके हो जाली से बहे गन्दगी नाली से आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया। इस दौरान हरिशंकर सिंह पटेल, मनकामना मिश्र, एचबी लीलावती आशासंगिनी आरती मिश्रा, आशा कार्यकर्ता अनारकली, रानी पांडेय, श्यामादेवी, अनीता देवी, प्रेमा देवी, निर्मला देवी, प्रतिमा देवी, संतोष कुमार, रामबख्श, धीरज सिंह, गंगा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो चाकू के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा 02 नाजायज चाकू के साथ 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु प्रिया व उ0नि0 रामनरायण शुक्ला मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार थाना क्षेत्र से 01-01(कुल 02) आरोपी क्रमशः हीरालाल पुत्र पलट साहनी निवासी ग्राम पदमौल थाना तिसिऔटा धर्मपुर जिला वैशाली राज्य बिहार व अमन सिंह पुत्र मोती सिंह निवसी ग्राम खुजरी थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक-एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**परिजनों में मचा कोहराम**

### पुलिस को बिना सूचना दिए शव का परिजनों ने किया दाह संस्कार

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की कुएं में गिरने से मंगलवार को मौत हो गई। परिजन काफी देर तक खोजबीन के बाद देखा तो कुएं में शव उतराया हुआ है। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिए। लालगंज थाना क्षेत्र के दिघुली गांव में 44 वर्षीय राम चंद्र की पत्नी रेशमा अचानक मंगलवार को सुबह घर से बाहर गई थी कि काफी देर तक वापस नहीं आने के बाद परिजन उसका खोजबीन करने लगे। परंतु कहीं अता पता नहीं चला।

दोपहर बाद घर से 300 मीटर दूर पर खोजबीन में कुएं में शव उतराया हुआ मिलने के बाद परिजन बिलखने लगे और शव को कुएं से बाहर निकाल कर पुलिस को बिना सूचना दिए घर ले आकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका को तीन पुत्रियाँ और एक पुत्र है। पुत्र बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। पति साधारण कृषक हैं। सूचना मिलने पर पहुँचे जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार पटेल व क्षेत्रीय लेखपाल जसवंत सिंह ने परिजनों को डाढस बधाया। पोस्टमार्टम के लिए कहा परंतु परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए।

# मोटरसाइकिल के धक्के से किशोर की मौत

**इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़**

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किशोर की मौत बाइक चालक की लापरवाही एवं तेज गति के कारण हो गई। थाना क्षेत्र के मीरजापुर सोनभद्र मुख्यमार्ग पर ददरा, राजगढ़ बाजार के मध्य तेज रफ्तार बाइक चालक ने एकलौते पुत्र को अपनी तेज गति के चलते मौत के मुंह में धकेल दिया। जानकारी के अनुसार राजगढ़ गांव निवासी प्रशान्त दूबे का तेरह वर्षीय पुत्र रुद्र किसी काम से ददरा बाजार गया था। जहां से लौटते वक्त पीछे से आ रही तेज गति की बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट पहुंची। इस दौरान मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल की दुर्व्यवस्था एवं डाक्टरों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को बुलाने पर अड़ गए। मृतक रुद्र अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था। जिसकी असामयिक मौत से परिजनों में मातम का माहौल बना हुआ है।

# नगर निकाय व उप चुनाव को लेकर अलर्ट रहे पुलिसः एसपी

**उपचुनाव व नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में की गई समीक्षा बैठक**



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते एसपी

**मीरजापुर।** जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों की आगामी वि.स. उपचुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा आगामी विधान सभा उपचुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीयों, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं समस्त शाखा प्रभारी के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान आगामी विधान सभा उप चुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु उचित पुलिस प्रबन्धन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में जनपद के अंतर्गत गठित शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु समन्वय स्थापित किया जाए। इसी क्रम में आगामीय स्थानीय नगर निकाय चुनाव को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष, प्रभारीगण को अपने अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का भ्रमण, अपराधियों एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं चुनाव सम्बन्धित अन्य कार्यवाही समय से पूर्ण करते हुए चुनाव को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, चुनाव सेल प्रभारी व समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के करौंदा गांव में बिजली के तारों से शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे कई एकड़ फसल जल गई। थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेतों में खड़े गेहूं की फसलों पर एक के बाद एक आपदाएं नुकसान पहुंचा रही हैं जिसके चलते किसानों को भारी छति उठानी पड़ रही है। इस दौरान बिजली की चिंगारी निकल कर खेत में खड़े गेहूं की फसल में गिरने से आग लगने की खबरें शुरू हो रही हैं बिजली की शार्ट सर्किट होने पर हर साल सैंकड़ों एकड़ फसलें जल जाती हैं। क्षेत्र में अग्नि शमन की व्यवस्था नदारद होने से अगलगी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ऐसे में करौंदा गांव में आग लगने की सूचना के बाद भी घंटों तक अग्नि शमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंच पाई। एक तरफ प्राकृतिक आपदा तो दूसरी ओर बिजली व्यवस्था लगातार किसानों को नुकसान पहुंचाते हैं जिसका कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है।

# नहर में हो रहे अतिक्रमण को रोकने में नाकाम दिख रहा है विभाग

**लापरवाही**

### कुदारन नहर में गिर रही नाली पर मिट्टी डालकर किया जा अतिक्रमण

### स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के किनारे स्थित कुदारन गांव के पास से हुसैनपुर बीयर से पौनी के लिए गई नहर में उसके किनारे गिर रही नाली पर मिट्टी डालकर धड़ल्ले से अतिक्रमण कर रहे है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने जब उच्चाधिकारियों से किया तो विभाग के लोग हरकत में आ गए लेकिन कार्रवाई के नाम पर ढाक के तीन पात वाली कहावत देखने को मिल रही है। एक तरफ प्रदेश की सरकार नहर की पटरी पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चला रही है और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि नहर की पटरी पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों की आंखों के सामने अतिक्रमण किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी अंजान बने हुए हैं। कुछ ऐसा ही देखने को कुदारन में मिल रहा है यहां भागवत ब्रांच की नहर में खुलेआम स्थानीय लोगों द्वारा मिट्टी डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है विभाग के अधिकारी देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी चर्चा स्थानीय लोगों में जोरों पर है। स्थानीय अधिकारियों के कार्रवाई न करने पर स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से प्रकरण की शिकायत किया तो उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर विभाग हरकत में आया लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस संबंध में सिंचाई विभाग के जेई आनंद कुमार बिंद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सींचपाल को मौके पर भेजा गया है। जो मिट्टी डाला गया है उसको हटवा दिया जाएगा।

# वेतन भुगतान को लेकर 5वें दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना

**मीरजापुर।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री चुनार में कार्यरत कर्मचारियों का सितंबर माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर सोमवार से बांबे इंटेलीजेंस सिक्योरिटी (बीआईएस) विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड एवं इम्प्लाइज कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर अनिश्चित काल के लिए डिस्पैच गेट पर धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। धरनारत कर्मचारियों ने बताया की कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था।



गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

तीन माह पूर्व धरना प्रदर्शन किया गया था तो फैक्ट्री के अधिकारियों ने 90 दिन समय मांगा था। समय बीतने के साथ ही बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने पुनः प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट पर भयंकर धूप एवं हाई टेंपरेचर में धरना पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन भुगतान नहीं होने से बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। स्कूल प्रबंधन बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस भेज रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिंता साफ दिखाई दे रही है। यहां फैक्ट्री द्वारा वर्षो से वेतन नहीं दिया जा रहा है। 6 माह तक आधा वेतन दिया जा रहा है। इसके बाद पूरा वेतन बंद कर दिया गया। परिवार भुखमरी के कगांर पर पहुंच गया है। इस दौरान चंद्रभान सिंह, लवकुश, अमित कुमार सिंह, सरफराज यादव, सुदर्शन सिंह, बुद्धेश कुमार, शिवदास, अनिल यादव, नंदलाल, राजेश प्रजापति, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड मौजूद रहे।

# एडीएम ने की संस्था प्रभारियों के साथ की गेंहू खरीद की समीक्षा

**बैठक**

### अनुपस्थित रहने पर मंडी सचिव से माँगा स्पष्टीकरण

### कल तक सभी केंद्रों पर खरीद प्रारंभ कराने का दिया निर्देश

**मीरजापुर।** अपर जिलधिकारी वित्त जिला खरीद अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने गेहूं खरीद की समीक्षा की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक खाद्य विभाग के सभी 12 केंद्रों, पीसीएफ के 08, पीसीयू के 07, यूपीएसएस के 03 तथा एफसीआई के एक केंद्र सहित जनपद में 70 के सापेक्ष कुल 28 केंद्रों पर खरीद प्रारंभ हो चुकी है।

मंडी समिति के स्वीकृत दोनों केंद्रों को अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, साथ ही मंडी सचिव के बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण निर्गत कर केंद्रों को स्थापित कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी संस्था प्रभारियों को कल तक सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से खरीद प्रारंभ कराने तथा किसानों को उसका त्वरित भुगतान कराने का भी निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में अब तक 5034 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है, किंतु संबंधित तहसीलों से इनके सत्यापन की स्थित अत्यंत असंतोषजनक है, जिसके लिये सभी उप जिलाधिकारी को त्वरित सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया ताकि इसके कारण खरीद प्रभावित ना हो। केंद्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई किसान बिना सत्यापन के भी गेहूं लेकर आता है तो तहसील से तत्काल संपर्क कर उसका सत्यापन कराते हुए खरीद सुनिश्चित करायें, जिससे किसान को अनावश्यक रूप से परेशान ना होना पड़े। समीक्षा में पाया गया कि अभी तक एआर कोआपरेटिव द्वारा सहकारिता विभाग के अधीन संचालित किसी क्रयकेन्द्र का निरीक्षण नहीं किया गया है, जिसके लिये उन्हें निर्देशित किया गया कि वे कल से प्रतिदिन क्रयकेंद्रों का स्वयं भी भ्रमण करें और अधीनस्थ एडीसीओ, एडीओ से भी उनका दैनिक रूप से निरीक्षण सुनिश्चित करायें। पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, एफसीआई के जिला प्रभारियों को भी अपनी संस्था के केंद्रों का प्रतिदिन निरीक्षण कर फोटोयुक्त आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि जब तक सभी केंद्रों पर खरीद प्रारंभ नहीं हो जाती है तबतक संबंधित संस्था प्रभारी एडीसीओ, एडीओ और मंडी सचिव प्रतिदिन सायंकाल 05 बजे अपने निरीक्षण और कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या के साथ उपस्थित होंगे। बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक के साथ अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। बैठक में डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह, जिला प्रबन्धक पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, सभी एडीसीओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते एडीएम वित्त

## संक्षेप

### 8.210 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**मीरजापुर।** 08.210 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है बुधवार को उ.नि. धनन्जय सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर को0देहात थाना क्षेत्र से एक आरोपी रविक्रान्त यादव पुत्र हरिबहादुर यादव निवासी भजईपुर थाना औराई जिला भदोही को गिरफ्तार कर कब्जे से 08.210 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अविवाहिता घर से हुई फरार

**हलिया।** क्षेत्र के एक गाँव की युवती के पिता ने तहरीर दी है कि शादी तय होने के बाद हलिया थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक के साथ रविवार को फरार हो गई। परिजनों ने खोजबीन के बाद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी ने हलिया थाने में तहरीर देकर अविवाहिता को बरामद कराने की गुहार लगाई है। दी गयी तहरीर में कहा है कि लड़की की 15/16 मई को शादी तय थी कि हलिया थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक ने लड़की को बहला फुसला कर रविवार को भगा ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला तो हलिया थाने में लडकी को भगाने वाले के विरुद्ध नाम जद तहरीर देकर पीड़ित ने कार्यवाही की मांग किया है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### मजबूती के साथ लड़ा जायेगा चुनाव : देवी प्रसाद चौधरी

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव, छानबे विधानसभा उपचुनाव, नगर निकाय चुनाव को लेकर अपनी चुनावी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महर्षि कश्यप एवं गुहराज निषाद की जयंती के बहाने चुनाव जीतने का गुरुमंत्र समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित बैठक में दिया गया। इस अवसर पर सभी नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा महर्षि कश्यप एवं गुहराज निषाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद कर विचार गोष्ठी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी छानबे विधानसभा उपचुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को जीतने के लिए अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का काम करे। जब बूथ मजबूत रहेगा तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कूड़े के ढेर, बढ़े हाउस टैक्स, वाटर टैक्स के खिलाफ वोट देकर भाजपा को हरायेगी। किसानों से गेहूँ सस्ता खरीदा गया जबकि लोगों को आटा महंगा मिल रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि महर्षि कश्यप द्वारा संपूर्ण सृष्टि की सृजना में दिए गए महायोगदान की यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अन्य अनेक धार्मिक साहित्यों में भरी पड़ी है, जिसके कारण उन्हें सृष्टि के सृजक' उपाधि से विभूषित किया जाता है।

### दीवान का वसूली गेम, एसपी के लिए अभद्र बोल

**मीरजापुर।** पशु तस्करों से सांठ गांठ कर एसपी को गाली देने पर दो दीवान समेत 3 पर मुकदमा कायम किया गया है। मीट कारोबारी से वार्ता के दौरान एसपी के लिए भी अभद्र भाषा के प्रयोग का वीडियो सामने आया है। जिस पर मीट कारोबारी ने कटरा कोतवाली में मामला दर्ज कराया। इमामबाडा में मीट का कारोबार करने वाले पीड़ित का आरोप है कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के लालडिग्गी चौकी में तैनात दीवान 10 हजार रुपया महीना देने का दबाव बना रहे हैं। रुपया न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दो सिपाहियों ने अपने चमचों को भेज कर जबरन 5 हजार ले लिया था। अगली बार से 10 हजार रुपया महीने पहुचानें को कहा। नही देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित मीट कारोबारी की तहरीर पर दो सिपाहियों सहित 3 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। योगी राज में पुलिस की मीट विक्रेताओं से सांठ गाँठ का ऑडियो वायरल हो रहा है। एसपी के डर से पशु तस्करी छोड़ चुके लोगों को जबरी अवैध काम के लिए उकसाया जा रहा है। कटरा थाना के लालडिग्गी चौकी पर तैनात दीवान का ऑडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता हैं कि आरोपी दीवान चील्ह थाना में पहले कारखासी करता था। शिकायत के बाद कटरा थाना के लालडिग्गी पुलिस चौकी में तैनाती मिली। सरकार एक तरफ पशु तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस रही हैं। दूसरी तरफ दो मुस्लिम दीवान की के बुलंद हौसले जांच का विषय बना हैं। पीड़ित मीट व्यवसायी की तहरीर पर कटरा कोतवाली में आरोपी दोनों दीवान समेत रामबाग निवासी शाहिद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सड़क की पटरी नहीं बनाए जाने से राहगीरों को हो रही है समस्या

**मीरजापुर।** चुनार स्थानीय तहसील अंतर्गत सीखड़ विकास खंड के मगरहां से सीखड़ रामगढ़ प्रेमापुर मार्ग पर किया गया आरसीसी निर्माण के बगल में गड्ढे होने बरसात का पानी जमा हो जाता है। सड़क सकरा होने से दोनों तरफ से वाहन आने पर साइकिल एवं बाइक सवार गिर कर घायल हो रहे हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी आरसीसी सड़क निर्माण के बगल में विभाग द्वारा न नाली निर्माण कराया न ही पटरी बनाया गया जिससे सड़क के बगल में बरसात का पानी भर रहता है जिससे लोगों आक्रोश व्याप्त है। कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय अखिलेश त्रिपाठी, प्रधान धनजय मिश्रा, विद्याभूषण सिंह, डाक्टर विंध्य बहादुर सिंह, अरविंद सिंह, डब्बू सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, शिवेंद्र सिंह, हुबलाल, सुरजीत सिंह, पवन पांडेय, तूफानी मिश्रा आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान इस दौरान आकृष्ट कराते हुए आरसीसी सड़क निर्माण के बगल में पटरी निर्माण कराये जाने की मांग किया है।

### कृष्ण गोपाल चौधरी को प्रत्याशी बनाये जाने की कांग्रेसियों ने की मांग

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के बसही मठ पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी से कृष्ण कुमार चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छानवे विधानसभा उपचुनाव में पार्टी से प्रत्याशी घोषित करने के लिए जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने की विस्तार रूप से चर्चा की। जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा सहमति प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं ने बैठक की कॉपी जिलाध्यक्ष शिव कुमार पटेल को भेजा। इस अवसर पर जनार्दन मिश्रा एडवोकेट, कुबेर मौर्य, पिंटू, अनिल सिंह, शहाबुद्दीन, अजय पांडे, चतुर्भुज पांडे, लक्ष्मी कांत मिश्रा, कृष्णकांत मौर्य, पारसनाथ सिंह, संकटा पांडेय, रामलोचन बिंद, आदि लोग उपस्थित रहे।

### 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को म0उ0नि0 गीता राय मय टीम द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से आरोपी विपिन गुप्ता पुत्र मुरारी गुप्ता निवासी कस्बा पड़री मीरजापुर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पड़री पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 8 अप्रैल को

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की ओर से जनपद व विंध्याचल इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 8 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 से सिटी क्लब में किया गया है। जिसमें अधिवक्ता हित सम्मान एवं सुरक्षा स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच प्रकाश नाथ उपाध्याय ने दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के भरपूरा ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक राजगिर मिस्त्री की मौत हो गई। बताया जाता है कि पड़री थाना क्षेत्र के थानसिंह के पूरा गांव निवासी राजकुमार गुप्ता उम्र 55 वर्ष अपने घर से किसी कार्य बस शहर की तरफ जा रहे थे उसी समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जागरूकता शिविर सात को

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण प्लान आफ एक्शन के तहत 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष अनमोल पाल के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मण्डलीय अस्पताल के सभागार में बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, सजग के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर अपर जनपद न्यायाधीश एफ.टी.सी सचिव डीएलएसए की अध्यक्षता में किया जायेगा।

## संक्षेप

### अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



**सोनभद्र।** स्थानीय ब्लाक के ग्राम बेलाही में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को तेजस्वी संगठन न्यास, तेजस्वी मंदिर निर्माण समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष पांडे द्वारा किया गया। प्रबंधक इंदिरा चरण पांडे ने बताया कि हनुमान का अवतार दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। संस्थापक ई. प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तेजस्वी संगठन न्यास द्वारा पिछले वर्ष तीन हनुमान मंदिर का नवनिर्माण व जीर्णोद्धार कराया गया था। प्रयागराज कुम्भ मेले में शिविर का आयोजन किया गया था। इस वर्ष भी मंदिर निर्माण व जीर्णोद्धार एवं महायज्ञ अनुष्ठान कराया जाएगा। कार्यक्रम में रमाशंकर मिश्र, संतोष प्रसाद पाण्डेय, सुदामा दुबे, पन्ना लाल, दिनेश प्रसाद, कृष्ण मुरारी दुबे, हंस राज शर्मा, उमाशंकर पाण्डेय, शशिभूषण पाण्डेय, संजय कुमार दुबे, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी विद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ, हर्ष



**बीजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में नेशनल कैडेट कोर का शुभारंभ किया जा रहा है। लंबे प्रयास के बाद इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बच्चों एवं अभिभावकों में उमंग एवं उत्साह का संचार देखा जा रहा है। छात्र आशीष पांडे का कहना है कि मुझे एनडीए की तैयारी करनी है। फौज में सैन्य अधिकारी बनकर देश की सेवा करना मेरा मकसद है। एनसीसी एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। सौरभ सिंह भी एनडीए के माध्यम से सैन्य अधिकारी बनकर देश की रक्षा करना चाहते हैं। प्राचार्य राजकुमार ने बताया कि एनसीसी विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज्बा पैदा करेगा। एनडीए, सीडीएस, एवं अन्य सैन्य क्षेत्रों की प्रतियोगिताओं में एनसीसी प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाती है। प्राचार्य ने बताया कि एनसीसी सैन्य क्षेत्रों में जाने का माध्यम है। यह विद्यार्थियों में अनुशासन, देश भक्ति, ईमानदारी, बहादुरी का संचार करने में सहायक साबित होगा। इस क्षेत्र में स्काउट गाइड के साथ एनसीसी युक्त इकलौता विद्यालय डीएवी रिहंदनगर ही है। यहां के अनेक विद्यार्थी सैन्य क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं।

### जोनल क्यूआरटी टीम ने जंगलों में की काम्बिंग



**सोनभद्र।** जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से बुधवार को प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज मनोज कुमार ठाकुर द्वारा मय पुलिस एवं जोन वाराणसी की क्यूआरटी टीम के साथ थाना पन्नूगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिलहट तथा कूदर के जंगलों में सघन काम्बिंग की गयी। इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर या नक्सली संचरण के विषय में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु बताया गया।

### आठ आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस



**रामगढ़।** पन्नूगंज पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट में फरार अम्बुज पाण्डेय पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी तियरा कला, आशीष पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी पन्नूगंज, आकाश राव पुत्र प्रेमनाथ निवासी तियरा कला, रोहित शुक्ला पुत्र अविनाश शुक्ला निवासी पन्नूगंज, आदर्श चौबे पुत्र आद्या प्रसाद चौबे निवासी पन्नूगंज, प्रियांशु शुक्ला पुत्र अविनाश शुक्ला निवासी पन्नूगंज, दिलीप पटेल पुत्र स्व. राजकुमार निवासी मिश्रौलिया, दिव्यांशु पाण्डेय पुत्र विनोद पाण्डेय निवासी पन्नूगंज के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए आरोपियों के घर नोटिस चस्पा किया गया। पुलिस ने बताया कि वांछित अभियुक्तगण निरन्तर फरार चल रहे हैं तथा न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे है। जिसपर न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की गयी तथा अभियुक्तगण उपरोक्त के निवास स्थान पर नोटिस चस्पा कराकर उसके घर एवं आस-पास के क्षेत्रों में मुनादी करायी गयी। यदि फरार अभियुक्त समयावधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो उसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर उप निरीक्षक रामज्ञान यादव मय फोर्स मौजूद रहे।

### हार्ट अटैक से संविदाकर्मी की मौत

**शक्तिनगर।** स्थानीय एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत गृह के ट्रेनिंग सेंटर में एसी रिपेयरिंग का कार्य करने वाले संविदा कर्मी शिव प्रसाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी तेलगवा, विंध्यनगर, सिंगरौली की बुधवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। संविदाकर्मी को एनटीपीसी कर्मियों एवं अन्य साथियों की मदद से परियोजना के संजीवनी चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजनों को इसकी जानकारी होते ही उनमें कोहराम मच गया।

### रेल कर्मी पर हमले के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत बीते 30 मार्च की देर रात रेलवे कर्मी पर अज्ञात लोगों द्वारा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को बुधवार को सेक्टर दस से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बता दें कि सेक्टर दस निवासी रेलवे कर्मी तारकेश्वर शर्मा पुत्र स्व. परदेशी ड्यूटी कर घर वापस लौटते समय कुछ लोग उनसे विवाद करने लगे। इस दौरान उनमें से किसी व्यक्ति के पीछे से पत्थर से हमला करने से रेलवे कर्मी घायल हो गए थे। वहीं पुलिस ने पीड़ित के तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि घटना में शामिल सत्यम मिश्रा, सूरज कुमार श्रीवास्तव, नंदन कुमार श्रीवास्तव निवासीगण सेक्टर दस को मुखबिर की सूचना पर सेक्टर दस से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

### एक जिला बदर

**सोनभद्र।** अपर जिला मजिस्ट्रेट सहदेव कुमार मिश्र ने जिले के अमन व चैन कायम रखने के लिए एक व्यक्ति को गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही कर 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि थाना-कोन क्षेत्र के कुड़वा निवासी शुभम उर्फ चन्द्र यादव पुत्र अरूण यादव को 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि अवांछनीय कार्य करने और गुण्डों की जानकारी मिलने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही जारी रहेगी।

### अपराध पर अंकुश लगाने को चौकीदारों के साथ हुई बैठक

**रामगढ़।** प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज के नेतृत्व में थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों/चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए चौकीदारों के दायित्वों, कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए थाना क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विचार विमर्श किया गया। नक्सली गतिविधियों/अपराधियों की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि चौकीदार पुलिस की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत करने, पुलिस विभाग के बेहतर पुलिसिंग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आश्रम पद्धति विद्यालयों में हुई प्रवेश परीक्षा

**सोनभद्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने बताया कि जनपद में 4 पंडित दीनदयाल राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बालिका विद्यालय और उरमौरा, घोरावल, गुरमुरा ओबरा, दुद्धी संचालित है। विद्यालयों में बुधवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। कक्षा 6,7,8, व 9 में रिक्त सीटों की संख्या 389 के सापेक्ष 2454 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 2197 (89.52 प्रतिशत) बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसका परिणाम 10 को जारी किया जाएगा। 18 अप्रैल तक प्रवेश लिया जाएगा।

### विशेष सचिव व नोडल अधिकारी का आगमन आज

**सोनभद्र।** विशेष सचिव रेशम विकास विभाग सुनील कुमार वर्मा आईएएस व नोडल अधिकारी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। वे गुरुवार को गोवंश संरक्षण से सम्बन्धित जनपदस्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात नोडल अधिकारी स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

### बीजेपी का 43वां स्थापना दिवस आज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला कार्यालय को सजाया जायेगा, साथ ही जनपद के सभी 21 मण्डल में व 1511 बूथ पर भाजपा का झण्डा मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष लगायेंगे। जनपद के जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने मण्डल व बूथ पर कार्यक्रम में सहभाग करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

# फर्जी रिलीज आर्डर खेल का असली मास्टर माइंड था तत्कालीन एआरटीओ

## बोले थाना प्रभारी वांछितों की तलाश जारी, जल्द होगी गिरफ्तारी अपने ही जाल में फंस गए तत्कालीन एआरटीओ

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जनपद के विभिन्न थानों में बंद वाहनों को फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कराने के खेल के मास्टरमाइंड तत्कालीन एआरटीओ पीएस राय व विभाग के प्रधान सहायक विनोद कुमार श्रीवास्तव पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

म्योरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश ने बताया कि इस पूरे प्रकरण का असली मास्टरमाइंड तत्कालीन एआरटीओ पीएस राय, लिपिक विनोद श्रीवास्तव व अन्य लोग हैं। अब तक एआरटीओ के दो प्राइवेट कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष वांछितों की भी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। जल्द ही उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जनपद के विभिन्न थानों में ओवरलोड तथा अवैध परिवहन में थाने में परिवहन विभाग द्वारा गाड़िया बंद कराई गई थी। इस बीच जुलाई 2022 में परिवहन विभाग कार्यालय का फर्जी रिलीज आर्डर लगाकर दर्जनों वाहनों को छुड़ाने का मामला सामने आया था। जिसमें तत्कालीन एआरटीओ पीएस राय की तरफ से चोपन, दुद्धी, विंढ़मगंज, हाथीनाला और म्योरपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस की जांच में जहां बाहरी व्यक्तियों के साथ ही कार्यालय के लोग भी संलिप्त पाए गए। वहीं तत्कालीन एआरटीओ पीएस राय को भी इस खेल में शामिल पाया गया। मामले में पुलिस जहां अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं जांच के दौरान मिले सबूतों के आधार पर तत्कालीन एआरटीओ सहित दो की गिरफ्तारी के लिए वारंट भी जारी हुआ है। बता दें कि इस मामले में पूर्व में ही एआरटीओ के प्राइवेट कर्मी विजेंद्र उर्फ गुडडू, अजीत मिश्रा व मदन यादव को गिरफ्तार कर चुकी है।

### सदर कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

**सोनभद्र।** विभागीय उदासीनता व लापरवाही का नतीजा रहा कि कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को फर्जी रिलीज आर्डर के सहारे छुड़ा लिए। वही मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि वाहनों की रिलीजिंग को लेकर एक और फर्जीवाडा सामने आ गया। इस प्रकरण में भी सदर कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में घोरावल पुलिस ने बुधवार को हत्या मामले में संदीप कुमार अग्रहरि उर्फ मिट्ठू पुत्र स्व. दीनानाथ अग्रहरि, निवासी वार्ड 01, घोरावल को ग्राम जुड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# घर से चोरों ने नकदी गहनों पर किया हाथ साफ



**ओबरा।** तापीय परियोजना में कार्यरत सहायक अभियंता के आवास में चोरों ने दिनदहाड़े सेंध लगाकर नगदी सहित करीब एक लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। तापीय परियोजना के निमार्णाधीन ओबरा सी परियोजना में निर्माण संयंत्र कमीसनिंग खंड में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत इं जयविंद सिंह के आवास संख्या 9 एफएच 3 102 में चोर किचन के दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और अंदर के कमरे की दीवार में सेंध लगाई।

चोरों ने घर में किसी को न पाकर घर का सारा सामान बिखेर डाला और सोने की अंगूठी, चेन सहित दस हजार नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित जयविंद सिंह के मुताबिक वे शनिवार को सिंगरौली में कार्यरत अपने पुत्र के पास गए हुए थे। मंगलवार की सुबह वह वापस अपने आवास पर पहुंचे। ड्यूटी जाने के लिए देर होने की वजह से वह अपने साथ लाया बैग बाहर के कमरे में रखकर चले गये। जब वे दोपहर में वापस लौटे तो बाहर के कमरे में रखा बैग का सामान बिखरा हुआ पाया। अंदर के कमरे में गये तो उन्होंने अंदर भी घर का पूरा सामान बिखरा हुआ पाया। वहीं अंदर के कमरे में रखा सोने की अंगूठी, चेन सहित दस हजार नगदी भी गायब मिला। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### महर्षि कश्यप जयंती पर केसरवानी वैश्य सभा ने निकाली शोभायात्रा



**सोनभद्र।** केसरवानी वैश्य सभा द्वारा बुधवार को राबर्ट्सगंज नगर में कुल गोत्र ऋषि महर्षि कश्यप की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर महिलाएं पुरुष थिरकते हुए हाथों में भगवा ध्वज लिए कश्यप ऋषि का जयकारा लगाते हुए शामिल हुए। पुरुष श्वेत वस्त्र तो स्त्रियां पीत वस्त्र धारण कर पूरे नगर का भ्रमण किया। शोभायात्रा उत्तर मोहाल स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई और नगर का भ्रमण करते हुए धर्मशाला रोड स्थित सूर्य गंगा वाटिका पहुंची। यहां विचार गोष्ठी में केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र केसरी, जिलाध्यक्ष सुरेश केसरी, नगर अध्यक्ष चंदन केसरी ने संयुक्त रुप से कहा कि केसरवानी समाज देश की आर्थिक रीढ़ है और देश के विकास में हमारे समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें एकजुट होकर अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। रामायण कल्चर मैपिंग योजना, संस्कृति विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार केसरवानी ने कहा कि शोभायात्रा केसरवानी जाति के संगठित होने का उदाहरण है और हमें इसी तरह से मिलजुल कर समाज सेवा का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर लवकुश प्रसाद केसरी, सोहनलाल केसरी, राजाराम केसरी, हनुमान दास केसरी, शंकर प्रसाद केसरी, अनूप चंद केसरी, दीपक केशरी, उमेश केसरी, रिशु केसरी, प्रदीप केसरी, विक्की केसरी, प्रतिभा केसरवानी, शालिनी केसरी, प्रीति केसरी, पूजा केसरी, शालू केसरी, सरोज केसरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सपाइयों ने मनायी महर्षि कश्यप, निषाद जयंती



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को महर्षि कश्यप एवं निषाद गुह्यू की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। आयोजित गोष्ठी में निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। ऋषि और मुनियों की ही देन है कि आज सभी लोग इनके बताए हुए रास्ते पर चल रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा ऋषि मुनि का सम्मान करने का काम किया। उनके आदर्शों पर चलते हुए गरीब, मजदूरों और महिलाओं की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर मोहम्मद शईद कुरेशी, अनिल प्रधान, राजनाथ यादव, अशोक पटेल, जब्बार खान, पेबारु यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### विवाहिता की मौत के मामले में पति व उसके भाई पर मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिल्ली गांव में रह रही एक विवाहिता का बीते मंगलवार को घर मे पंखे में रस्सी के सहारे लटकता शव मिलने के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बताया गया कि 30 वर्षीय सुनैना पत्नी अनिल प्रसाद निवासी बिल्ली गांव का शव घर के कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे लटकता मिला था। आनन फानन में परिजन सुनैना को फंदे पर लटका देख तत्काल उसे फंदे से अलग कर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार अनिल की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जिससे दो लड़के हैं। वही सुनैना से उसकी दूसरी शादी हुई थी लेकिन कोई संतान नहीं थी। मौत के पश्चात परिजन मृतका का शव लोढ़ी स्थित मोर्चरी में रखवा कर ओबरा बिल्ली गांव चले आए। आने के पश्चात मामले की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई थी। बुधवार को मृतका के पिता मुनावर पुत्र केसरी निवासी कोरट, घोरावल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मृतका के पति अनिल व उसका भाई लव कुश निवासीगण बिल्ली गांव उनकी पुत्री सुनैना को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति अनिल व उसके भाई लवकुश के विरुद्ध दहेज हत्या में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनरा, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(लालचन्द) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. मनरा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(कृष्णमुरारी यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. मनरा, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत दरिखाशेख अहमदपुर, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(परमात्मा चौरिसिया) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. दरिखाशेख अहमदपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(प्रमोद कुमार) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. दरिखाशेख अहमदपुर, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत-ककोरी देवाकलपुर, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर
### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैग, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-परौवा, वि0 ख0-मुफ्तीगंज, जौनपुर
### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 13.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैग, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0**

## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया, वि0 ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी।सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 05.04.2023

(मूलचन्द) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. टिकरिया, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ

(कृष्णमुरारी यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. टिकरिया, वि.खं. मिर्जापुर आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत टगुनिया, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्ते** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव – उपेन्द्र** **ग्राम प्रधान – शिमला देवी**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत भिण्डकुण्ड, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्ते** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव – विनोद कुमार गुप्ता** **ग्राम प्रधान – कमलावती देवी**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत दोथ, वि0 ख0-सीयर, जनपद-बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्ते** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव – विनोद कुमार गुप्ता** **ग्राम प्रधान – आशुतोष कुमार**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 05.04.2023

# बहुउद्देशीय हब के लिए जमीन चिह्नित, किसान हुए खफा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद मे बहुउद्देशीय हब लिए 88 एकड़ जमीन जिले चिन्हित की गई है। विदित हो कि जिला प्रशासन की ओर से बिहार के सटे नौबतपुर के समीप बगही कुंभापुर एवं चंदौली सदर के नवीन मंडी के पास जमीन तलाशी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। किसानों को जैसे ही इसकी सूचना मिली विरोध करने के लिए दर्जनों किसान लामबंद होकर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचे और अपना विरोध जताया।

किसानों ने कहा कि अगर हम सभी का भूमि जो चिन्हित हुआ है वह चली जाएगी तो हम सभी गांव छोड़कर जाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। वही डीएम ने किसानों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। माधोपुर गांव निवासी अभिषेक ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली कि बहुउद्देशीय हब रामपुर मौजा में बन रहा है जहां हम लोगों का मकान स्थित है।

उन्होंने कहा कि जीविका के रूप में हर किसी के पास एक दो या 4 बिस्सा जमीन बची हुई है जो जीविका के रूप में हम सभी रखे हुए हैं अब इसको भी बहुद्देश्यीय हब के नाम प्रशासन ले रहा है।

नाराज किसानों ने कहा अगर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक त्रिपाठी, मुरलीधर उपाध्याय, उदय नारायण, प्रभु नारायण, बलिराम यादव, मैनेजर प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, राकेश, रामअधार विश्वकर्मा, प्रदीप खरवार, शंभू विश्वकर्मा, शुकालू राम, टिंकू विश्वकर्मा, सुभाष यादव आदि उपस्थित रहे।



डीएम से मिलकर नाराज किसानों ने जताया विरोध।

### किसानों ने डीएम से मिलकर सौंपा पत्रक

**चंदौली।** जनपद के विकासखड शहाबगंज के किसानों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को पत्रक सौंपा। कहा कि सेमरा क्रय केंद्र पर बीते कई वर्षों से धान व गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा था, लेकिन रबी सीजन के चालू वर्ष में क्रय केंद्र को कतिपय लोगों की ओर से अपने निजी स्वार्थ के कारण समदापुल इलिया में स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त क्रय केंद्र वर्तमान क्रय केंद्र से सात किमी दूर स्थित है। अन्यत्र नया गोदाम किराए पर लेने का कोई औचित्य नहीं है। इलिया में क्रय केंद्र को स्थानांतरित करने से किसानों को अपनी उपज की बिक्री के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मांग किया कि किसानों के हित को देखते हुए केंद्र को स्थानांतरित न किया जाए। डीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। के दौरान सुभाष त्रिपाठी, विकास चंद्र पाण्डेय, अमरनाथ सिंह, रमेश, जितेंद्र सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# टांडा कला में जाम के झाम से चौपट हो रहा व्यापार

जनसंदेश न्यूज

**टांडाकला।** टांडाकला कैथी गंगा घाट पर निर्मित प्लाटुन पुल पर चार पहिया वाहनों के आवागमन और बाजार में दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से खड़े किये गए वाहनों के कारण आये दिन लगने वाले जाम के कारण लोग कराहने लगे है और व्यापार पूरी तरह चौपट होने लगा है, जिससे क्षेत्रीय लोगों सहित कस्बा वासियों में आक्रोश पनपने लगा है।

केन्द्रीय मंत्री डा. महेंद्र नाथ पाण्डेय के प्रयास से कैथी टाण्डा गंगा घाट पर पीपा पुल बनने से कैथी मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन पूजन सहित वाराणसी आवागमन में काफी सहूलियत हो गयी है। लेकिन टांडा में स्थित घटवारी मंदिर के बाद बाजार में काफी संकरा रास्ता है। जिसको देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा आने व जाने के लिए दो मार्गों का चयन कर आवागमन व्यवस्था कायम कर दिया गया। किन्तु कुछ दिन के बाद स्थानीय प्रशासन की चुप्पी व सुस्ती के बाद सभी प्रकार के चार पहिया व दो पहिया वाहन सहित पैदल व सायकिल राहगीर एक ही रास्ते से आते जाते है। वहीं बाजार में स्थित दुकानों व शराब की दुकान पर बेतरतीब वाहन खड़ा करने के कारण आये दिन लम्बा लम्बा जाम लग जा रहा है और लोगों को घंटों जाम के झाम से जुझना पड़ता है। अमित सिंह सोनू, चन्दन जायसवाल आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए टांडा बाजार में पुलिस की पिकेट ड्यूटी लगवाते हुए आने जाने के अलग अलग रास्तों को कायम कराकर जाम से निजात दिलाने की मांग किया है।



टांडाकला बाजार में लगे जाम में फंसे वाहन व राहगीर।

## संक्षेप

### जागरूकता रैली निकालकर नामांकन के लिए किया प्रेरित




**बबुरी।** कस्बे के कम्पोजिट विद्यालय बबुरी में बच्चों ने बुधवार की सुबह स्कूल चलो अभियान की रैली निकाल कर लोगों को अपने बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए जागरूक किया। अप्रैल माह में नए सत्र की शुरूआत होते ही परिषदीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रेरित करने के लिए सरकारी स्कूल के शिक्षक बच्चों संग रैली निकालकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार की सुबह कस्बे के कम्पोजिट स्कूल बबुरी के छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर पूरे बाजार का भ्रमण किया। रैली को स्कूल की प्रधानाध्यापिका शशिबाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में बच्चे हाथों में शिक्षा से संबंधित नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस दौरान शिक्षकों ने कस्बे में अभिभावकों से मिलकर बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कुसुमलता मौर्य, संगीता सिंह, प्रीति सिंह, स्नेह लता यादव, निधि वर्मा, चेतना श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, हाजरा खातून, पूनम ,आभा, रेनू, गायत्री, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### गेहूं क्रय केंद्र की स्थापना को लेकर किसान खफा

**शहाबगंज।** किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न इसके लिए प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन लगातार किसानों से गेहूं खरीदने के साथ उचित दाम देने की बात कर रही है, लेकिन सेमरा गांव स्थित गेहूं क्रय केंद्र पूरा उल्टा है। गोदाम प्रभारी की मनमानी के चलते उक्त विपणन शाखा केन्द्र पर चलने वाला गेंहू क्रय केंद्र समदा पुल पर स्थापित करने से किसानों में रोष व्याप्त है। वहीं प्रभारी के मनमाने ढंग से कार्य को लेकर किसान आंदोलन के मूड में है। विपणन शाखा केन्द्र के परिसर में धान व गेहूं खरीद का कार्य किया जाता है। लेकिन इस बार विपणन शाखा के नये प्रभारी ने गेहूं खरीद का स्थान लगभग दस किलोमीटर दूर यूपी-बिहार के सीमा पर स्थित समदा पुल के पास एक निजी गोदाम में बना दिया गया है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त हो गया है। क्षेत्र के किसान सुभाष त्रिपाठी, ह्रदय नारायण सिंह, रमेश त्रिपाठी, विक्की पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, अमरनाथ, अरविन्द पाण्डेय, राजन मिश्र, कल्लू सिंह, गड्डन सिंह आदि किसान बुधवार को जिलाधिकारी से मिलकर गेहूं क्रय केंद्र पुनः सेमरा में स्थापित करने की मांग की।

### सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का चयन

**चंदौली।** सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का चुनाव बुधवार को मुख्यालय स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुआ। इसमें चकिया के लिए बजरंगी, शहाबगंज के लिए बृजनाथ को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सदर ब्लाक के लिए शिव मूरत प्रसाद अध्यक्ष, रामसकल मंत्री और लालजी यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और संगठन की मजबूती का संकल्प लिया।

### सच्चे भक्तों को प्रभु से मिलने में नहीं होती दिक्कतः शास्त्री

**डीडीयू नगर।** झांसी ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सात दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन महाराज गोविंद शास्त्री ने कहा कि सच्चे भक्त मिल जाए तो प्रभु को मिलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। महाराज ने कहा कि मानव रूपी शरीर प्रभु ने हमें दिया है। जिसे हम सत्यकर्म में लगाकर हम अपने समस्त और अवगुणों को दूर करें। ऐसे महासंत ईश्वर के निकट होते हैं। इस दौरान प्रधान पति आलोक कुमार सिंह ,रमेश सिंह, अशोक सिंह, बलराम सिंह, द्वारिका नाथ सिंह, उदय सिंह, जितेंद्र, बबलू यादव, प्रकाश पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रमिक परिवारों को योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

**डीडीयू नगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पदाधिकारियों ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि श्रम विभाग कार्यालय में सक्षम अधिकारियों द्वारा नियमित नहीं बैठते। इस कारण यूपीबीओसीडब्ल्यू में पंजीकृत श्रमिकों के शादी अनुदान, मातृत्व शिशु व अन्य श्रमिक पंजीयन संख्या में दर्ज सत्यापित करने में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा जारी किए जाने से श्रमिकों को भारी नुकसान हो रहा है जिसको लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी आगामी 6 अप्रैल को गुरुवार को मुगलसराय जीटी रोड स्थित कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी।

### लापता व्यापारी की खोजबीन के लिए दुकान बंद कर दिया धरना



**सकलडीहा।** कस्बा के पूर्व प्रधान व व्यापारी नेता प्रेमशंकर रस्तोगी का 32 वर्षीय पुत्र सुमीत रस्तोगी बीते बुधवार से लापता है। बुधवार को व्यापारियों ने पूर्ण रूप से दुकाने बंदकर शाम छह बजे तक धरना पर बैठे रहे। सीओ राजेश कुमार राय द्वारा एक सप्ताह में मामले का खुलासा करने का आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान चाय पान, सब्जी और मिठाई की दुकाने भी बंद रही। इस मौके पर काफी संख्या में व्यापारी देर शाम तक धरना स्थल पर डटे रहे। छह दिन बाद भी युवक का पता नही होने पर कोतवाली और सीओ कार्यालय पहुंचकर खुलासा की मांग करते हुए सुबह से दुकाने बंद कर धरना पर बैठ गये। धरना को विभिन्न दल के नेताओं ने समर्थन भी किया। कई बार अधिकारियों के समझाने के बाद भी व्यापारी अड़े रहे। देर शाम को सीओ राजेश कुमार राय ने एक सप्ताह में मामले का खुलासा करने का भरोशा देते हुए धरना समाप्त कराया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल लक्ष्मीकांत अग्रहरी, शंकर प्रसाद गुप्ता, सत्यप्रकाश, दिलीप गुप्त, आनंद, गिरधर सेठ, संतोष, सतीश रस्तोगी, नंदन, मोहम्मद इस्लाम खान, मुन्ना, पंचम यादव सहित तमाम व्यापारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अमिलाई में हमला करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के अमिलाई गांव में दो दिन पूर्व हैण्डपम्प लगाने के दौरान बिपक्षियो से हुई हाथापाई में रामलाल भारती की मौत के बाद बलुआ पुलिस ने तीन अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह पपौरा से गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि अमिलाई गांव में तीन अप्रैल सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारी सुभाष राम अपने जमीन पर हैण्डपम्प लगवाने के लिए मिस्त्री से बोरिंग करा रहे थे। वहां उनके पिता रामलाल भारती बैठे। गांव के ही बेचन राम से इनका विवाद चल रहा था। जो बेचन,इनके पुत्र व अन्य ने लाठी डंडे लेकर हाथापाई करने लगे, जिससे रामलाल की मौत हो गयी। इनकी मौत के बाद सभी फरार हो गये। बुधवार की सुबह बलुआ थाना प्रभारी के निर्देश पर उपनिरीक्षक जैनुद्दीन खान हमराही चेकिंग कर रहे थे। बलुआ इंस्पेक्टर को मुखबिर से सूचना मिली कि अमिलाई में मारपीट करने वाले पपौरा में है कही भागने की फिराक। पैंथर, सेकेंड मोबाइल जीप से पुलिस ने तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर तहरीर के आधार पर कार्यवाही कर न्यायालय में भेज दिया। इस संदर्भ में इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि रामलाल के ऊपर लाठी से वार करने वाले बेचन प्रसाद, सतीश कुमार व श्रीकांत आजाद को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। शेष तीन और की तलाश जारी है।

### संगठित होकर राजनीति में योगदान दें निषाद समाजः अरविंद

**कन्दवा।** निषाद पार्टी के तत्वावधान में ब्लॉक बरहनी ग्राम सभा अंरगी में बुधवार को महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार निषाद ने कश्यप के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जयंती समारोह में महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार निषाद ने कहा कि निषाद परिवार का इतिहास बहुत ही पुराना है। प्रभु राम से निषादराज की मित्रता को सभी लोग जानते है। आज हम सभी को संगठित होकर राजनीति में अपना अहम योगदान देने की जरूरत है। इसके लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। हमें एकजुट होकर आने वाले समय मे अपनी ताकत का एहसास कराने की जरूरत है, ताकि निषाद परिवार का समाज मे अपनी एक पहचान हो सके। महर्षि कश्यप ने समाज में अपना अहम व महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर शिवकुमारी निषाद, जिला सचिव अंगद निषाद, मेघनाथ निषाद, रामअशीष निषाद, तेजू निषाद, रामचेला निषाद, लक्ष्मन निषाद, गुलाबी देवी, झुना देवी, लालमनि निषाद आदि रहे।

# नामांकन की अंतिम तिथि तक होगा नाम जोड़ने व हटाने का काम

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने नगरीय निकाय में निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्रवाई के लिए संबंधित एसडीएम व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है, ताकि नामांकन के अंतिम तिथि तक मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम दर्ज करने के साथ ही नाम काटने और संशोधन की कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से किसी भी समय अधिसूचना जारी की जा सकती है। ऐसी स्थिति में अधिसूचना जारी होने के पूर्व तक जो दावे एवं आपत्तिया प्राप्त होगी। उसका निस्तारण करते हुए नामांकन के अंतिम तिथि तक निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-12च में प्रवधान है।

निर्वाचक नामावली की कोई प्रविष्टि सुधारी या निष्कासित की जानी चाहिए या रजिस्ट्रीकरण के लिए हकदार किसी व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में परिवर्धन किया जाना चाहिए। इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के दिए गए आदेशों के अधीन रहते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यथा स्थिति निष्कासन व सुधार अथवा परिवर्तधन कर सकता है। लेकिन ऐसा कोई सुधार, निष्कासन या परिवर्धन कक्ष के किसी निर्वाचन के लिए नामांकन देने के अंतिम तिथि के बाद और निर्वाचन के पूरा होने के पूर्व नहीं किया जाएगा।

परंतु यदि कोई सुधार या निष्कासन जो किसी व्यक्ति के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वालो हो तो उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई के संबंध में सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा।

## राज्य कर्मचारियों ने बैठक कर की पुरानी पेंशन की मांग

**चंदौली।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में हुई। इसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 21 मई को मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में सिंचाई संघ, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सफाई कर्मी, राजस्व सहित अन्य संगठनों के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की मांग की। इस दौरान संजय सिंह, वंश नारायण, पंकज कुमार, दिनेश भारती उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन मनीष ने किया।

## सहभागिता का कार्यक्रम आज

**चंदौली।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में ग्राम्या संस्थान की ओर से दोपहर 12 बजे से मरीज अधिकार व सबके लिए स्वास्थ्य संवाद में सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्थान की नीतू सिंह ने दी।

# बाल हनुमान की निकाली शोभायात्रा, उमड़ा भक्तों का रेला



डीडीयू नगर में आयोजित शोभायात्रा में शामिल विधायक रमेश जायसवाल व अन्य।

**डीडीयू नगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रामचरितमानस संघ के तत्वावधान में मां दुर्गा हनुमान मंदिर से एक बाल हनुमान शोभायात्रा बुधवार को निकाली गई।

शोभायात्रा नईसट्टी जीटी रोड, कैलाशपुरी, रवि नगर, पटेल नगर, नई सट्टी, प्लॉट नंबर दो, शाहकुटी, गल्ला मंडी जीटी रोड के काली मंदिर से होते हुए सपा कार्यालय से वापस जीटी रोड स्टेशन परिसर के हनुमान मंदिर से होते हुए वापस दुर्गा हनुमान मंदिर पहुंचा, जिसके पश्चात रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ।

बाल हनुमान जी के इस शोभायात्रा में सबसे पहले दस घोड़ों पर सवार महावीरी पताका लिए हुए थे इसके बाद डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्तजन झूमते हुए चल रहे थे, इनके पीछे बनारस से आया डमरू दल वातावरण में भक्ति रस घोल रहा था, जागरण मंडल के भजन गायकों सर्वश्री आनंद गुप्ता, महेश मधुर, छांगुर, जीतेन्द्र जायसवाल, अतुल चतुर्वेदी, संतोष पाठक, जयप्रकाश जायसवाल, दीवान वर्मा पूरे रास्ते भर अपने भजनों से भक्तिरस घोलते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बाल हनुमान जी की पालकी के साथ-साथ श्रीराम दरबार व राधेकृष्ण सहित कई झांकी सम्मलित रही।

इस मौके पर विधायक रमेश जायसवाल, टोनी खरवार, मनोज जायसवाल, अशोक शुक्ला, राहुल पांडे, सपन दत्ता, कृष्ण कांत, राजीव गुप्ता, संजीव जायसवाल, विजय गुप्ता, चन्द्रेश्वर जायसवाल, रंजन शाह, वीरेंद्र, सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

# निकासी के अभाव में सड़क पर जमा हो रहा नाबदान का पानी

**कन्दवा।** विकास खंड के महुंजी गांव के मुख्य गली में निकासी के अभाव में एक वर्षों से घरों के नाबदान का पानी जमा है, जिससे गली तालाब का रूप ले लिया है। निकासी की समस्या के कारण ग्रामीण गंदे पानी से होकर आने जाने को विवश हैं। जिसके लिए कई बार जिम्मेदारजनों से गुहार लगाया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका हैं। गली की स्थिति और खराब होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों को संक्रामक बिमारियों के उत्तपंन होने का खतरा सताने लगा है।

महुजी गांव के पश्चिम तरफ की करीब 400 मीटर गली हालत बदतर है। जबकि खड़जे व इण्टर लाकिंग के उपर से वर्षों पचासों घर के नाबदान का पानी बह रहा है कुछ दूर तक अंडर ग्राउंड बनी नाली पुरी तरह जाम है। कारण तालाब पाटकर कुछ लोगों द्वारा निकासी को पुरी तरह बंद कर दिया गया है और बारिश सहित नाबादान हैंडपंप, सबमर्सिबल आदि पानी उसी गली से बह रहा है। निकासी बंद होने से पानी निकलना मुश्किल हो गया है। जिसका परिणाम गंदा पानी गलियों में जमा होने से समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिस कारण आधा दर्जन लोगों का घर की दीवार धराशायी हो सकती है। क्योंकि गलियों में इकट्ठा होकर बढ़ रहा पानी घरों की नींव में घुस रहा है। अगर इसी तरह बारिश का पानी नाबादान का पानी पसर कर इकट्ठा होता रहा तो कुछ लोग बेघर हो जाएंगे। गली के हालत ये हो गये हैं कि उसी में होकर आने जाने से बच्चे बूढ़े गिर जाते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। गली में कुछ जगहों पर घास फूस उग गये हैं। निकासी नहीं होने से गंदे पानी का गली में बढ़ने एवं पसरने का दायरा बढ़ता जा रहा है, जिससे मुख्य मार्ग से गुजरने वालों सहित गांव के पचासों घरों के लोगों का नरकिय जीवन बीत रहा है। जिसके लिए जनप्रतिनिधियों सहित ब्लाक स्तर के अधिकारियों से भी गुहार लगाया गया। लेकिन जिम्मेदारान मौन साधे हुए हैं। इस संबंध में घुरपत बिंद, परशुराम बिंद, बैजंती देवी, ओमप्रकाश, हरिओम साह, मौला अंसारी, बशीर अंसारी, जलील अंसारी, जैनूल आदि लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस समस्या से निदान की मांग किया है।



महुजी गांव की मुख्य गली पसरा नाबादान का गंदा पानी।

## वन्य जीवों को चारा देकर पालतू बनाना अपराध : डीएफओ

**चंदौली।** प्रभागीय वनाधिकारी दिनेश सिंह ने वन्य जीवों के संरक्षण हेतु आमजन की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की है। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति के वन्य जीवों को पिंजड़े अथवा किसी परिसर में कैद कर रखना अपराध है। वन्य जीवों का शिकार, फन्दे में फंसाना, दौड़ाना, जहर देना आदि अवैध है। वन्य जीवों का व्यापार अवैध है। वन्य जीवों के मांस का भक्षण या अन्य वन्य जीव से संबंधित उत्पादों जैसे चमड़ा, सींग, पंख, बाल, नाखून, हड्डी आदि का उपभोग वर्जित है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को चोट पहुंचाना, उनके अंडों व घोसलों को नष्ट करना अपराध है। वन्य जीवों जैसे भालू, बन्दर, लंगूर, सांप, तीतर, तोता आदि को मनोरंजन हेतु प्रयोग में लाना गैर कानूनी है। वन्य जीवों को चारा देकर पालतू बनाना अपराध है। वन्य जीवों को घायल अवस्था या अनाथ स्थिति में पाये जाने पर वन विभाग के निकटस्थ कार्यालय को तत्काल सूचित करें। वन्य जीवों के अवैध शिकार, व्यापार आदि में शामिल व्यक्तियों संस्थाओं की सूचना वन विभाग एवं पुलिस विभाग के निकटस्थ कार्यालय को सूचना राष्ट्रीय हेल्प लाइन नम्बर-1800-11-9334 (टोल फ्री) पर दें।

# तंबाकू का इस्तेमाल मानव के लिए जानलेवा : चंद्र प्रकाश



बरांव विद्यालय के बच्चों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

**शहाबगंज।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बरांव में बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ रूरल इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया। गोष्ठी में शिक्षकों बच्चों और अभिभावकों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया, वहीं तंबाकू सेवन ना करने की शपथ भी दिलाई गई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि तंबाकू जानलेवा है यह जानना बहुत ही जरूरी है। विश्व में होने वाली मौत और बीमारियों का एकमात्र सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन है। वहीं सलाहकार कुसुम मिश्रा ने कहा कि धूम्रपान करने वाला व्यक्ति ना केवल अपने जीवन के लिए बल्कि अपने परिवार व समाज के लिए भी कैंसर का खतरा पैदा करता है। साइकोलॉजिस्ट शिल्पी सिंह ने बताया कि तंबाकू से ह्रदय रोग, टीबी, लकवा, ब्रेनहेमरेज जैसी घातक बीमारियों की सम्भावना बढ़ जाती हैं। इस मौके पर संजय कुमार निराला, रविंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार पाण्डेय, रजनीश प्रसाद, मनीष यादव, योगेंद्र कुमार सिंह, सुषमा, सविता कुमारी, कन्हैया लाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# ग्राम सभा की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**सकलडीहा।** भाकपा माले व इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से विभिन्न मांगों के समर्थन में सलेमपुर गांव में बुधवार को चौदहवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान ब्लॉक प्रशासन और तहसील प्रशासन द्वारा हो रहे ग्रामीणों के शोषण व अनदेखी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। मांगे पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की आन्दोलनकारियों ने घोषणा की। वक्ताओं ने ग्रामसभा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग किया। भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के अनिल पासवान ने कहा कि तहसीलदार के आश्वासन के बाद भी गांव सभा में अवैध अतिक्रमण नही हटा। किसान हित की बात करने वाली सरकार ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसलों का मुआवजा देने में हीला हवाली कर रही है। किसानों के सामने रोटी खाने की समस्या खड़ी होगयी है। किसानों ने लागत मूल्य का डेढ़ गुना मुआवजा दिलाने की मांग किया है। इसके अलावा जिपं से अधूरे मार्ग को पूरा कराने व शौचालय, नाली, खंडजा, मनरेगा मजदूरी, पेंशन, गरीबों को आवंटन और बिजली विभाग की मनमानी शोषण और वसूली पर रोक लगाने की मांग किया। मौके पर शशिकांत सिंह, रमेश, तूफानी गोंड, बिजई प्रसाद, छैबर बनवासी, दुलारी देवी, चंपा, कलावती, चमेली देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता उमा चौहान व संचालन मुन्नीलाल ने किया।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में 20 बीघा गेहूं की फसल खाक



सिवान में जल रहे गेहूं की फसल को बुझाते ग्रामीण।

**बबुरी।** थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण लगभग 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग लगी की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी अग्निशमन दल घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। इस बीच ग्रामीणों ने अथक परिश्रम कर आग पर काबू पा लिया। बुधवार की दोपहर मुस्तफापुर गांव में सिवान से तेज धुआं उठता देख किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े। किसान जब तक खेतों में पहुंचते गेहूं में लगी आग फसल पर फैलती जा रही थी। विकराल आग में समाते गेहूं की फसल को देखते ही किसान बदहवास हो गए तथा झाड़ियों की टहनियों से पीट-पीटकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। इस बीच ग्रामीणों ने गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी दमकल विभाग का वाहन घटनास्थल पर नहीं पहुंच सका। इस दौरान ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगी की घटना में लगभग 20 बीघे की खेती जलकर राख में तब्दील हो गई।

## अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग, कड़ी मशक्कत से बुझी

**चकिया।** चकिया रेंज के सपही बीट के उत्तरी जंगल में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसकी चपेट में आने से लगभग डेढ़ हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे रेंजर योगेश कुमार सिंह ने बिना कुछ सोचे समझे ही जंगल की आग बुझाने के लिए कूद पड़े, जिससे उनको हल्की चोटे भी आई बड़ी मशक्कत के बाद वन कर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। बुधवार की दोपहर 11 बजे के आसपास सपही बीट के उत्तरी छोर के पास के जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों की चपेट में आकर लगभग डेढ़ हेक्टेयर जंगल पूरी तरह जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई, जहां फायर लाइन व हरी टहनियों से किसी तरह फैल रही आग पर काबू पाया गया। इस दौरान रेंजर योगेश कुमार सिंह, वन दरोगा रामआशीष, वनरक्षक प्रेम सिंह सच्चिदानंद, लालबहादुर सिंह, दीपक, शंकर ड्राइवर, रौनक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## टी20 में अब तक असफल रहे हैं सरफराज

नई दिल्ली। बल्लेबाज सरफराज खान पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में छाये रहे हैं। उन्होंने रणजी सहित सभी घरेलू क्रिकेट टूनार्मेंटों में जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में माना जा रहा था कि वह टी20 में भी खासे सफल रहेंगे पर ऐसा हुआ नहीं है। आईपीएल के अब तक के दो मैचों को देखकर तो ऐसा ही लगता है। लाल गेंद क्रिकेट में बेहद सफल रहे सरफराज सफेद गेंद से खेले जाने वाले एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में विफल रहे हैं। आईपीएल के इस सत्र में पहले दो मैचों में वह रन नहीं बना पाये हैं। दूसरे टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी बेहद लचर रही। सरफराज ने इस मैच में 88.24 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद में 2 चौकों लगाकर केवल 30 रन बनाए।

# घरेलू मैदान पर आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी केकेआर

**कोलकाता।** नीतीश राणा की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) गुरुवार को यहां फाफ डुप्लेसी की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का मुकाबला करेगी। इस मुकाबले में केकेआर घरेलू हालातों का लाभ उठाते हुए जीत हासिल करना चाहेगी हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं रहेगा क्योंकि आरसीबी की टीम कई स्टार खिलाड़ियों से भरी है इसके अलावा केकेआर अपने कई अहम खिलाड़ियों के बिना ही उतर रही है।

केकेआर के लिए यह सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसे शुरूआती मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हार का सामना रकना पड़ा था। वहीं अब उसे स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का साभ भी नहं मिल रहा। शाकिब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कारण आईपीएल से हट गये हैं। टीम इस टूनार्मेंट में अपने नियमित कप्तान और मुख्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के बिना उतरी है। श्रेयस पीठ की चोट के कारण बाहर हैं। राणा अभी तक अपनी कप्तान में टीम को प्रेरित करन में सफल नहीं हुए हैं। राणा ने घरेलू क्रिकेट में कप्तानी की है और अब उन्हेंघरेलू मैदान पर अपनी टीम को वापसी करानी है।

केकेआर की टीम काफी लंबे समय के बाद ईडन गार्डंस पर अपना पहला मैच खेलेगी। केकेआर ने अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच कोविड-19 महामारी से पहले 28 अप्रैल 2019 को खेला था। प्रशंसक दोनो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्साहित रहेंगे। अय्यर की अनुपस्थिति में केकेआर के बल्लेबाजी कमजोर हो गई है ऐसे में राणा के अलावा आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर को अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। केकेआर के मुख्य गेंदबाज टिम साउदी और सुनील नारायण पिछले मैच में रन नहीं रोक पाये जो टीम के लिए परेशानी का कारण बना। ऐसे में इस मैच में इन दोनो को कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास एक अच्छा बल्लेबाजी क्रम है जिसका लाभ उसे मिलेगा। आरसीबी की टीम में दर्शकों की नजरें विराट कोहली की बल्लेबाजी पर रहेगी। कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 82 रन बनाये थे। टीम के पास डुप्लेसी जैसा बल्लेबाज भी है। आरसीबी के पास गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल और आकाशदीप जैसे तेज गेंदबाज भी हैं। ये ईडन गार्डंस के हालातों का लाभ उठा सकते हैं। उसे हालांकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले के बिना ही उतरना होगा। टॉप्ले के कंधे में चोट लग गई है। ऐसे में उनकी जगह डेविड विली को अवसर मिल सकता है।

### टीम इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, सुयश प्रभुदेसाई, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत, फिन एलेन, ग्लेन मैक्सवेल, वानिंदु हसरंगा, शाहबाज अहमद, हर्षल पटेल, डेविड विली, कर्ण शर्मा, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, जोश हेजलवुड, सिद्धार्थ कौल, आकाश दीप, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा और माइकल ब्रेसवेल।

# पृथ्वी की खराब बल्लेबाजी से नाराज हुए सहवाग



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दिल्ली कैपिल्स के बाद युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की आलोचना की है। सहवाग के अनुसार उन्हें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच में पृथ्वी से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद थी। इस मैच में दिल्ली को छह विकेट से मैच हार का सामना करना पड़ा था।

पृथ्वी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत में जमकर रन बनाये थे और इसी कारण माना जा रहा था कि वह सहवाग, सचिन तेंदुलकर और ब्रेन लारा जैसे खिलाड़ी बनेंगे पर पिछले कुछ समय से वह अपने फार्म को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अब आईपीएल में भी उनका बल्ला नहीं चल रहा है। वहीं दूसरी ओर शुभमन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे वह टीम इंडिया में तीनों ही प्रारुपों में एक बेहतर क्रिकेटर बनकर उभरे हैं।

सहवाग ने कहा, पृथ्वी कई बार इस तरह के ही शॉट खेलकर आउट हुए हैं पर अब तो उन्हें अपनी गलतियों से सीखना चाहिए।

शुभमन ने पृथ्वी के साथ ही अंडर-19 क्रिकेट खेला और अब भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 खेल रहे हैं जबकि पृथ्वी अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। उसे इस आईपीएल मंच का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी लय हासिल कर लेनी चाहिये। युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल के एक सत्र में 600 रन बनाए। शुभमन भी तेजी से रन बना रहे हैं। ऐसे में पृथ्वी को भी अच्छा स्कोर बनाने का प्रयास करना चाहिये।

# एक या दो बल्लेबाज नहीं, हार के लिए सभी दोषी : अगरकर

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच अजीत अगरकर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम की हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए एक या दो बल्लेबाजों को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। अगरकर के अनुसार हार के लिए सभी जिम्मेदार हैं। दिल्ली की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर केवल 162 रन ही बनाये। इस लक्ष्य को गुजरात टाइटंस ने आसानी से हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से कप्तान डेविड वॉर्नर ने 37 और सरफराज खान ने 30 रन बनाये पर बाकि बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ केवल सात रन ही बना पाये।अगरकर ने कहा, हार के लिए किसी एक या दो बल्लेबाज को दोष नहीं दे सकते क्योंकि हमारे शीर्ष क्रम में किसी भी बल्लेबाज ने अच्छा खेल नहीं दिखाया। मैं केवल इस मैच की बात नहीं कर रहा हूं। शुरूआती दोनों मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। उन्होंने कहा, जिन टीमों को अच्छी शुरूआत मिली आप उसका प्रदर्शन देख सकते है। हमें इसमें सुधार करना होगा। गुजरात को श्रेय मिलना चाहिए जबकि हमें सुधार की जरुरत है। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ वॉर्नर और पृथ्वी के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्यशॉ ने टेस्ट में पदार्पण पर शतक लगाया है, उसने घरेलू मैचों में काफी रन बनाए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आईपीएल का स्तर घरेलू क्रिकेट से ऊंचा है पर शॉ और वॉर्नर ने इस लीग में काफी रन बनाए हैं।

# अंगद की जगह गुरनूर पंजाब किंग्स में शामिल

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज राज अंगद बावा कंधे की चोट लगने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गये हैं। ऐसे में पंजाब ने उनकी जगह पर ऑलराउंडर गुरनूर सिंह बराड़ को टीम में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि टीम ने बराड़ को 20 लाख रुपए में शामिल किया है। बावा का बाहर होना पंजाब के लिए एक करारा झटका है। इस बल्लेबाज ने पिछले सत्र में पंजाब किंग्स की तरफ से दो मैच खेले थे। वहीं उनकी जगह शामिल गुरनूर बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में पंजाब की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 107 रन बनाने के साथ ही सात विकेट भी लिए हैं। बावा बीते ने पिछले साल पंजाब किंग्स की ओर से दो मैच खेले थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हे दो करोड़ रुपये में खरीदा था।



डुनेडिन में न्यूजीलैंड के एडम मिलने पांच विकेट मिलने की खुशी साथी खिलाड़ियों के साथ मनाते हुए।

# बॉलीवुड न्यूज

## 'किसी का भाई किसी की जान' का गाना 'येंतम्मा' रिलीज



**मुंबई।** सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किसी का भाई किसी की जान के चार्टबस्टर गानों ने दर्शकों को जी भर कर एंटरटेन किया है। ऐसे में अब जब फिल्म अपनी रिलीज के करीब बढ़ रही है, तो सुपरस्टार लगातार अलग-अलग फ्लेवर के साथ पेश किए गए गानों के जरिए दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। हालांकि इसकी शुरूआत सुपरस्टार ने अपने रोमांटिक सॉन्ग 'नैयो लगदा' के साथ की, और उसके बाद एक पंजाबी डांस नंबर बिल्ली बिल्ली जारी किया, इसके बाद फिर फॉलिंग इन लव आया और हाल में फिल्म का बठुकम्मा पेश किया गया जिसमें एक कल्चरल सॉंग की झलक दिखाई दी। लेकिन अब बारी फिल्म के एक और धमाकेदार गाने 'येंतम्मा' है, जो दर्शकों के लिए किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं होने वाला है। इस गाने को लेकर पहले से ही फैन्स के उत्साह को अगले स्तर तक बढ़ाने वाले सलमान खान और उनकी टीम ने हाल ही में गाने का टीजर जारी किया था, जिसमें उस धमाके की झलक दी गई है जो सुपरस्टार गानों में अक्सर देखा जाता है। पर अब फिल्म का पूरा गाना समाने चुका है और जैसा कि हम देख सकते हैं कि यह निश्चित रूप से हिंदी और तेलुगू दर्शकों के लिए एक ट्रीट है, जो आखिर में लुंगी के साथ दिल खोलकर डांस करेंगे। सलमान खान के तड़के के साथ, भारत के दक्षिणी हिस्से की समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाते हुए, इस गाने में साउथ सुपरस्टार राम चरण भी हैं। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं। साथ ही सलमान खान की फिल्म के भी सारे एलिमेंट मौजूद है जैसे एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा और रोमांस। ये फिल्म 21 अप्रैल 2023 को ईद पर रिलीज होने वाली है और यह दुनिया भर में जी स्टूडियोज की रिलीज होगी।

## अलीबाबा-एक अंदाज अनदेखा में फिर दिखेंगी सिमसिम



**इंदौर।** अलीबाबा-एक अंदाज अनदेखा : चैप्टर 2 सोनी सब का एक फुल फैमिली एन्टरटेनर है, जिसमें अली (अभिषेक निगम) के रोमांचक सफर को दिखाया गया है। इस शो ने अपनी दिलचस्प कहानी और प्यारे किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में दर्शकों ने मरजीना (मानुल चुडासमा) को अली को बिना सिर वाली महिला के चुंगल से बचाने के लिये तलवार चलाते हुये देखा। अगले कुछ एपिसोड्स में सिमसिम (सायंतनी घोष) अपनी राख से फिनीक्स की तरह दोबारा उत्पन्न होती नजर आयेगी। अली द्वारा पिरामिड्स में कैद किये जाने के बाद, सिमसिम को अब तक किसी ने भी सिमसिम को देखा या सुना नहीं था। हालांकि, जब चोरों का सामना एक मेरिड से होता है, तो उन्हें पता चलता है कि सिमसिम को एक बोतल में कैद कर दिया गया है। मेरिड की मदद से सिमसिम को बोतल से आजाद किया जाता है और वह अली से बदला लेने की साजिश रचना शुरू कर देती है। सायंतनी घोष, जोकि सिमसिम का किरदार निभा रही हैं, ने कह कि सिमसिम और अली हमेशा से ही एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। एक-दूसरे को हराना और अपनी जीत का जश्न मनाना उनका अंतिम लक्ष्य है। मुझे लगता है कि हालांकि शो में सिमसिम और अली के एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन इसके बावजूद एक-दूसरे के बिना उनका कोई अस्तित्व नहीं है। सिमसिम के दूर बंद किये जाने के साथ, अली ने कोई बहुत बड़ी चुनौती का सामना नहीं किया है। लेकिन अब आखिरकार उसके रिहा होने के बाद, उन दोनों के रास्ते फिर से टकरायेंगे। दर्शकों के लिये यह देखना रोमांचक होगा कि अली और सिमसिम के दोबारा टकराने के बाद कहानी क्या मोड़ लेगी।

# ईलाज के नाम पर सरकारी डॉक्टर कर रहे मोटी वसूली

**पं.दीनदयाल हॉस्पिटल का मामला**

**बुजुर्ग पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिकायत**



**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉक्टर बी. राम पर मरीज ने ऑपरेशन करने के एवज में मोटी रकम मांगने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच के लिए मुख्यमंत्री से शिकायत की। मामला बुधवार का है वाहिद अली ने बताया कि पंडित दीनदयाल अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉक्टर बी. राम के यहां उनके पिता का इलाज चल रहा था, मंगलवार को आंख के ऑपरेशन का डेट डॉक्टर ने दिया था। जब वह अपने पिता को लेकर ऑपरेशन कराने अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने उनसे घर पर आकर ऑपरेशन करवाने की बात कही, इसके एवज में उन्होंने 20 हजार रुपयों की भी मांग की। मरीज की ओर से इतनी रकम देने में में असमर्थता जताई, और ऑपरेशन सरकारी हॉस्पिटल में ही करने को कहा। महबूब अली का आरोप है कि इतना सुनते ही डॉक्टर बी. राम नाराज हो गये और भगा दिया । सीएमएस ने कहा कि आप कल आइए ऑपरेशन करवा देंगे। दूसरे दिन पहुंचने पर डॉ बी राम नाराज होने लगे और कहे कि तुम्हारा ऑपरेशन नहीं करेंगे और इस अस्पताल में तुम्हारा कोई डॉक्टर ऑपरेशन नहीं करेगा। मोहम्मद वाहिद ने बताया कि शिकायत करने के लिए उन्होंने सीएमओ को भी फोन किया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। थक हार कर पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराया।

# 400 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

जनसंदेश न्यूज



**रेवती।** दियारा क्षेत्र के रति छपरा ग्राम सभा के टीएस बंधा के पास स्थित पासवान बस्ती में बुधवार को दोपहर के बाद लगी आग की चिंगारी के चलते रति छपरा गांव के दर्जनों किसानों सहित नवकागांव गांव के भी कई दर्जन किसानों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी।

इस आग की घटना में गेहूं की फसल काटने के लिए आई एक कंबाइन मशीन जलकर नष्ट हो गई। बताया जाता है कि रति छपरा पासवान बस्ती मैं लगभग दोपहर के करीब लगी 5 लोगों की रिहाई से बस्ती से उठी चिंगारी ने पीएस बंधा के उत्तर स्थित लगभग 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी में पक कर तैयार गेहूं की फसलों को जलाकर राख कर दिया। बताया जाता है कि इसमें रति छपरा के किसानों के साथ नवका गांव के काश्तकारों के भी लगभग 100 किसानों का 400 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गयी। बबलू यादव निवासी करौली टोला पोस्ट मझवारी, जिला देवरिया का गेहूं काटने को आया एक कम्बाईन मशीन भी जल गया। नवकागांव के शोभन पासवान के घर से बुधवार को साढ़े बारह बजे दिन में अज्ञात कारणों से लगीं आग से शोभन, परमेश्वर, मुन्ना, चुन्नू, अखिलेश पासवान के एक दर्जन रिहायशी झोपड़ीयां व घर गृहस्थी का सामान जल गया। तेज पछुआ हवा के झोकों के शह पर आग की लपटें रतीछपरा से नवकागांव तक के खेतों में फैल गई। गांव वालों ने फायर ब्रिगेड, पुलिस कर्मियों के प्रयास के बावजूद रतीछपरा के परमात्मा, छोटेलाल, भूअर, विश्वनाथ, राजेश, राजगीर, इन्द्र देव, राज नरायण, बच्चा लाल यादव, जलालैन चैधरी, राजेश पासवान, जगदीश पासवान, नागेंद्र पासवान, हरेंद्र पासवान, धर्मेंद्र पासवान, वीरेंद्र कुमार, परमात्मा, सुरेंद्र, अशोक तथा नवकागांव के चंद्रावती देवी, गणेश पांडेय, दिनेश पांडेय, गायत्री देवी, शिवानंद, उपेंद्र तिवारी (श्रीनगर), रामप्रवेश, आनंद पांडेय, मुन्ना साह, चनेसर, बालक, त्रिभुवन आदि सहित लगभग 100 किसानों की फसलें आग से नष्ट हो गयी।

# संक्षेप

## आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख



**माहुल, आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव में बुधवार दिन में माहुल नगर पंचायत द्वारा डंप किए गये कूड़े में लगी आग से दो किसानों की एक बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग को काबू में कर अन्य किसानों की फसलों को तो बचा लिया पर कूड़े की आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दल को बुलाना पड़ा। माहुल कस्बे से अम्बारी जाने वाली सड़क से सटे गांव रसूलपुर अहमद अली गांव में नगर पंचायत का कूड़ा डंपिंग ग्राउंड बन रहा। उसी के बगल में एक वर्ष से नगर पंचायत द्वारा कूड़ा कचरा डंप किया जा रहा। अज्ञात कारणों से डंप कूड़े में आग लग गई और किसानों की फसलों तक पहुंच गई। जिसमे जैतू पुत्र लुटई और मेवालाल पुत्र रामदुलार की 10,10 विश्वा गेहूं और सरसो की फसल जल कर खाक हो गई। आग लगने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण वहा पहुंचे। जब तक वे आग पर काबू पाते तब तक इन दोनो किसानों की फसलें जल चुकी थी। खेतो में लगी आग पर ग्रामीण काबू पा गए पर डंप कचरे में लगी आग पर नगर पंचायत के कर्मचारी भी काबू नहीं कर सके। सूचना पर अग्नि शमन दल मौके पर आया और डंप कचरे की आग को बुझाया।

## जिलाधिकारी के सामने हुई गेहूं की क्राप कटिंग



**बलिया।** सदर तहसील क्षेत्र के जीराबस्ती गांव में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की उपस्थिति में क्राप कटिंग का शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी के सामने चार किसानों के खेत से गेहूं की क्राप कटिंग कर उत्पादकता जांची गयी। फसलों के उत्पादन तथा उत्पादकता का अनुमान का सही आकलन करने के उद्देश्य से राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों द्वारा भारत सरकार के सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से क्राप कटिंग के निर्देश प्राप्त थे। रैण्डम आधार पर जीराबस्ती में चार किसानों के खेत का चयन हुआ। 10 मीटर के समबाहु त्रिभुज के आकार में घेरा बनाकर फसल की कटिंग करायी गयी और मढ़ाई कर उत्पादकता देखी गयी। रैण्डम आधार पर चयनित चारों के किसानों के खेत से क्रमशः 9.165 किग्रा, 13.680 किग्रा, 7.610 किग्रा तथा 12.970 किग्रा गेहूं निकला। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसी के जरिए फसल के उत्पादन व उत्पादकता का सही आकलन किया जाता है। इस कार्य में कानूनगो-लेखपाल पूरी गंभीरता से कार्य करना सुनिश्चित कराएंगे। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी शोभनाथ, नायब तहसीलदार शैलेश यादव व संत विजय सिंह, लेखपाल विनय दूबे, कानूनगो तारकेश्वर सिंह व वहां के स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# एसडीएम ने व्यापारियों की भूख हड़ताल को कराया समाप्त



सैयदराजा में अनशन पर बैठे युवाओं से बातचीत करती पुलिस।

**सैयदराजा।** व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष अंकित जायसवाल के नेतृत्व में रेलवे गेट न 72बी के पास दिन बुधवार की सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल किया गया। अंकित जायसवाल ने बताया कि गेट न 72बी के पास आरओबी पर लगभग 1 वर्ष से आवागमन चालू है पुल आउटर में है लेकिन अभी तक उस पर लाइट नहीं लगाया गया है जो पूरी तरह अंधेरे में है अभी तक लाइट की कोई उचित व्यवस्था नही की गयी है जिससे ऊपर से पैदल आने जाने में लुटपाट का भय बना रहता है स उस पर तत्काल लाइट की व्यवस्था की जाए इस लिए जिलाधिकारी को तीन बार पत्रक दिया गया फिर भी कोई आश्वासन नही मिला और फुट ओवर ब्रिज का भी लगभग 1 माह से काम बंद है और रेलवे गेट को भी बंद कर दिवाल खड़ा कर दिया गया, जिससे लोगों को पैदल जाने में कठिनाई हो रही भी हाल ही में एक बालिका की क्रासिंग पर करते वक्त गिर जाने से मृत्यु हो गयी स लगभग 7 घंटे भूख हड़ताल पर बैठने के बाद मौके पहुँची रेलवे के अधिकारी संतोष कुमार झा, चंदौली सदर उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, क्षेत्राधिकारी चंदौली राम वीर सिंह व सैयदराजा थाना अध्यक्ष शेषधर पांडेय ने व्यापारियों को समझा बुझाकर तीन माह के अंदर लिखित आश्वासन देकर युवा अध्यक्ष को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त कराया।

इस मौके पर कमलेश ठठेरा, आकाश जायसवाल, सलमान खान, अरविंद विश्वकार्मा, अंकित सैनी, प्रभु विश्वकार्मा, नाजिर अहमद, आदर्श केशरी, गोमसी मोदनवाल, विनोद अग्रहरी, रितेश जायसवाल, रामानन्द सिंह यादव, संजय कश्यप, रितेश जायसवाल, बच्चा, भगवानदास कसौधन, शैलेंद्र वर्मा, परमानंद चौधरी मनीष अग्रहरी अमित वर्मा, शिवा साव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट में युवक घायल

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर गांव में मंगलवार की देर शाम कुछ युवकों ने बांसडीह कस्बे के एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा कायम किया है। कस्बे के 30 वर्षीय रामजी अपनी पत्नी की विदाई कराने शिवरामपुर गये थे। वहां वाद-विवाद के बाद मारपीट हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। रामजी को सिर, पेट आदि में चोट लगा है। पुलिस ने रामजी की तहरीर पर सविता देवी व योगेन्द्र पटेल के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की की देर शाम केवरा गांव से संदेश राजभर को 30 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि केवरा गांव से बांसडीह आने वाली सड़क पर चेकिंग के दौरान संदेश साईकिल से दो गैलन में अवैध शराब लेकर कहीं बेचने जा रहा था। संदेश को 60 आबकारी अधिनियम में जेल भेज दिया गया है।

# हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**बलिया।** शासन की मंशा के अनुसार जनपद में महत्वपूर्ण चिन्हित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर त्वरित निस्तारण व दोषियों को सजा दिलाये जाने हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, संयुक्त निदेशक अभियोजन शिवबचन राम के प्रभावी पर्यवेक्षण में व लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज तथा पैरोकारों द्वारा प्रभावी पैरवी के चलते थाना सुखपुरा पर पंजीकृत मुअसं-145/16 धारा 302 भादवि व मुअसं 190/16 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम धीरज सिंह उर्फ मुनमुन सिंह पुत्र स्व. रजवन्त सिंह निवासी सुखपुरा, थाना सुखपुरा जनपद बलिया के मामले में प्रभावी विचारण की कार्यवाही के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं.-3 बलिया (हुसैन अहमद अंसारी) द्वारा अभियुक्त धीरज सिंह उर्फ मुनमुन सिंह को धारा 302 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास तथा 30000 (तीस हजार) रु. के अर्थ दण्ड की सजा सुनायी गयी। अर्थ दण्ड न अदा करने पर अभियुक्त धीरज सिंह को 06 माह का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अभियुक्त धीरज सिंह को धारा 3/25 आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो हजार रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 2016 को अभियुक्त धीरज सिंह द्वारा उसके गांव के ही रहने वाले वादी के पुत्र अखिलेश सिंह के सिर में कट्टा से गोली मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गयी थी, जिसके संबंध में थाना सुखपुरा पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गौरतलब है कि जनपदीय पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों के साक्ष्य शीघ्र न्यायालय में निस्तारण कराने पर बल दिया जा रहा है, जिसके चलते नतीजे सामने आ रहे हैं।

# दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें अधिकारी : जिला निर्वाचन अधिकारी

जनसंदेश न्यूज



बैठक को सम्बोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज झा

**बैठक**

### नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी समस्त प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने मतदान, मतगणना हेतु कार्मिकों की नियुक्ति, पोलिंग पार्टी की रवानगी, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, लेखन सामग्री, मतपेटी एवं मतपत्र व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों हेतु वाहन व्यवस्था, डाक मतपत्र व्यवस्था, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, डिजिटल कैमरा, वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेंट फर्नीचर, बैरीकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था, मीडिया सेल एवं संचार आदि व्यवस्थाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी लोग दिए गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कोई भी समस्या होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से सहयोग लेकर निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्व ढंग से सम्पन्न कराएं। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार आपस में समन्वय बनाकर निरन्तर बूथों का निरीक्षण करते रहें। किसी भी बूथ पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति मतदाताओं को प्रलोभन देकर या डरा धमकाकर किसी पार्टी, उम्मीदवार विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रभारी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रभारी लेखन सामग्री, प्रभारी मीडिया सहित अन्य प्रभारी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## प्रेमिका की जिद पर निकाह को तैयार हुआ प्रेमी

**जफराबाद।** क्षेत्र के वशीरपुर गांव की 22 वर्षीया युवती की जिद पर प्रेमी ने निकाह करने की बात मान ली जिसके बाद प्रेमी युवक की मुकदमे से जान बच गयी।

बताया जाता है उक्त गांव निवासी एक युवती का जौनपुर शहर कोतवाली के आदमपुर क्षेत्र के एक युवक से दो वर्ष से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। युवक बुधवार को युवती के गांव आ गया। वहां पर कुछ लोग मामले को पहले से ही जानते थे। मामला कुछ गर्म हो गया। युवक बोला वह शादी नहीं करेगा। इस पर युवती अपने परिवार के साथ प्रेमी को लेकर थाने पहुंची। थाने पर आकर वह निकाह की बात टालने पर युवक पर मुकदमा लिखवाने की धमकी देने लगी। थोड़ी देर इधर-उधर की बात के बाद युवक भी निकाह करने की बात मान गया। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि युवक व युवती कुछ लोगों के साथ आकर एक-दूसरे से प्रेम सम्बन्ध होने की बात की थी।

## सात अप्रैल को मनाया जायेगा विश्व स्वास्थ्य दिवस : डॉ. प्रशांत



डा. प्रशांत कुमार

**मुफ्तीगंज।** पूरे विश्व में स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति एक बड़े स्तर पर जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे नए सुधार का लाभ मिलता है। उक्त बातें वाराणसी के चिकित्सक डा. प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया।

उन्होंने कहाकि कि सन 1950 से यह सिलसिला पूरे विश्व में मनाना शुरू हुआ है। आज हम सभी को अपनी सेहत के प्रति अपना ध्यान आकर्षित करना चाहिए। साथ ही इस दिवस के उपलक्ष्य में हमें अपनी दैनिक दिनचर्या, खान पान डाइट में बदलाव लाने चाहिए, ताकि हम अपने जीवन में स्वस्थ्य और साथ ही सेहतमंद रह सके। स्वस्थ्य रहने के लिए खान-पान के साथ-साथ हमें अपनी दिनचर्या में भी बदलाव करने की आवश्यकता है। यदि आप पर्याप्त नींद लेते हैं, तो आप जीवन में बीमारी से ग्रसित होने से बच सकते है। नींद अधूरी होने से सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहाकि यदि आप अपनी दिनचर्या में रोजाना व्यायाम करते हैं तो आप पूर्णरूप से स्वस्थ्य रह सकते हैं।

# प्रसव के दौरान शिशु ने मां के पेट में दम तोड़ा

जनसंदेश न्यूज

**लापरवाही**

### चिकित्सा प्रभारी से परिजनों की हुई नोकझोंक

### सुविधा शुल्क न देने पर लापरवाही का लगाया आरोप

**करंजाकला।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पर दो दिन पूर्व एक महिला को प्रसव के दौरान स्वास्थ्य पीएचसी करंजाकला ले गए जहां पर स्वास्थ्य कर्मी द्वारा परिजनों को आश्वासन दिया कि 6 घंटे बाद बच्चा पैदा हो जाएगा। मरीज की हालत गंभीर देख परिजनों ने जबरदस्ती रेफर करवा लिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क न देने पर मरीज के साथ स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लापरवाही बरती गयी जिसके कारण बच्चे ने अपनी मां के पेट में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने बुधवार को चिकित्सा प्रभारी का घेराव कर नोकझोंक किया लेकिन कुछ लोगों के समझाने पर शांत हो गये।

खम्हौरा गांव निवासी वीरन यादव की पत्नी शालू को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने दोपहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला जननी सुरक्षा केंद्र पर भर्ती कराया। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा परिजनों से बाहर की दवा लिखकर मंगाई गई और आश्वासन दिया कि 6 घंटे में बच्चा पैदा हो जाएगा। मरीज की हालत गंभीर देख परिजनों ने जबरदस्ती रेफर करवा लिया लेकिन मां के पेट में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। बुधवार को चिकित्सा प्रभारी व परिजनों से नोकझोंक हो गई। आरोप लगाया कि नर्स द्वारा सुविधा शुल्क मांगने पर परिजनों द्वारा न देने पर लापरवाही बरतने के कारण बच्चा मां के पेट में मर गया। चिकित्सा प्रभारी डा. अरूण यादव से पूछने पर बगलें झांकने लगे।

## न्यायालय परिसर में दुकानों की नीलामी 18 को

**जौनपुर।** अपर जिला जज/अध्यक्ष, नीलामी समिति जनपद न्यायालय शरद कुमार त्रिपाठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जनपद न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों/प्रतिष्ठानों जैसे कैण्टीन न्याय भवन, पान शाप 1, पान शाप 7, स्टेशनरी शाप उत्तरी की नीलामी 18 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे परिसर सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नीलामी की शर्तो के तहत भाग ले सकते है। प्रतिभागी को 17 अप्रैल के सायं 4 बजे तक धरोहर/प्रतिभूति की धनराशि नकद रोकड़ के रुप में नजारत अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी सम्बन्धी विवरण एनआईसी की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड जनपद न्यायालय, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, लोक निर्माण विभाग, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि पर देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए दीवानी न्यायालय के नजारत अनुभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# संदिग्ध हाल में आग लगने से 5 बीघा गेहूं फसल जलकर राख



आग से राख हुई फसल को देखते लोग

**करंजा कला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सादीपट्टी गांव में संदिग्ध हालात में आग लगने से 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। किसी तरह ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से जोतकर कर आग के चैन को तोड़ा और जिससे आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर पुलिस फोर्स भी पहुंच गई और जांच-पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के अनुसार शादीपट्टी गांव में अचानक गेहूं की खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी। इस दौरान ग्रामीणों अथक प्रयास के बावजूद आग इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि किसी भी तरह काबू में नहीं आ रही थी। इस दौरान पिंटू यादव ने अपने ट्रैक्टर से गेहूं की जुताई करके आग के चैन को तोड़ दिया जिससे आग पर काबू पाया जा सका। तब तक रामजीत यादव शादी पट्टी की चार बीघा, मधुकर यादव व राजकुमार यादव का दस-दस बिस्वा गेंहू की फसल जलकर राख हो चुकी थी। लोगों ने कहा कि गेहूं जलने से अब खाने के लाले पड़ जाएंगे। हालांकि इस दौरान पूर्वांचल पुलिस चौकी प्रभारी संतोष कुमार यादव मय फोर्स पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया किसी ने सिगरेट पीकर गेहूं में फेंक दिया इस दौरान मौके पर माचिस भी बरामद हुई जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

## संक्षेप

### एसपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण



थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी डा. अजय पाल शर्मा

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली में बुधवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा पहुंचे और थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, आवास, महिला डेस्क, भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव के साथ उचित साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली में कुछ समय के लिए हड़कंप मचा रहा।

### हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में मंगलवार को देर रात चोरों ने हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़कर लगभग पचास हजार रुपये का सामान पार कर दिया। गौरतलब है कि मनोज गोड़ पुत्र मशालू निवासी नरहन केराकत देवगांव मार्ग पर स्थित अकबरपुर गाँव मे लबे सड़क हार्डवेयर की दुकान चलाता है। चोर रात्रि में दुकान में लगे तीन ताले को तोड़कर इन्वर्टर-बैटरी, पाईप तेरह बण्डल सवा इंच उठा ले गये। सुबह जब ग्रामीणों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो मनोज को बताया। मौके पर पहुँच मनोज ने देखा तो दुकान के सामान बिखरे पड़े थे। मनोज ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### नवनियुक्त थानाध्यक्ष ने संभाला थाने का पदभार



थानाध्यक्ष महेश सिंह

**सिकरारा।** नवनियुक्त थानाध्यक्ष महेश सिंह ने सिकरारा थाने का चार्ज ग्रहण करने के बाद कहा कि थाना क्षेत्र में अमन व शांति बनी रहे और जरूरतमंदों व पीड़ितों को उनका वाजिब न्याय मिले यही उनका प्रयास रहेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध पेड़ कटाई, पशु तस्करी, शराब माफियाओं तथा अपराध पर नियंत्रण हमारी पहली प्राथमिकता होगी। पदभार के तुरंत बाद वे क्षेत्र भ्रमण को निकले उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर पीड़ित की शिकायत सुनी जाएगी और पूर्णता उसका समाधान किया जाएगा। इस दौरान प्रेस के लोगों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों से कोई समझौता नहीं, गरीब-अमीर में बिना फर्क के न्याय दिलाना, महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। थाना क्षेत्र की जनता चैन की नींद सोये, इसके लिए मैं चौबीसों घंटा प्रयत्नशील रहूंगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बालक की मौत

**खुटहन।** सरायख्वाजा क्षेत्र के मीरापुर गांव में मासूम छात्र की बुधवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। उक्त गांव निवासी राहुल कुमार यादव का सात वर्षीय पुत्र रितेश कुमार यादव गांव की प्राइमरी पाठशाला से पढ़कर खाना खाने की छुट्टी में पैदल घर जा रहा था। उसी समय ईट भट्ठी पर मिट्टी पहुंचाने वाले तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। बेहोशी की हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल ले आए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यातायात पुलिस की बात की जाए तो वह सिर्फ दो पहिया और चार पहिया वाहनों का चालान करने में जुटी रहती है।

### थाने में गूंजा भक्तिमय संगीत

**खुटहन।** मंगलवार की शाम मंगल भवन अमंगल हारी के भक्तिमय संगीत से थाना परिसर गूंज उठा। थानाध्यक्ष राजेश यादव ने धूप दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन अर्चन किया। इसके साथ ही भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हुआ तो गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के संयोजन संजय ओझा रहे भक्ति भजन की मधुर ध्वनि सुन राहगीरों के पांव भी थाना परिसर की चल पड़े। इस मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक सेवा से निवृत्त होता है अपने दायित्वों से नहीं : डॉ. गोरखनाथ पटेल

जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

### प्रवीण सिंह चुने गए ब्लॉक अध्यक्ष व अमर बहादुर यादव मंत्री

**जौनपुर।** प्राथमिक विद्यालय चक पहलवान ताहिर सिरकोनी में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए डा. दिनेश प्रताप सिंह, मो. हाशिम, नरेंद्र प्रताप सिंह, शाहजहा को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डा. गोरखनाथ पटेल ने चारों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता बल्कि समय के साथ उसके दायित्व बदलते रहते हैं। डा. पटेल ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अल्प समय तक सिरकोनी ब्लाक में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के साथ कार्य करने का अवसर मिला। डा. दिनेश सिंह सहित चारों सेवानिवृत्त शिक्षकों का कार्य अत्यंत ही सराहनीय रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि आज सिरकोनी ब्लाक के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

जहाँ हम अपने बीच से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक साथियों का सम्मान कर रहे हैं वहीं कार्यरत शिक्षक साथियों के सम्मान एंव हितों की रक्षा हेतु ब्लाक की नई कार्यकारणी का गठन कर रहे हैं। सम्मान समारोह के समापन के पश्चात जिलाध्यक्ष श्री सिंह के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक अतुल प्रताप सिंह, सरोज सिंह अध्यक्ष बक्शा, चुनाव अधिकारी अर्चना सिंह, शैलेन्द्र सिंह की देखरेख में भारी संख्या में सिरकोनी ब्लाक के शिक्षकों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई सिरकोनी के कार्यसमिति का चुनाव सम्पन्न हुआ।

चुनाव में सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, मंत्री अमर बहादुर यादव, कोषाध्यक्ष नागेंद्र दुबे, महिला अध्यक्ष सरिता महेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन सिंह, संयुक्त मंत्री रामचंद्र पाल, उपाध्यक्ष नागेंद्र यादव, सिद्धार्थ सोलंकी, आनंद निषाद, महिला उपाध्यक्ष नीलम सिंह, संगठन मंत्री ललित रजक, महिला संगठन मंत्री पूनम राव, प्रचार मंत्री - हितेश उपाध्याय, प्रवीण सिंह, अतुल बिंद, त्रिपुरेश कुमार, ऑडिटर अनिल प्रजापति, अकाउंटेंट प्रसाद सिंह, संरक्षक दिनेश सिंह को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन मांडलिक मंत्री यशवंत सिंह ने किया।

अंत में जिलाध्यक्ष द्वारा ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह व ब्लाक मंत्री अमरनाथ सहित कार्यसमिति के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।



# बदले की भावना से काम करना बंद करें अधिकारी : नीरज पहलवान

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### चौथे स्तंभ के साथ दुर्व्यवहार लोकतंत्र के लिए घातक

**केराकत।** स्थानीय डाक बंगले पर बुधवार की सुबह समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा नेता नीरज पहलवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सपा नेता नीरज पहलवान ने कहा कि शासन प्रशासन की कार्रवाई बदले की भावना से हो रही है। सच को दबाने की नाकाम कोशिश करने में अधिकारी कर्मचारी मस्त और व्यस्त हैं। सरकार सदन में जरूरी मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले गोशाला की सच्चाई दिखाने वाले चार पत्रकारों पर फर्जी तरीके से मुकदमा पंजीकृत करना बहुत ही निंदनीय है इसकी जितनी भी निंदा की जाए उतना कम है।

प्रदेश सरकार तानाशाही की तर्ज पर कार्य करने की तैयारी में है। इस अवसर पर विजय दत्त मौर्य, डॉ. हरिराम यादव, कमलेश यादव, गुड्डू चौहान, सुबास यादव, उदयराज, रामजोखन, लहरु यादव, समर बहादुर राजभर, यशवंत यादव, पंधारी यादव, विजय सरोज, धर्मेंद्र गौतम समेत तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक करती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** क्षेत्र में साइबर अपराध से बचने के लिए बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिनीत राय के नेतृत्व में क्राइम इंस्पेक्टर बिनोद कुमार यादव ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के बिभिन्न स्थानों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर ठगों से बचाव के बारे में जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देश में कोतवाली क्षेत्र के बिभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को चेताया गया कि बैंक लेन-देन संबंधी जानकारी, बैंक मोबाइल फोन पर नहीं लेता-देता है। इसलिए इससे बचें और शिकार होने पर तुरंत हेल्प लाइन नंबर 1033 की मदद लें। इस तरह कोतवाली क्षेत्र के बिभिन्न बैंक, एटीएम, प्रमुख बाजार, बसअड्डा, चौराहा, प्रमुख व्यावसायिक दुकान, गांव-कस्बे व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस टीम ने जाकर लोगों को जागरूक किया और बताया कि साइबर अपराधी उन्हें फंसाकर ठग रहे हैं। ठग बैंक कर्मी या विभिन्न कंपनियों का कस्टमर केयर बनकर फोन कर केवाईसी आदि के नाम पर उनके बैंक खाता, एटीएम नंबर, सीवीवी नंबर, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड आदि गोपनीय जानकारियों प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही बरगलाकर क्विक सपोर्ट/एनीडेस्क जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भी खातों से सम्बन्धित गोपनीय जानकारी पा जाते हैं। कृपया आप सभी अनजान व्यक्ति से ऐसी सूचनाएं या जानकारी साझा न करें। इस दौरान उपनिरीक्षक द्वारिका नाथ यादव, कांस्टेबल बिपिन यादव, पंकज मौर्या, अभिमन्यु कुमार, कमलेश कुमार, उदयराज सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## साइबर अपराध को लेकर उपनिरीक्षक ने चलायी मुहिम



लोगों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देती पुलिस

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के आदेश पर बुधवार को उपनिरीक्षक मंजय यादव ने सरायबीका में जगह-जगह लोंगो को इकट्ठा कर साइबर अपराध से बचने के लिए जागरुक किया।

साइबर जागरूकता अभियान के तहत उन्होंने साइबर ठगों से बचाव के बारे में लोगों को चेताया कि बैंक सम्बन्धी लेन-देन व जानकारी बैंक मोबाइल फोन पर न लेता है और न देता है। इसलिए इससे बचें और शिकार होने पर तुरंत हेल्प लाइन नंबर 1930 की मदद लें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी उन्हें फंसाकर ठग रहे हैं। ठग बैंक कर्मी या विभिन्न कंपनियों का कस्टमर केयर बनकर फोन कर केवाईसी आदि के नाम पर बैंक खाता नं., एटीएम नंबर, सीवीवी नंबर, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड आदि गोपनीय जानकारियां प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही गुमराह कर क्विक सपोर्ट/एनीडेस्क जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भी खातों से सम्बन्धित गोपनीय जानकारी पा जाते हैं और कुछ समय बाद खाते से रुपये निकल जाते हैं इसलिए आप सभी अपरिचित व्यक्ति से ऐसी सूचनाएं या जानकारी साझा न करें। जागरुक बनिये और लोगों को जागरुक करिये।

# मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा प्रशासन

जनसंदेश न्यूज



**यह है हाल**

### छुट्टा पशु सड़क, खेत खलिहानों व बाजारों में घूम रहे, जिम्मेदार बेखबर

**केराकत।** शासन के निर्देश के बाद भी सड़कों, खेत खलिहानों व बाजारों में घूम रहे आवारा पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा सका। जिम्मेदार अधिकारी इसमें पूरी तरह नाकाम होते दिख रहे हैं।

गौशाला की बद्तर स्थिति की खबर आये दिन अखबारों में प्रकाशित होती रहती है एक ऐसे ही गौशाला की बदहाल स्थिति को उजागर करने वाले पत्रकारों पर मुकदमा होने की खबर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। खबर प्रकाशित होने के बाद पूरे प्रदेश में गौशाला को लेकर हड़कंप मच गया।

बता दे कि तहसील अंतर्गत आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए लगभग 6 से 7 गौशाला बनाया गया है बाबजूद इसके भी मवेशी छुट्टा घूम रहे हैं। गो संरक्षण केंद्रों में पशु चिकित्सकों को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बावजूद शहर की सड़कों, चौराहों व बाजारों से लेकर गांव में खेत खलिहानों में आवारा मवेशी खुले घूम रहे हैं। इनको हर हाल में 31 मार्च तक संरक्षित करने का निर्देश शासन ने जिम्मेदारों को दिया था। लेकिन समय सीमा के भीतर इन्हें संरक्षित नहीं किया जा सका। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को पांच अप्रैल तक की मोहलत दी गई थी जिसकी मियाद अब पूरी ही चुकी है बाबजूद इसके भी आवारा पशु सड़क, खेत, खलियानों में घूमते हुए आये दिन देखने को मिल ही जाते हैं। अब देखना यह है कि गैरजिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी पर उच्चाधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है देखना दिलचस्प होगा।

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जरूरी

**स्कूल चलो अभियान**

### पूर्व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की


कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व विधायक दिनेश चौधरी

**मुफ्तीगंज।** प्राथमिक शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य तय होता है। यह बच्चे बड़े होकर देश की दशा एवं दिशा तय करते है जिसकी राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका होती है। उक्त बातें स्थानीय बाजार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में पुस्तक वितरण एवं स्कूल चलो अभियान रैली में केराकत के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों में सर्वांगीण विकास के साथ साथ उनके अभिभावकों को चाहिए कि बच्चे का जिस भी क्षेत्र में मन लगे उसी क्षेत्र में भेजने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार भी होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को पुस्तक वितरण के साथ ही स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली स्कूल से बाजार होते हुए ब्लॉक तक लगभग एक किलोमीटर का सफर तय करते हुए वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार जताया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतीश पाठक, महेंद्र गुप्ता, रामचन्द्र राय, रणजीत सिंह, हरिओम सहाय, प्रियंका राय, ममता गुप्ता, कविता, रमेश सिंह, अनिल सिंह आदि ब्लॉक के शिक्षकगण एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राम दुलार यादव ने किया।

# डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव को शिक्षा भूषण सम्मान

जनसंदेश न्यूज


शिक्षा भूषण सम्मान प्राप्त करती डा. जाह्नवी

**जौनपुर।** हिन्दी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय कीर्तिपुर काठमान्डु, शिक्षक, शिक्षा विभाग, राम सुहाग तिलक कॉलेज ऑफ एजुकेशन जहानाबाद, बिहार तथा हिमालिनी कृष्ण चंद्र मिश्र पब्लिकेशन काठमांडू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन तीन और चार अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम त्रिभुवन विश्वविद्यालय सिनास भवन के जनक सभागार में सम्पन्न हुआ।

संगोष्ठी का विषय वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज की भूमिका थी। इस संगोष्ठी में प्रतिभाग करने से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय व्यावहारिक मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉक्टर जान्हवी श्रीवास्तव को शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने वैश्विक परिदृश्य संस्कृति और समाज की भूमिका को विस्तार से समझाया और बताया कि भारत की संस्कृति के अनुरूप किस तरह से समाज को संगठित किया गया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के आधार पर समाज की संरचना की व्याख्या की और कहा कि सैकड़ों वर्षों तक आक्रांताओं के रहने के बाद भी भारतीय समाज नहीं टूटा इसके मूल में भारतीय संस्कृति ही थी। डॉक्टर जाह्नवी श्रीवास्तव के शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. मंगला प्रसाद, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिब्येंदु मिश्र आदि ने बधाई दी है।

## संक्षेप

### भक्त प्रह्लाद की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**शाहगंज।** नगर के नयी आबादी मोहल्ला स्थित महादेव मंदिर के सामने अहाते में संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू ने किया। संगीतमयी श्री राम कथा के द्वितीय दिवस में राम कथा वाचक व्यास अखिलेश मिश्र द्वारा भक्तों को प्रहलाद का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा कथा पण्डाल गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मौके पर मौजूद मातृ शक्ति ने आरती कर कथा का समापन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से राकेश पत्रकार, अशर्फी यादव, सियाराम अग्रहरि, अमित त्रिपाठी , दिव्यांशु यादव, वीरेंद्र अग्रहरि, किशन अग्रहरि, चिंताहरण शर्मा, ज्ञानचंद अग्रहरि, अमित श्रीवास्तव, कुलदीप, कालीप्रसाद, राजेश कुमार, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### हरिश्चंद्र अध्यक्ष, जयप्रकाश बने मंत्री



**सुइथाकला।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्देशन में बुधवार को स्थानीय ब्लाक इकाई की बैठक में जहां हरिश्चंद्र यादव अध्यक्ष तो वहीं जय प्रकाश मौर्य मंत्री बने। जिसे लेकर लोगों में हर्ष का माहौल था। बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में हरिश्चंद्र यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तो जय प्रकाश मौर्य को मंत्री चुन लिया गया। साथ ही सिम्मी सिंह उपाध्यक्ष तथा राजकुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिसे लेकर लोगों में हर्ष का माहौल था। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी ने संगठन की शक्ति का पाठ पढ़ाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश सिंह ने की। बैठक में सचिव उगेश पाठक, जितेंद्र शाह, राम कृष्ण पाल समेत आदि लोग शामिल रहे।

### एबीएसए ने मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक

**सुजानगंज।** खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों के साथ बैठक की। यूडायस प्लस फीडिंग में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि सभी विद्यालय संचालक इस कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें कार्य अति महत्वपूर्ण है गंभीरता से लें। फीडिंग के दौरान समस्या आने पर बीआरसी से संपर्क करें। वित्तविहीन प्रबंधक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरि ने खंड शिक्षा अधिकारी को बताया की यूडायस प्लस फीडिंग के दौरान कुछ बच्चों का नाम परिषदीय विद्यालयों में शो कर रहा है, जबकि वह बच्चा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ रहा हैं। जब तक परिषदीय विद्यालयों से उनका नाम नहीं डिलीट होगा, तब तक उस बच्चे की फीडिंग उस विद्यालय में नहीं हो पायेगी। इस प्रकार की समस्याओं का निस्तारण होना अति आवश्यक है। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडेय ने आश्वस्त करते हुए बताया कि जो बच्चा जहां पर पढ़ रहा है, उनका यूडायस प्लस फीडिंग वहीं पर होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालक मौजूद रहे।

### मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**गोपीगंज ।** नगर के पश्चिम मोहाल स्थित एक लान में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ मंगल कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। कलश शोभायात्रा कथा स्थल से धूमधाम के साथ निकली गई। शोभायात्रा मे शामिल नर नारी कलश के साथ पूरे नगर पश्चिम मोहाल, अंजही मोहाल, खरहट्टी मोहाल, मिजार्पुर रोड, कबूतर नाथ मंदिर, जी टी रोड का भ्रमण किया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सायं चार बजे से रात आठ बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के पूर्व कृष्ण मुरारी बरनवाल, गोविंद मुरारी बरनवाल, मोहन मुरारी बरनवाल, दिनेश अग्रहरि एकल विद्यालय के ज्योति नारायण के सहयोग से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं भक्ति भाव के बीच सर पर कलश लेकर नगर के खड़हट्टी, अंजही, पश्चिम मुहाल, सदर मुहाल होते हुए कथा स्थल पर पहुची जहाँ विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया।

### मोहल्ला कसाई टोला स्थित मस्जिद में तरावीह हुई मुकम्मल, हाफिज की मिली मुबारकबाद



**भदोही।** माहे रमजान कि 13वी शब को मोहल्ला कसाई टोला स्थित मस्जिद में हाफिज हाफिज मो. अबू लैस ने तरावीह मुकम्मल कि। तरावीह मुकम्मल होते ही मुक्तदियों ने हाफिज मो. अबू लैस को फूल माला पहनाते हुए गले मिल कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर हर मुक्तदियों को जहां तबरुर्कात से नवाजा गया। वहीं तरावीह मुकम्मल होने के बाद मौलाना फैसल हुसैन अशरफी ने रमजान की फजीलत पर तकरीर किया। उन्होंने मस्जिद में खेताब करते हुए कहा कि कम उम्र में हाफिजे कुरआन होना अल्लाह कि सबसे बड़ी नेअमत है। कहा कि ये एक अच्छे और नेक माँ-बाप के परवरिश का नतीजा है कि जिसके आँगन में मजहबे इस्लाम का फूल खिल कर आज अल्लाह के मुकद्दस किताब कुरआन से दुनिया को महकाता हुआ नजर आ रहा है। कहा कि जिनके बच्चे हाफिजे कुरआन होते है वे दुनिया में भी सुरखुरु होते है और उनकी आखेरत भी संवर जाती है। मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि ये तरावीह पूरा कुरान सुनने की मुकम्मल हुई है। तरावीह की नमाज पूरे रमजान माह में अदा करनी है। मस्जिद खाली नहीं रहनी चाहिए जैसे आज भरी-भरी दिखाई दे रही है ऐसे ही पूरे माह भरी रहनी चाहिए। उन्होंने मस्जिद की तामीर में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए नसीहत की। इस दौरान तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर फूल माला पहना कर इस्तकबाल करने वालों में शकील कुरैशी, याकूब कुरैशी, वकील कुरैसी, मुमताज कुरैशी, आरजू आलम, अंसार कुरैशी, हबीबुल्लाह, अनीस अहमद, मो इकराम, पप्पू कुरैशी, नीलू कुरैशी आदि रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में नामांकन अभियान का हुआ शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मतरी में आयोजित नामांकन रैली को सम्बोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन के लिए अभिप्रेरित किया।

प्राथमिक विद्यालय मिश्रमऊ में संचारी रोग नियंत्रण तथा स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, एआरपी शिक्षक संकुल एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न मजरों में नामांकन हेतु व्यापक जन सम्पर्क किया गया। ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के अनुक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने स्वयं बच्चों का नामांकन तथा माल्यार्पण किया और उनके माता पिता को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, मिष्ठान व टाफी प्रदान की। इस अवसर पर डा. विनोद कुमार, अतुल सिंह, विवेक सिंह, ग्राम प्रधान रियासत, प्रधानाध्यापक कौसेन राम, अवध पाल, अजय सिंह, प्रभाकर शुक्ल, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, चन्द्रमणि अरविंद पाल, राजीव मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश चौरसिया, राजेश जायसवाल, दिनेश प्रताप सिंह समेत अनेक शिक्षकों ने प्रत्येक परिवार तक पहुँच को सुनिश्चित करते हुए एक भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देने के संकल्प को दुहराया।

# अवकाश को निरस्त कर महापुरुषों को अपमानित किया गया : अवधनाथ पाल

**जयंती**

### सपा कार्यालय पर मनायी गयी महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज की जयंती


महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सपाजन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सृष्टि निर्माता महर्षि कश्यप व श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा निषादराज की जयंती जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस अवसर पर डॉ. पाल ने कहाकि महर्षि कश्यप का अखण्ड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्मनिष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज आदि समस्त लोकों में गुंजायमान था व बाल सखा श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा ने प्रभु श्रीराम से मित्रता को युगों-युगों के लिए सार्थक किया। वहीं आज भाजपा सरकार ने इस देश में ऐसा राजा बनाया है जो अपने मित्र अडानी को मजबूत बनाने के लिए देश की प्रजा के हक अधिकार सरकारी संपत्ति को उन्हें बेचकर उनसे मित्रता निभाने का काम कर रहें हैं। ऐसे में समाजवादी लोगों की जिम्मेदारी है कि ऐसी मित्रता को जो देश को बेचकर निभाते हैं उस राजा को देश से हटाकर सही मित्रता वाले दोस्त को बैठाया जाये। डॉ. पाल ने कहा कि अखिलेश यादव ने ही महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज गुह्य जी के जयंती पर अवकाश घोषित किया था। भाजपा सरकार ने अवकाश को निरस्त कर महापुरुषों को अपमानित करने का काम किया। कार्यक्रम में चित्र के समक्ष जाति जनगणना कराने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजनरायन बिन्द, लालबहादुर यादव, यशवता यादव, डा. जितेंद्र यादव, राजन यादव, श्याम बहादुर पाल, राजेन्द्र यादव, राहुल त्रिपाठी, राजकुमार बिन्द, पूनम मौर्या, महेन्द्र यादव, श्रवण जायसवाल, हीरालाल विश्कर्मा, दीपचंद राम, रुक्सार अहमद, सैयद मोहम्मद आरिफ, अनवारुल हक आदि उपस्थित रहे।

### नेत्र परीक्षण अधिकारी के निधन पर शोक सभा

**सुइथाकला।** संविदा पर तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी रविशंकर सिंह के असामयिक निधन पर बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव की अध्यक्षता में सभी ने श्री सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान डाक्टर विक्रांत गुप्ता, गंगा सागर चौरसिया, रितेश राय, घनश्याम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नव निर्वाचित सदस्यों को सीएमओ ने दी शुभकामनाएं




**गोपीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ भदोही के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद पहुंचे चिकित्सकों का ढोल ताशा के साथ जोरदार स्वागत और माल्यार्पण किया गया। बुधवार को देर शाम ज्ञानपुर सीएमओ ऑफिस में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ भदोही का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधीक्षक डॉ. आशुतोष पांडेय जहां निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए वहीं सचिव पद का दायित्व डॉ. एस एस यादव को मिला, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. मोहम्मद असलम अंसारी व डॉ. देवेश पांडे को चुना गया, वही कोषाधिकारी का दायित्व डॉक्टर विजय गौतम को मिला। कोषाधिकारी के पद के लिए दो दावेदार मैदान में रहे जिसमें डॉक्टर विजय गौतम 21 मत वहीं डॉ. शशांक श्रीवास्तव को 11 मत मिला। नव निर्वाचित सदस्यों को सीएमओ संतोष कुमार चक ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान निर्वाचित सभी चिकित्सकों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस में पहुंचने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जोरदार माल्यार्पण व स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से डॉ. समीर उपाध्याय, डॉ मोहम्मद अनीस, डॉ. आलोक पाण्डेय, नितेश, संतोष, विमल कुमार, आजाद विश्वकर्मा, गयादीन, ओम प्रकाश, राकेश विश्वकर्मा, सुमन पाण्डेय, सुशीला, अभय दुबे समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज, सलाम दुआ में आई तेजी

**गोपीगंज।** नगर में निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष पद और वार्ड सदस्यों का आरक्षण आ चुका है। आरक्षण ने चुनावी सभी रास्ते लगभग साफ कर दिए हैं। निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहिता लागू होने में अभी कुछ समय लग सकते हैं, लेकिन चुनावी तैयारियां और सरगर्मियां अभी से तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशियों ने आरक्षण देखकर अभी से अपने अपने कागजात जुटाने में लग गए है। घर के बिजली पानी हाउस टैक्स का बिल भरने में लग गए हैं। जिसके बाद सरकारी विभागों से नोड्यूज प्राप्त कर रहे हैं। जिससे नामांकन के दौरान कोई परेशानी न हो और भागदौड़ से बच सकें। नगर में निकाय चुनाव जहां पर अपनी पसंद का आरक्षण नही आया है, कई निकायों में अध्यक्ष पद के समीकरण बिगड़ गए हैं तो अधिकांश में सदस्यों के समीकरण बिगड़े हैं। हालांकि वार्ड आरक्षण में कुछ ऐसे भी वार्ड है जो पिछले दो बार से महिला वार्ड रहे है, दुबारा फिर महिला हो जाने से परेशानी हो रही है। वोटबैंक को मजबूत करने के लिए संपर्क साधने लगे है, और आवासों पर जमघट लगनी शुरू हो गई है, अपनी अपनी रणनीती बनाने में लग गए है। वही अपने आदमियों के द्वारा दूसरे प्रत्यासियों की कमजोरी को देखकर उकसाने में लगकर उसकी छवि भी बिगाड़ने का प्रयास करते देखे गए है। अभी से चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड का प्रयोग कर चुनाव जीतने का प्रयास जारी है। इससे साफ है कि नगर की राजनीति से जुड़े लोग अपने सभी कामकाज छोड़कर अब निकाय चुनाव में जुट गए हैं। चाय पान की दुकानों पर चुनावी चचाएं तेज हो गई है। चुनाव टलने से जो दोवा सलाम बंद हो गया था दुबारा चालू हो गया है।

### ओबीटी कम्पनी को मिला उत्कृष्ट निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार



**गोपीगंज।** भदोही के कालीन निर्यातकों ने एक बार फिर राज्य निर्यात पुरस्कार प्राप्त कर जिले का गौरव बढाया है। इस बार भदोही की ओबीटी प्राइववेट लिमिटेड कम्पनी को यूपी में निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2021-22 के उत्कृष्ट निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। 31 मार्च शुक्रवार को लखनऊ के लोक भवन ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कम्पनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेण्ट सुधीर कुमार राय को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# 9.86 लाख की बकाया वसूली के साथ 66 लोगों की बत्ती गुल

**कार्रवाई**

### बिजली चोरी रोकने व बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

### विजलेंस के जांच अभियान से नगर में मचा रहा हड़कम्प

### विजलेंस ने पांच बकायदारों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी

जनसंदेश न्यूज


मशाल रोड पर जांच करते विजलेंस प्रभारी दीपक श्रीवास्तव व अवर अभियंता प्रमोद चौहान

**भदोही।** बिजली चोरी रोकने व बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है। विभाग द्वारा बुधवार को अलग अलग टीमों ने अलग अलग क्षेत्रों में जांच की। इस दौरान कुल 154 उपभोक्ताओं को चेक किया गया। 9.85 लाख की बकाया वसूली की गई। जबकि पैसा जमा करने में आनाकानी करने वाले 66 लोगों की बत्ती गुल कर दी गई। बिजली चोरी करते पकड़े गए पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही कुछ उपभोगताओं का लोड भी बढ़ाया गया।

टाउन फीडर के अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में विजलेंस प्रभारी दीपक श्रीवस्तव व अवर अभियंताआ विजलेंस कुलदीप शर्मा की संयुक्त टीम द्वारा शहर के मशाल रोड, अजीमुल्ला चौराहा, पिपरिस आदि मोहल्ले में जांच की गई। विजलेंस व विद्युत विभाग के संयुक्त जांच में 23 बकायेदारों की लाइन काटा गया। साथ ही 4.45 लाख वसूली के गई। और विद्युत चोरी करते पकड़े गए पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। जांच में विजलेंस उपनिरीक्षक ओम प्रकाश राय, दिवान असद उस्मानी व रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। जिन क्षेत्रों में विजलेंस का जांच अभियान चला उस क्षेत्र के अधिकतर लोगों ने दुकान व मकान का शटर व दरवाजा बंद कर कुछ देर के लिए खिसकने में ही भलाई समझी। इंद्रामिल फीडर के अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में जांच टीम रजपुरा कालोनी, नेशनल तिराहा, गंगापुर व बरइला में चेकिंग में 23 बकायेदारों के लाइन काटने के साथ 2.75 लाख की वसूली की। इसी तरह कार्पेट सिटी फीडर के अवर अभियंता मनोज कुमार की टीम ने शहर के घमहापुर व नुरखानपुर में जांच के दौरान दस बकायदारों के लाइन काटने के साथ ही 55 हजार की बकाया वसूली भी की। नई बाजार फीडर के अवर अभियंता सुजीत पटेल के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने सिधवन व नई बाजार में जांच अभियान चलाया जिसमे दस बकायेदारों की बत्ती गुल करने के साथ ही 2.10 लाख की वसूली भी किया। साथ ही कुछ उपभोगताओं का लोड भी बढ़ाया गया। जांच अभियान से नगर में हड़कंप की स्थित बनी रही।

# विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य सुरेश केशरवानी की दो मंजिला ईमारत कुर्क

**कार्रवाई**

### कुर्क किये गए दो मंजिला भवन की कुल अनुमानित कीमत 2 करोड़ 20 लाख रुपये

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित संगठित अपराध की रीढ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा संगठित पेशेवर अपराधियों के विरूद्ध लगातार कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में कुख्यात गैंगस्टर अभियुक्तों की अवैध सम्पत्ति जब्तीकरण के क्रम में मु.अ.सं. 109/2022 धारा-3(1) उ.प्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम थाना गोपीगंज जनपद भदोही से सम्बंधित चिन्हित सफेदपोश माफिया गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्र गैंग के सक्रिय सदस्य सुरेश केशरवानी पुत्र देवी प्रसाद निवासी नारेपार सीतामढ़ी थाना कोइरौना जनपद भदोही द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। ताकि अपने अवैध धन को वैध रूप दे सके, जिसकी कुल अनुमानित कीमत दो करोड़ बीस लाख रुपए अर्जित किया गया है। आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय की गई, उक्त सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही, गौरांग राठी द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का आदेश पारित किया गया है। सुरेश केशरवानी उपरोक्त वर्ष 2006 से अपराध जगत में सक्रिय रहकर अपराध कारित करता रहा है। गैंग लीडर कुख्यात माफिया विजय मिश्रा का दाहिना हाथ बनकर उसके अवैध कारोबार एवं राजनैतिक कार्यों में सहयोग करता रहा है तथा प्रभाव का प्रयोग कर अवैध धन अर्जित किया है। गैंगलीडर चिन्हित माफिया के विरुद्ध हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

# दूसरी बच्ची के जन्म पर भी महिलाओं को मिलेगा लाभ

**बदलाव**

### अगले हफ्ते खुल जाएगा पीएम मातृ वंदना योजना का पोर्टल

### तीन किस्त की जगह अब दो किस्तों में होगा पूरा भुगतान

**भदोही।** पहली बार मां बनने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली राशि पांच हजार रुपए अब दूसरे जन्मे बच्ची पर भी मिल सकेगी। साथ ही यह राशि अब दो किस्तों में मिलेगी। जबकि पहले यह राशि तीन किस्तों में मिलती थी और पहली बार मां बनने पर ही मिलती थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने एक बैठक में बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना एक जनवरी 2017 से संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत गर्भवती व धात्री माताओं को तीन चरणों में 5000 रुपए की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाती है। अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ दिया जाएगा। हालांकि तकनीकी वजहों से पोर्टल कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है। अगले सप्ताह पोर्टल खुलते ही पात्र महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना एक जनवरी 2017 से संचालित है। जिले में 1 जनवरी 2017 से आज तक 76937 गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है। लेकिन अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ दिया जाएगा। फिलहाल पोर्टल कुछ दिनों के लिए बंद है। उन्होंने अपील की है कि पात्र लोग घबराएं नहीं। अगले सप्ताह से नए लाभार्थी भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### हेल्पलाइन पर संपर्क कर योजना का पाएं लाभ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथम बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन न. 7998799804 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं।

### दस्तावेज आएंगे काम

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक अभय ने बताया कि आवेदन के लिए जरुरी दस्तावेज आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक, आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है। जानकारी हेतु प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आशा व एएनएम से सम्पर्क कर सकते है।

### 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भदोही।** जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम व मादक पदार्थों की बरामदगी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा गत 1 फरवरी की रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग माधोसिंह अण्डर पास पर चेकिंग के दौरान पांच बोरे में कुल 38 बण्डल (वजन 01 कुन्तल 17 किग्रा) नाजायज गांजा, तस्करी में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन कीमती करीब 22 लाख रुपए बरामद किया गया था। उक्त बरामदगी के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा बरामदशुदा गांजा के तस्करी में संलिप्त गांजा तस्करों की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार उक्त निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर गांजा तस्करी में प्रकाश में आए वांछित 25,000 पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय गांजा तस्कर प्रमोद कुमार पुत्र रामराज निवासी हथिगांहा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 43 वर्ष को उसके निवास जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

# एकीकृत चिकित्सा शिक्षा के स्नातक भी सफल चिकित्सक

## आयुर्वेद को जानबूझकर गौण बनाया गया

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव



डॉ. ओपी सिंह, नीमा के पूर्व अध्यक्ष

**खास मुलाकात**

राष्ट्रीय एकीकृत मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) एक भारतीय गैर सरकारी संगठन की सामान्य चिकित्सा है जिसमें आधुनिक चिकित्सा के अध्ययन और ज्ञान शामिल है, चिकित्सा और प्राचीन भारतीय चिकित्सा यानी आयुर्वेद / यूनानी / सिद्ध के वैज्ञानिक एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनआईएमए आधिकारिक तौर पर स्थापित किया गया था।

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) वाराणसी इकाई के पूर्व अध्यक्ष डा.ओपी सिंह ने जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में बताया कि नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन 1948 में स्थापित एक भारतीय गैर-सरकारी संगठन है, एकीकृत चिकित्सा शिक्षा लगभग 75 साल पहले शुरू की गई थी, हालांकि इन पाठ्यक्रमों से निकलने वाले स्नातक इस देश की स्थितियों के लिए बहुत सफल चिकित्सक साबित हुए। फादर ऑफ सर्जरी महर्षि सुश्रुत को कहा गया, लेकिन अंग्रेजों के जमाने में ऋषि सुश्रुत के ग्रंथ का अंग्रेजीकरण होने के बाद आयुर्वेद का विकास नहीं होने दिया गया।

### ऐसे हुई नीमा की स्थापना

डा. ओपी सिंह ने बताया कि पहला बड़ा प्रयास 1947 में नेशनल मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना का था, जिसने जल्द ही देश के उत्तरी राज्यों में अपनी गतिविधियों का प्रसार किया। 1953 के बाद से बॉम्बे, मैसूर और मद्रास आदि राज्यों में एकीकृत चिकित्सकों के अन्य संघ स्थापित किए गए, जिनका नाम बॉम्बे स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (बाद में महाराष्ट्र स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन और गुजरात स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन) इंटीग्रेटेड एसोसिएशन था।

### 11 सौ संगठित शाखाएं

23 राज्यों में 11 सौ संगठित शाखाएं आज नीमा भारतीय चिकित्सा पद्धति के संस्थागत रूप से प्रशिक्षित और योग्य चिकित्सकों का एकमात्र अखिल भारतीय संगठन है, जिन्होंने कम से कम चार वर्षों की अवधि के लिए आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और आधुनिक चिकित्सा का संयुक्त अध्ययन किया है।

### असाध्य रोगों में आयुर्वेद कारगर

आयुर्वेद के प्रति लोगों में बढ़ा रुझान बदलती मौसमी बयार में रोगों में बदलाव तो हुआ तो लोगों ने आयुर्वेद के तत्व को भी समझना शुरू कर दिया। आज असाध्य रोगों के लिए भी लोग आयुर्वेद का सहारा ले रहे हैं।

# गुड फ्राइडे : क्रूस पर लटकाये जायेंगे प्रभु यीशु



**फिर पढ़े जायेंगे क्रूस पर दिए गये यीशु के सात वचन**

**तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठेंगे प्रभु यीशु मसीह**

**सात अप्रैल को मनाया जायेगा गुड फ्राइडे**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी। गुड फ्राइडे या पवित्र शुक्रवार ईसाई धर्म का दूसरा प्रमुख त्योहार है। इस बार यह पर्व 7 अप्रैल 2023 को मनाया जाएगा। गुड फ्राइडे की तिथि का निर्धारण ईस्टर रविवार की तिथि से तय होता है। ईस्टर रविवार से तीन दिन पहले हर साल गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर ईसाई धर्म में वह पवित्र दिन माना जाता है जिस दिन ईसा मसीह मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे थे।**

### पवित्र शुक्रवार को ईसा मसीह को मृत्यु दंड के बाद क्रूस पर लटकाया गया

ईसा मसीह को क्रूस पर क्यों लटकाया गया? इस संदर्भ में कहा जाता है कि, यहूदियों के कट्टरपंथी धर्मगुरुओं को ईसा मसीह की प्रसिद्धि से डर सताने लगा था। इसलिए वो ईसा मसीह के विरोधी हो गये थे। ईसा मसीह खुद को ईश्वर का पुत्र बताते थे लेकिन यहूदी धर्म गुरुओं को ईसा में मसीहा जैसा कुछ नहीं दिखता था। इसलिए उन धर्मगुरुओं को यह बात बहुत खलती थी कि ईसा अपने को ईश्वर का पुत्र कहते हैं। ऐसे धर्म गुरुओं ने उस समय के रोमन गवर्नर पिलातुस से ईसा मसीह की शिकायत की और ईसा को धर्म एवं राष्ट्र के लिए खतरा बताया। कट्टरपंथियों यहूदियों के क्रांति फैलाए जाने के भय से रोमन गवर्नर पिलातुस ने ईसा मसीह को सूली पर लटकाए जाने की सजा सुना दी।

### यीशु के सात वचनों को गुड फ्राइडे के दिन चर्चेज में पढ़ते हैं पादरी

तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे प्रभु यीशु मृत्यु के बाद ईसा मसीह फिर तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे। उन्होंने अपने शिष्यों से मिलकर उन्हें धर्म के प्रचार का संदेश दिया और फिर 40 दिन बाद स्वर्ग चले गए। ईसा मसीह 12 शिष्यों ने ईसा के जाने के बाद ईसा के संदेशों का प्रचार प्रसार किया। ईसा मसीह ने हमेशा सभी के लिए अच्छा ही चाहा। उनके लिए भी नहीं जिन्होंने उन्हें मृत्युदंड और यातनाएं दी। इसलिए उनके अनुयायी उस दिन को गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं जिस दिन उन्हें सूली पर लटकाया गया था। वैसे ईसा को क्रूस पर लटकाए जाने के कारण इसे ब्लैक फ्राइडे भी कहा जाता है। गुड फ्राइडे को सेंट मेरीज महागिरजा घर में क्रूस का रास्ता और आराधना संग नाट्य का मंचन भी किया जाएगा।

### रोमन सैनिकों ने ईसा मसीह पर बरसाए कोड़े

बाइबिल में बताया गया है कि, सजा सुनाए जाने के बाद रोमन सैनिकों ने ईसा मसीह पर कोड़े बरसाए। इन्हें कई तरह की यातनाएं दी गई। उन्हें अपमानित किया गया। अंत में गुड फ्राइडे के दिन इन्हें क्रूस पर टांग दिया गया। कहते हैं इतनी पीड़ा और अपमान सहने पर भी ईसा मसीह विचलित नहीं हुए। उन्होंने अंतिम समय में भी सभी के लिए दुआएं मांगी और सभी के पापों को अपने ऊपर ले लिया। इस दौरान उन्होंने क्रूस पर सात वचन लिए।

# रामछाटपार में बच्चों ने बनायी पेंटिंग

**बाल कला दिवस**

**छोटे-छोटे 75 बच्चों ने की भागीदारी**

**राम छाटपार शिल्प न्यास भारत, महेश नगर कालोनी में आयोजन**





**वाराणसी।** काशी में गंगा के पावन तट पर स्थित राम छाटपार शिल्प न्यास संगीत, कला, साहित्य को समर्पित संस्था में बुधवार को छोटे बच्चों का बाल कला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से पेंटिंग बनायी। छोटे-छोटे नन्हें बच्चों की कलाकृतियों को देख कर हर कोई सम्मोहित था। हर कोई उनकी तारीफ कर रहा था। हर वर्ष बाल कला दिवस राम छाटपार शिल्प न्यास के प्रांगण में यह आयोजन किया जाता है। विगत 5 वर्षों से यह आयोजन शिल्प न्यास में आयोजित हो रहा है। बाल कला दिवस कार्यक्रम में वाराणसी के बाल विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी अद्भुत होती है। शिल्प न्यास का प्रांगण एवं संग्रहालय की इशी गॅलरी पूरी तरह से भर गया था। बच्चे बिल्कुल नवीन तरीके से एवं पूरी तरह से स्वतन्त्र होकर चित्रों की रचना में मगन रहे। जो अपने आप में बहुत ही रोमांचक था। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मदन लाल ने किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद थे। राम छाटपार शिल्पन्यास की स्थापना 1989 में गुरू राम छाटपार (आधुनिक) मूर्तिशिल्पी) की स्मृति में स्थापित है। न्यास के प्रथम अध्यक्ष पद्मश्री स्वर्गीय प्रो शंखो चौधुरी (वरिष्ठ मूर्तिकार) थे। गुरू राम छाटपार के कला में समर्पण की भावना से प्रेरित होकर यह संस्था आधुनिक एवं समकालीन मूर्तिकला क्षेत्र के विकास में नवीन प्रयोगों को लेकर समर्पित है। पिछले 34 वर्ष से राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आयोजित कर ख्याति प्राप्त कर रही है। रेत में आकृति की खोज, कला-शिलपोत्सव, स्थपनोत्सव, मासिक संगीत- पूर्णिमा एवं कला प्रदर्शिनी आदि पूरे वर्ष में 30 कार्यक्रमों को राम छाटपार शिल्पन्यास द्वारा आयोजित करने का श्रेय प्राप्त है।

# सौरभ ने किया पक्के घाट का शिलान्यास

**आगाज**

**सामनेघाट में 12.24 करोड़ की लागत से बनेगा 110 मीटर पक्का घाट**



विधायक सौरभ ने किया शिलान्यास

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बुधवार को पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत 12.24 करोड़ की लागत से बनने वाले 110 मीटर लंबे पक्के घाट का शिलान्यास किया। विधायक ने सामनेघाट में पक्का घाट बनवाने के लिए प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का हृदय से आभार ज्ञापित किया। विधायक ने कहा कि ₹प्रतिवर्ष छठ पूजा के दौरान हजारों लोगों की भीड़ सामनेघाट पर पूजा-अर्चना करती है। अन्य त्योहारों पर भी घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ती है। पक्के घाट के अभाव में लोग अक्सर गिर जाते थे, उन्हें गंभीर चोट लग जाती थी। मैने प्रदेश के पर्यटन मंत्री से जज गेस्ट हाउस के सामने एक पक्का घाट बनवाने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर अपने विभाग को निर्देशित कर दिया। पर्यटन मंत्री काशी के प्रभारी मंत्री भी हैं। बहुत कम समय में उन्होंने काशी का चप्पा-चप्पा छान लिया है। वह काशी की आवश्यकताओं को समझते हैं और उसी अनुरूप सही निर्णय लेते हैं। विधायक ने यह भी कहा कि इस घाट का नाम 'छठी मईया घाट' या 'छठ घाट' रखने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे। विधायक ने शिलान्यास का पूजन व्यास राकेश चंद्र पांडेय से कराया। भाजपा किसान मोर्चा के महानगर महामंत्री और भगवानपुर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अमित सिंह 'चिंटू' ने नारियल फोड़ पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, भाजपा स्वच्छता विभाग के महानगर सह संयोजक राजकुमार सिंह, महानगर कार्यसमिति सदस्य रितेश राय, महामना मंडल मंत्री द्वय अनूप यादव व पवन सिंह, बूथ अध्यक्ष अभय द्विवेदी, राजगृही सिंह, चंदन राय आदि कार्यकर्ताओं के साथ कपिलदेव पांडेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, गोपाल जालान, अवधेश गिरी, जगदीश तिवारी, कृष्णानंद चतुर्वेदी, अनिल मिश्रा, राजेंद्र श्रीवास्तव और जगदीश त्रिपाठी आदि रहे।

# गेहूं क्रय केंद्रों को अन्नदाताओं का इंतजार

**बोहनी नहीं**

**विभिन्न समितियों पर पूरी तैयारी का दावा, गिने-चुने किसानों ने लिए टोकन**



**वाराणसी।** जनपद के सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीदने की लिए सभी स्तर पर तैयार कर लिये जाने का दावा है। सहकारी साधन समितियों को खरीद के लक्ष्य भी दे दिये गये हैं। शासन के निर्देश पर आगामी 15 जून तक गेहूं की खरीद चलेगी। वर्तमान में गेहूं की कटाई और मड़ाई जारी है। उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य समाप्त होने के बाद क्रय केंद्रों पर अन्नदाताओं की आमद शुरु हो जाएगी। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार बाबतपुर स्थित सहकारी समिति के सचिव आशुतोष सिंह ने बताया कि अबकी 8.50 हजार कुं. का टार्गेट मिला है लेकिन अबतक किसी भी किसान ने नंबर नहीं लगाया है। फूलपुर स्थित समिति के सचिव इंदु प्रताप सिंह ने भी इतने की लक्ष्य की जानकारी दी। यहां भी अभी कोई अन्नदाता गेहूं बेचने नहीं पहुंचा है। समिति पर गजोखर के जितेंद्र राय व साहब दयाल मिश्र एवं मानी गांव के महेश्वरी सिंह ने अपनी उपज बेचने के लिए नंबर लगाया है।

दानगंज प्रतिनिधि के मताबिक चोलापुर स्थित समिति के क्रय पर तीन कृषकों ने टोकन लिया है। यहां किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्था अबतक नहीं हो सकी है। सचिव ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण ऐसा हुआ। जल्द ही जरूरी इंतजाम कर लिए जाएंगे।

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार नरायनपुर एवं जाल्हूपुर स्थित क्रय केंद्र पर बोरा व अन्य सामग्री उपलब्ध है लेकिन यहां अभी खरीद आरंभ नहीं हुई है। जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक सेवापुरी ब्लॉक के लेढ़ुवाई, कपसेठी, तक्खू बावली और भटवली में क्रय केंद्र स्थापित हैं। कपसेठी सेंटर के प्रभारी दयाशंकर ने बताया गेहूं की खरीद अभी शुरु नहीं हुई है।

# भिखारीपुर से आज निकलेगी हनुमान ध्वजा यात्रा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शिव की नगरी काशी में यूं तो सभी देवी देवताओं का वास है इन्हीं देवी देवताओं में एक कष्टों को हरने वाले राम भक्त हनुमान भी यहां विराजते हैं हनुमान जन्मोत्सव पर हर वर्ष काशी के विभिन्न जगहों से ध्वजायात्रा निकाली जाती है, लेकिन इस ध्वजा यात्रा में सबसे खास ध्वजायात्रा भिखारीपुर तिराहे से निकलने वाला श्री हनुमत सेवा समिति की होती है। हनुमान जयंती पर यह ध्वजा यात्रा गुरुवार 6 अप्रैल को प्रातःकाल सात बजे निकाली जायेगी। हनुमान ध्वजा यात्रा भिखारीपुर तिराहे से होकर सुंदरपुर, नरिया, लंका होती हुई संकटमोचन मंदिर पहुंचेगी जहां पर संकटमोचन हनुमान को ध्वजा अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम संयोजक रामबलि मौर्य बताते हैं कि शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु नंगे पैर पहुंचते हैं। नंगे पांव हाथों में ध्वज और जुबां पर ₹जय श्री राम₹ का नाम संग हनुमान दरबार पहुंचकर अपने ध्वजा को हनुमान लला के श्री चरणों में अर्पित कर पुनः इस ध्वजा को अपने घरों पर लगाकर शुभता की कामना करते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार के साथ ही काशी के पड़ोसी जिलों के ग्रामीण परिवेश की

**हजारों लेंगे भाग**

**दर्जनों आकर्षक झांकियां रहेंगी**

महिलाएं इस ध्वजा यात्रा की सबसे मुख्य आकर्षण होती है जिनकी श्रद्धा नमन योग्य होता है। शोभायात्रा में सबसे आगे मुख्य ध्वज रहेगा जिसकी लंबाई 75 फिट होगी, जो इस वर्ष का विशेष आकर्षण होगा। वही 70 फीट लंबे रथ पर सजता है राम दरबार की झांकी, मुख्य अपने आकार और सजावट के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। शोभायात्रा में दर्जनों झांकियां और कीर्तन मण्डलियां शामिल रहेगी।

### धर्मसंघ में बालाजी के हवन के साथ आज होगा धर्मशास्त्र का वितरण

वाराणसी। हनुमान प्राकट्य दिवस पर 6 अप्रैल को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ परिसर में स्थापित मेहंदीपुर बालाजी का सवामणी हवन भोग के साथ धर्मशास्त्र व धर्मशास्त्र का वितरण होगा। धर्मसंघ के महामंत्री जगजीतन पाण्डेय ने बताया गुरूवार को श्रीहनुमान प्राकट्य के अवसर धर्मसंघ में स्थापित मेहंदीपुर बाला जी का विशेष श्रृंगार व पूजन व सवामणी हवन व भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही1008 हनुमान भक्तों को धर्मशास्त्र व धर्मशस्त्र का वितरण किया जाएगा। बताया कि धर्मसम्राठ स्वामी श्री करपात्री जी महाराज द्वारा स्थापित धर्मसंघ शिक्षा मण्डल में बने मेहंदीपुर बालाजी हनुमान के साथ श्री भैरवबाबा व प्रेतराज सरकार के मूल विग्रह के पाषाण कृतियों का वैदिक रीति से किया जाएगा। पूजन के बाद हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री हनुमान चरित्र का सजीव मंचन किया जायेगा। समिति के आचार्य महेश चन्द्र मिश्र के संयोजन में बालाजी का दरबार लगाया जाएगा।

## संकटमोचन मंदिर में अर्पित की गई ध्वजा

**वाराणसी।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी बुधवार को प्रातःकाल धर्मसंघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि रमेश कुमार चौधरी मंटू जालान, कौशल शर्मा, सुरेश तुलस्यान महेश चौधरी, अरविंद जैन मनीष गिनोडिया विश्वनाथ पोद्दार ने हनुमान जी की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्र पुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे हनुमान ध्वजा लिए चल रहे थे। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे बोल थे। ध्वजा यात्रा मंदिर पहुंचकर प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण की। तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ प्रभु की आरती उतारी प्रसाद का भोग लगा, भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में अध्यक्ष कौशल शर्मा अरविंद जैन मनीष गिनोडिया विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान गोकुल शर्मा मनीष मरोलिया विकास अग्रवाल वेदमूर्ति शास्त्री आदि लोग शामिल थे।

# ट्रंप की कोर्ट में पेशी का क्या है संकेत

## पूर्व राष्ट्रपति ने आरोपों को मानने से किया इनकार

## अगले चुनाव को लेकर दिख रही है दोनों खेमे में पेशबंदी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ़्तारी के बाद कोर्ट में उनकी पेशी जितनी ऐतिहासिक थी उतनी ही नाटकीय भी। लेकिन लगता है कि जिन आपराधिक आरोपों का वह सामना कर रहे हैं, उससे लोगों के विचार नहीं बदलने जा रहे। महज दो सप्ताह पहले, ट्रंप ने अनुमान लगाया था कि न्यूयॉर्क सिटी में उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। ट्रंप समेत जब हर कोई सजा के इंतजार में था, तब तरह तरह की अफवाहें उड़ रही थीं। हालांकि, उनके खिलाफ जब आरोप लगाए गए उसके बारे में लगभग हर किसी पहले से जानकारी हो चुकी थी। एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए किए गए भुगतान को लेकर उन पर 34 गंभीर आरोप लगाये गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोर्टरूम में क्या हुआ और अब आगे क्या होगा? हालांकि उन पर आपराधिक साज़िश के आरोप नहीं लगे। ग्रैंड ज्यूरी की ओर से ऐसा कोई नया अपराध आरोपित नहीं किया गया है जो किसी से छुपा हो। यह कोई मुश्किल मामला नहीं था। मंगलवार सुबह जब ट्रंप मैनहैटन में जागे तब तक स्थिति काफी साफ हो चुकी थी।

### डेमोक्रेट्स ने चुप्पी रखी है साध

भले ही कुछ सबूत इस ओर की इशारा करते हैं कि पैसे का भुगतान चुनाव को प्रभावित करने के पैटर्न का हिस्सा है, जैसा कि अभियोजन पक्ष का दावा है, तब भी ये मामला हमारे लिए नया था। इससे पता चलता है कि जैसे जैसे ट्रायल आगे बढ़ेगा, पिछले कुछ दिनों से संघर्ष की जो स्थिति बन रही थी, वो होती जाएगी। ट्रंप ने जब पहली बार सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन पर आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं, तभी से रिपब्लिकन पार्टी के नेता उनके बचाव में मजबूती से खड़े हैं अब ऐसा लगता है कि इस मामले में वह एकजुट बने रहेंगे। यहां तक कि यूटा के सीनेटर मिट रोमनी ने एक बयान जारी कर कहा, मिस्टर ब्रैग (जज) राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए ही मामले को खींच कर गंभीर अपराध के आरोप तक ले गए। उन्होंने कहा, अभियोजकों का हद पार करना, राजनीतिक विपक्षियों को अपराधी ठहराने की एक खतरनाक मिसाल है अब हमारे न्यायिक तंत्र पर जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाने वाला है। लेकिन दिलचस्प है कि इस समय डेमोक्रेट चुप हैं अब राष्ट्रपति जब बाइडेन का इशारा पाकर इस मुकदमे के बारे में शांत हैं। मुकदमे की इस कार्यवाही पर वे चुप रहना ही चाहेंगे क्योंकि उनके उलझने से पूर्व राष्ट्रपति के राजनीतिक भविष्य का नुकसान पहुंचने की बजाए रिपब्लिकन पार्टी की अपनी लामबंदी मजबूत करने का मौका मिल जाएगा।

### आखिर क्या चाहते हैं ट्रंप

अदालत के कमरे में ट्रंप के चेहरे पर कोई भाव नहीं था। वहां उन्होंने अपने ऊपर लगाए आरोपों से इनकार किया। लेकिन उनकी सोशल मीडिया वेबसाइट अब पूरे दिन चंदा इकट्ठा करने की अपील से ऐसा लगता है कि वह इस घटना का अपने पक्ष में इस्तेमाल करना चाहते हैं। यही नहीं, उन्होंने लगातार जज मिस्ट ब्रैग अब न्यूयॉर्क सिटी के अभियोजकों की टीम के खिलाफ निशाना साधा। इसी की वजह से पीठासीन जज जुआन मर्चैन का आगे से उकसाऊ बयान देने को लेकर ट्रंप को चेतावनी तक देनी पड़ी। ट्रंप ने मर्चैन की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए अ■ए मुकदमे को मैनहैटन से ट्रांसफर कर स्टैटन आईलैंड भेजने की अपील की, जहां ज्यूरी में ट्रंप समर्थक अधिक हो सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि उनके वकील मुकदमे की सुनवाई से पहले ही आरोपों को खारिज कर देने की याचिका दायर करने वाले हैं। भले ही ट्रंप इस मुकदमे को बेहद कमजोर कहते हुए खारिज कर रहे हैं लेकिन उनकी कानूनी टीम की मुसीबत का अंत सिर्फ न्यूयॉर्क में ही नहीं है। एक संघीय विशेष जांच अब जॉर्जिया डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ट्रंप के इस मामले में अपनी स्वतंत्र जांच भी कर रहे हैं अब वह अलग से आरोप लगा सकते हैं। अब इस तरह जज ब्रैग पर इतिहास बनाने के भार को साझा सकते हैं।

### बाइडेन अमेरिका को ट्रंप से आगे कैसे ले जाएंगे

अमेरिका राष्ट्रीय स्तर पर हाई प्रोफाइल कानूनी मामले का ड्रामा देख चुका है। अब अमेरिकी जनता के सामने दोनों पक्ष हैं, साथ में भविष्य में भी बहुत कुछ छिपा है। आने वाले समय में कानूनी लड़ाई अब तीखी होगी जब एक तरफ कोर्ट में सुनवाई शुरू होगी। अब चुनावी अभियान भी तेज होंगे । अमेरिका के सबसे उथल पुथल वाले इस मामले में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का अपना रास्ता बनाना है। संभवतया, अमेरिका के पहले रियलिटी शो वाले राष्ट्रपति रहे ट्रंप के लिए ऐसे अभूतपूर्व घटनाक्रम कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होनी चाहिए क्योंकि ट्रंप ने पिछले आठ सालों से सारी राजनीतिक परम्पराओं में शिष्टाचार को तिलांजलि देने की आदत बना रखी है। जज मर्चैन ने ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट में टेलीविजन कैमरा के जरिए वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था ताकि कोर्ट का मामला सर्कस जैसा न बना जाए, जैसी आशंका थी। लेकिन कोर्ट के बाहर मीडिया के सामने ट्रंप के समर्थकों और विरोधियों के बीच जिस तरह की नारेबाजी और प्रदर्शन चल रहे थे, आखिरकार वे सर्कस से कम नहीं थे।